
YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-47 | सोमवार, 17 मार्च 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



जब 27 जनवरी 2020 को बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन (डीटीआर) शांति समझौता हुआ था, तब कांग्रेस ने इसका मजाक उड़ाया था, लेकिन आज यह समझौता क्षेत्र में स्थायी शांति का आधार बन चुका है। **अमित शाह**

दुनिया के सामने नई चुनौतियों के चलते ही कई देशों में शासन का पतन हुआ : आर्मी चीफ 11

इस वर्ष 175 दिन की होगी बाबा केदारनाथ की यात्रा 12

## संक्षेप

### पाकिस्तानी सेना पर बलूच आर्मी का फिदायीन हमला, सात मरे

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान प्रांत में कुछ दिन पहले हुए ट्रेन हाईजैक की सनसनीखेज घटना सामने आई थी। अब रविवार को विद्रोहियों ने सैन्य काफिले पर भीषण हमला कर दिया। विस्फोट से लदी कार से हमलावर ने सैन्य काफिले को टक्कर मार दी। इससे भयावह विस्फोट हो गया। इस भीषण आतंकी हमले में कम से कम सात की मौत की पुष्टि हुई है। उधर, विद्रोही गुट बीएलए ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए 90 सुरक्षाकर्मियों को मार गिराने का दावा किया है। पाकिस्तानी चैनल ट्रिब्यून पीके डॉट कॉम के मुताबिक, नेशनल हाईवे ग-40 पर हुए इस आत्मघाती हमले में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, बस नुष्की से तफ्तान जा रही थी, जब इसे निशाना बनाया गया। घायलों को तुरंत नुष्की अस्पताल ले जाया गया, जहां तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने एएफपी को बताया, सुरक्षा बलों के काफिले में सात बसें और दो वाहन शामिल थे। रास्ते में एक बस को आईईडी से लदी गाड़ी ने टक्कर मारी, जिससे जबरदस्त विस्फोट हुआ। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह आत्मघाती हमला था। वहीं, दूसरी बस को रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड से निशाना बनाया गया।

### भारत का प्रमुख कूटनीतिक सम्मेलन रायसीना संवाद 17-19 मार्च को

**नयी दिल्ली।** भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत के प्रमुख कूटनीतिक सम्मेलन रायसीना संवाद 17-19 मार्च के बीच होगा जिसमें न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के अलावा कम से कम 20 देशों के विदेश मंत्री शिरकत करेंगे। रायसीना संवाद के 10वां संस्करण का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 मार्च को करेंगे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन, मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे और मुख्य उद्बोधन देंगे। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों पर चर्चा एवं आगे का मार्ग खोजने के लिए प्रतिबद्ध दसवें रायसीना संवाद में मंत्रियों, पूर्व राष्ट्राध्यक्षों और सरकार के प्रमुखों, सैन्य कमांडरों, उद्योग के कप्तानों, प्रौद्योगिकी नेताओं, शिक्षाविदों, पत्रकारों, रणनीतिक मामलों के विद्वानों, अग्रणी थिंक टैंक और युवाओं के विशेषज्ञों सहित लगभग 125 देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी। वर्ष 2025 के संस्करण का विषय ''कालचक्र - लोग, शांति और पृथ्वी'' है। तीन दिनों के दौरान, निर्णय निर्माता और दुनिया के विचार नेता छह विषयगत स्तंभों पर विभिन्न प्रारूपों में बातचीत में एक-दूसरे को संलग्न करेंगे, राजनीति की बाधाएंः रेत हटाना और ज्वार को बढ़ाना, ग्रीन ट्रायलेमा को हल करनाः कौन, कहां, और कैसे, डिजिटल पृथ्वी : एजेंट, एजेंसियां और अनुपस्थिति, मिलिटेंट मर्केंटिलिज्मः व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला और विनिमय दर की लत, टाइगर की तरह फुर्तीली नई योजना।

### योगी सरकार आठ साल बेमिसाल : योगी सरकार की पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर किये २२२ दुर्दांत अपराधी, 8,118 हुए घायल

# पुलिसिंग बनी मॉडल, माफिया, अपराधियों पर कसा कानूनी शिकंजा

**कैनविज टाइम्स ब्यरो**

लखनऊ। वह उत्तर प्रदेश जिसे कभी देश में अपराधियों के आतंक, दंगों और जघन्य अपराधों के लिए जाना जाता था, आज उसी उत्तर प्रदेश की सूरत और सीरत दोनों ही पूरी तरह से बदल गयी है। आज देश ही नहीं दुनिया भर में उत्तर प्रदेश मजबूत कानून व्यवस्था और प्रदेश में स्थापित कानून के राज के लिए जाना जाता है। जिन प्रदेशवासियों को कभी प्रदेश में कानून का राज स्थापित होने की बात असंभव लगती थी, उसी प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले आठ वर्षों में अपनी जीरो टॉलरेंस नीति से असंभव को संभव करके दिखाया है, जिसका डंका आज पूरी दुनिया में बज रहा है। आज हर प्रदेशवासी, बेटी, व्यापारी खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं क्योंकि उन्हे पता है कि अगर उनके साथ किसी ने बदसलूकी की तो प्रदेश के मुखिया उसे छोड़ेंगे नहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में प्रदेश की कमान संभालते ही जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाते हुए दुर्दांत अपराध, माफिया के खिलाफ ऐसी जंग छेड़ी की, आज प्रदेश से माफिया और अपराधी पलायन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी पुलिस ने पिछले आठ वर्षों में 222 दुर्दांत अपराधियों के मुठभेड़ में मार गिराया जबकि 8,118 अपराधी घायल हुए हैं। इसमें 20,221 इनामी अपराधी भी शामिल हैं। वहीं अब तक 79,984 अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई, जबकि 930 अपराधियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत सख्त कदम उठाए गए हैं। योगी सरकार ने अवैध रूप से अर्जित बेनामी संपत्तियों को चिन्हित कर माफिया अपराधियों से मुक्त कराया और 142 अरब 46 करोड़ 18 लाख से अधिक की संपत्तियों को जब्त व ध्वस्त किया।

- 20,221 इनामी बदमाशों को किया गया गिरफ्तार, 79,984 पर हुई गैंगस्टर की कार्यवाही
- 930 के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई के साथ 142 अरब से अधिक की संपत्ति को किया गया जब्त
- एसटीएफ ने वर्ष 2017 से अब तक 653 जघन्य अपराध घटित होने से पहले ही रोके
- एटीएस ने 2017 से अब तक 130 आतंकवादियों और 171 रोहिंग्या/बांग्लादेशी अपराधियों और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि वर्ष 2017 से दिसंबर 2024 तक चिन्हित 68



माफिया अपराधियों के लंबित मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर 73 अभियोगों में 31 माफिया और 74 सह अपराधियों को अलग-अलग अभियोगों में आजीवन कारावास/कारावास व अर्थदंड की सजा दिलाई गई। इनमें से दो अपराधियों को फांसी की सजा भी सुनाई गई है। प्रदेश में 68 चिन्हित माफियाओं और उनके गैंग के 1,408 सहयोगियों के विरुद्ध 795 अभियोग पंजीकृत किए गए, जिनमें से 617 की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसके अलावा, 359 अपराधियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए गए और 18 अपराधियों के खिलाफ एनएसए के तहत कार्यवाही की गई। गैंगस्टर अधिनियम के तहत 752 अपराधियों को दंडित किया गया, जबकि 4,076 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की गई। महिलाओं और नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों पर भी योगी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। अब तक 27,425 अभियोगों, पॉक्सो अधिनियम के 11,254 अभियोगों और दहेज हत्या के 3,775 मामलों में दोषियों को सजा दिलाई गई है। डीजीपी ने बताया कि योगी सरकार द्वारा अपराधियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के तहत जुलाई 2023 से दिसंबर 2024 तक ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 51 अभियुक्तों को मृत्युदंड, 6,287 अपराधियों को आजीवन कारावास, 1,091 अपराधियों को 20 वर्ष से अधिक की सजा, 3,868 अपराधियों को 10 से 19 वर्ष तक की सजा और 5,788 अभियुक्तों को 5 वर्ष से कम की सजा दिलाई गई। योगी सरकार ने चार स्तरीय एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन कर 66,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। 142 भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) द्वारा वर्ष 2017 से अब तक 653 जघन्य अपराध घटित होने से पहले ही रोके गए। वहीं, एटीएस ने 2017 से अब तक 130 आतंकवादियों और 171 रोहिंग्या/बांग्लादेशी अपराधियों और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। योगी सरकार की पुलिसिंग न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि पूरे देश में एक मॉडल के रूप में उभर रही है। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की ● शेष पेज 11 पर

### गोधरा-गुजरात दंगे पर पॉडकास्ट में बोले मोदी


# 'लोगों को जिंदा जला दिया, हमें सजा दिलाने की कोशिश हुई'

**एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लेक्स फ्रीडमैन के साथ पॉडकास्ट में 2002 के दंगों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि 2002 में गुजरात दंगों के 12-15 महीने पहले का चित्र मैं पेश करना चाहूंगा, ताकि आपको उस स्थिति के बारे में अंदाजा लग सके। पीएम मोदी ने कहा, '24 दिसंबर 1999 यानी तीन साल पहले की घटना है जब काठमांडू से दिल्ली के लिए फ्लाइट आ रही थी। उसे हाईजैक करके अफगानिस्तान के कंधार ले जाया गया। सैकड़ों भारतीयों को बंधक बना लिया था। साल 2000 में नई दिल्ली में लाल किले के अंदर आतंकी हमला हुआ। 11 सितंबर 2001 को अमेरिका में ट्वीन टावर्स पर बहुत बड़ा आतंकी हमला हुआ। इसने दुनिया भर को चिंतित कर दिया। ये सब करने वाले एक ही प्रकार के लोग थे। अक्टूबर 2001 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा पर आतंकी हमला हुआ। 13 दिसंबर 2001 को भारत की संसद पर आतंकी हमला हुआ। इस तरह वैश्विक स्तर पर आतंकी घटनाएं हुईं, जिससे अशांति के लिए स्थिति पैदा हो गई थी।'

पीएम मोदी ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को अचानक मुख्यमंत्री बनने का दायित्व मेरे सिर पर आ गया। उस समय गुजरात में बहुत बड़ा भूकंप आया था। हजारों लोग मारे गए थे। मुझे बड़े पैमाने पर लोगों के लिए व्यवस्था करनी थी। मैंने पहले ही दिन से इसके लिए काम शुरू किया। उन्होंने कहा, '27 फरवरी 2002 को मेरी सरकार बजट पेश करने वाली थी, तभी हमें गोधरा ट्रेन हादसे की सूचना मिली। यह बहुत गंभीर घटना थी। लोगों को जिंदा जला दिया गया। आप कल्पना कर सकते हैं कि पिछली सभी घटनाओं के बाद स्थिति कैसी रही होगी। 2002 से पहले राज्य में 250 से ज्यादा बड़े दंगे हुए थे।'

नरेंद्र मोदी ने कहा कि 1969 के दंगे 6 महीने तक चले थे। तब तो हम दुनिया के मानचित्र में कहीं थे ही नहीं। उन्होंने कहा, 'उस समय विपक्ष सत्ता में था और उन्होंने हमारे खिलाफ इन झूठे मामलों में हमें सजा दिलाने की पूरी कोशिश की। उनके प्रयासों के बावजूद, न्यायपालिका ने पूरे घटनाक्रम का विस्तार से विश्लेषण किया। यह 2-2 बार हुआ और पूरी तरह निर्दोष रहा। आरोपियों को सजा मिल चुकी है। सबसे बड़ी बात है कि 2002 से पहले गुजरात में लगातार दंगे होते रहे, लेकिन 2002 के बाद कोई बड़ी घटना नहीं हुई।'



### स्वामी विवेकानंद ने जो सिखाया, संघ भी वही सिखाता है

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लेक्स फ्रीडमैन के साथ पॉडकास्ट में आरएसएस से अपने जुड़ाव के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मैंने आरएसएस जैसे प्रतिष्ठित संगठन से जीवन का सार और मूल्य सीखा। मुझे उद्देश्यपूर्ण जीवन मिला।' उन्होंने कहा कि बचपन में आरएसएस की सभाओं में जाना हमेशा अच्छा लगता था। मेरे मन में हमेशा एक ही लक्ष्य रहता था, देश के काम आना। यही संघ ने मुझे सिखाया। आरएसएस इस साल 100 साल पूरे कर रहा है। आरएसएस से बड़ा कोई स्वयंसेवी संघ दुनिया में नहीं है। पीएम मोदी ने कहा, 'आरएसएस को समझना आसान काम नहीं है। इसके कामकाज ● शेष पेज 11 पर

# मुंबई आतंकी हमला :मास्टरमाइंड सईद के सहयोगी की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के मुख्य कमांडर और 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के करीबी सहयोगी अबू कताल और उसके सुरक्षाकर्मी की अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गयी। 'द न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार अबू कताल, जिसका असली नाम जिया उर रहमान था, मंगला-झेलम रोड पर बंदूक से



उस समय हमला हुआ जब वह अपनी काली जीप में यात्रा कर रहा था। अबू कताल और उसके सुरक्षाकर्मी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि हमलावर मोटरसाइकिल पर सवार थे और उन्होंने जीप पर गोलियां चलाईं। सूत्रों का कहना है कि हमले के तुरंत बाद एक संदिग्ध हमलावर को पकड़ लिया गया था, लेकिन फिलहाल गिरफ्तारी की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 'जियो टीवी' की रिपोर्ट के अनुसार झेलम जिले के पुलिस अधिकारी तारिक अजीज संधो टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे। सूत्रों ने दावा किया कि लश्कर के सबसे कुख्यात आतंकवादी अबू क़ताल को जम्मू-कश्मीर में कई हमलों की योजना बनाने और उनका नेतृत्व करने के लिए जाना जाता है। जिसमें नौ जून, 2024 को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिव खोरी मंदिर से वापस आ रहे तीर्थयात्रियों की बस पर घात लगाकर हमला भी शामिल है। सईद ने ही कथित तौर पर ● शेष पेज 11 पर

## धामी सरकार के मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का इस्तीफा, रो पड़े

देहरादून। उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इससे सूबे में सियासी माहौल गरमा गया है। प्रेमचंद अग्रवाल ने आनन-फानन में प्रेस कान्फ्रेंस बुलाई और अपने इस्तीफ़े का ऐलान कर दिया। इस दौरान वह भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि आज उस शख्स को टारगेट किया जा रहा है जिसने उत्तराखंड के लिए योगदान दिया। राज्य के लिए हुए आंदोलन में लाठियां खाईं। हाल में विधानसभा में बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट की उन्हें लेकर की गई टिप्पणी पर संसदीय कार्य मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल आक्रोशित हो गए थे। उन्होंने कहा था कि क्या हमने इसी दिन के लिए आंदोलन कर उत्तराखंड मांगा था कि पहाड़ी और देसी को लेकर टिप्पणियां की जाएं। इस दौरान उनके मुंह से एक अपशब्द भी निकल ● शेष पेज 11 पर

# आज से पूरे राज्य में 6500 क्रय केंद्रों से होगी गेहूं की खरीद

**कैनविज टाइम्स ब्यरो**

लखनऊ। यूपी सरकार सोमवार से पूरे राज्य में गेहूं खरीद करने जा रही है। किसानों से इस बार 2425 रुपये प्रति कुंतल के हिसाब से गेहूं खरीदा जाएगा। पिछली बार के मुकाबले इस बार किसानों को प्रति कुंतल 150 रुपये ज्यादा मिलेंगे। राज्य में बने 6500 क्रय केंद्रों से यह खरीद होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कर दिए जाएं। सीएम ने जोर दिया है कि क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों के लिए भी समुचित व्यवस्था की जाए। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। मोबाइल केंद्र के माध्यम से किसानों के गांवों में जाकर भी खरीद होगी।

- केंद्र सरकार ने इस बार तय किया है 2425 रुपये प्रति कुंतल समर्थन मूल्य अब तक 2.65 लाख किसानों ने करा लिया है पंजीकरण
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान करने के दिए निर्देश

गेहूं की बिक्री के लिए प्रदेश के 2.65 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। गेहूं की बिक्री के लिए किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल या विभाग के मोबाइल ऐप पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। विभाग ने किसानों से अनुरोध किया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफकर ● शेष पेज 11 पर

# मीडिया की भूमिका और प्रासंगिकता को कम नहीं किया जा सकता : सीएम

- कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने मीडिया के जरिये अपने करियर को आगे बढ़ाया
- लोकतंत्र की पहली शर्त संवाद है, इसे प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में मीडिया है सशक्त माध्यम

**एजेंसी**

गोरखपुर)। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया को मान्यता दी गयी है। मीडिया ही लोकतंत्र के प्रति सजग प्रहरी के रूप में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित कर अन्य तीन स्तंभों को किसी न किसी रूप में झकझोरती है। किन्ही कारणों से छूटे हुए मुद्दों को सही तथ्यों के साथ प्रस्तुत कर जन सरोकार से जोड़ती है। मीडिया की भूमिका पूरी दुनिया में समय-समय पर अलग-अलग रूप में देखने को मिली है। गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश का केंद्र बिंदु है। ऐसे में गोरखुपर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब की भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यहां नई कार्यकारिणी का निर्णय आस-पास के जनपदों और संस्थानों पर पड़ेगा। इसे ध्यान में रखकर नई कार्यकारिणी को जन सरोकारों से जुड़ करके संवेदनशील बनना होगा तभी नई कार्यकारिणी की भूमिका महत्वपूर्ण और प्रासंगिक होगी।





ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर में आयोजित गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में कही। कार्यक्रम के दौरान महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपे और बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में कई ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं, जिन्होंने अपने करियर को मीडिया के जरिये आगे बढ़ाने का काम किया था। देश के स्वाधीनता आंदोलन में उन्होंने पत्रकारिता के रूप में अपनी अहम भूमिका निभायी थी। इसमें सबसे पहला नाम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आता है, उन्होंने अपनी लेखनी से समाचार पत्रों को प्रोत्साहित किया था। ● शेष पेज 11 पर

रंगों के पर्व होली की जिले के सभी सम्मानित नागरिकों गैस उपभोक्ताओं जनप्रतिनिधियों और सम्मानित अधिकारियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं



आकांश सिंह
मंगलम गैस प्रतिष्ठान
आवास विकास कॉलोनी कच्चे बाबा मार्ग, जनपद गोंडा
मोबाइल :9811038110 / 6391110110

# घर में घुसकर हमला, दबंगों की फायरिंग से दहशत, पुलिस की चुप्पी पर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र के न्यू फरीदीपुर में दबंगों ने कानून-व्यवस्था को धत्ता बताते हुए खुलेआम आतंक मचाया। 9 नंबर निवासी हड्डी और उसके साथियों ने सानू नामक युवक के घर पर हमला कर जमकर ईंट-पत्थर बरसाए और 4 राउंड फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। इस हमले में पीड़ित परिवार गंभीर रूप से डर गया और अपने घर से भागने पर मजबूर हो गया।



पीड़ित सानू के पिता के अनुसार, घटना 15 मार्च की रात करीब 10 बजे की है। सानू अपनी मोटरसाइकिल से मॉडर्न स्कूल के पास से गुजर रहा था, तभी कुछ अज्ञात लोग शराब के नशे में सड़क पर नाच-गाना कर रहे थे। जब सानू ने उनसे रास्ता मांगा, तो दबंगों ने उसे बेरहमी से पीटा। इसके बाद, आरोपियों ने उल्टा ठाकुरगंज कोतवाली क्षेत्र की भूहर चौकी में जाकर सानू के खिलाफ तहरीर दे दी। पुलिस ने बिना जांच किए ही पीड़ित सानू को थाने आने को कहा, लेकिन इससे पहले ही 20-25 हथियारबंद लोग डंडे, पत्थर और ईंटों के साथ सानू के घर पर हमला करने आ धमके। दबंगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ मचाई, घरवालों को पीटा और चार से पांच राउंड फायरिंग की, जिससे पूरे मोहल्ले में भगदड़ मच गई।

पुलिस की भूमिका पर सवाल : घटना



की सूचना मिलने के बावजूद दुबग्गा पुलिस ने चुप्पी साध ली। पीड़ित परिवार ने कई बार थाना प्रभारी के सीयूजी नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। सवाल यह उठता है कि क्या पुलिस की निष्क्रियता ने अपराधियों को बेखौफ बना दिया है। सोशल मीडिया पर हंगामा मचने के बाद पुलिस ने आनन-फानन में मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी, लेकिन अंधेरे का बहाना बनाकर गोली के खोखे बरामद नहीं होने की बात कही। जबकि स्थानीय लोग लगातार फायरिंग की पुष्टि कर रहे हैं। इस पूरी घटना में सबसे बड़ा सवाल यह है कि पुलिस किसका साथ दे रही है—पीड़ितों का या आरोपियों का? फायरिंग के बावजूद आरोपियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? पुलिस की यह लापरवाही लखनऊ में कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। क्या प्रशासन अब भी कोई ठोस कदम उठाएगा, या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा?

### न्याय की मांग

पीड़ित परिवार दहशत में है और न्याय की गुहार लगा रहा है। लेकिन सवाल यह है कि जब पुलिस ही कार्रवाई से बचती दिख रही हो, तो न्याय की उम्मीद कैसे की जाए? अगर समय रहते आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह घटना अपराधियों को और अधिक बेखौफ कर देगी।

# केडी स्मार्ट लर्न इंग्लिश स्पीकिंग क्लास का हुआ उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। नगर पंचायत कोरांव में मेजा वाली रोड पर आस्था पाली क्लीनिक के बगल में केडी स्मार्ट लर्न इंग्लिश स्पीकिंग क्लास उद्घाटन रविवार को सायं 5 बजे किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित गोविन्द मिश्रा गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज कोरांव ने फीता काटकर पूजन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार सौरभ सोनी भी उपस्थित रहे। गोविन्द मिश्रा ने अपने संबोधन में बताया कि देवदत्त द्वारा इस संस्थान की शुरुआत कोरांव क्षेत्र के लिए बिल्कुल नई है। निश्चित ही इससे पूरे क्षेत्र को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि छात्र छात्राओं में बहुत प्रतिभा है केवल उनके मन में डर के कारण अंग्रेजी नहीं बोल पाते और इस तरह के संस्थान के खुलने से छात्र छात्राओं के झिझक को दूर किया जा सकता है। संस्था के संचालक देवदत्त ने आए हुए सभी अतिथियों, अध्यापकों, अभिभावकों और छात्र छात्राओं को आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मैनेजेरियल पर्सन लवकुश कुशवाहा सर, अभिषेक मिश्रा, शिवमंगल कुशवाहा, शिक्षक हरिश्चंद्र कुशवाहा, शिक्षक सुनील कुमार, वी पी सिंह के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पूरा मुनई में आयोजित हुआ ग्राम्य होलिकोत्सव व कवि सम्मेलन

# भारती की आरती में गीत बलिदानियों के कविता के प्रेमियों को आइए सुनाऊं मैं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। विकासखंड कोरांव के पूरा मुनई गांव में रविवार को दोपहर बाद 2 बजे से ग्राम्य होलिकोत्सव तथा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां लोगों ने एक दूसरे को होली पर्व की बधाई दी, वहीं प्रदेश के कोने-कोने से आए नामचीन कवियों ने अपने गीतों के माध्यम से लोगों को होली के रंग में शराबोर कर दिया। होलिकोत्सव समारोह व कवि सम्मेलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे प्रयागराज के सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह दिल्ली में होने के कारण कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके। जिन्होंने वीडियो कॉल के जरिए लोगों को संबोधित किया और होली पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के




विधानसभा अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल ने किया। कवि सम्मेलन में हरि बहादुर सिंह हर्ष प्रतापगढ़ की कविता भारती की आरती में गीत बलिदानियों के कविता के प्रेमियों को आइए सुनाऊं मैं की लाइनों पर लोगों ने खूब तालियां बजाई। और युवाओं में देशभक्ति का संचार भी किया। इसी तरह नीरज पांडेय रायबरेली, संदीप शरारती रायबरेली, संध्या त्रिपाठी लखनऊ, रोहित विश्वकर्मा सीतापुर, संतोष शुक्ला समर्थ, नीलम त्रिपाठी, मुन्ना मासूम मासूम, ओज के मशहूर कवि बबलू सिंह बहियारी, कवि सम्मेलन के संयोजक कवि कृष्णकांत कामिल की कविताओं पर लोगों ने खूब ठहाके लगाए। कवि सम्मेलन का संचालन हास्य व्यंग्य के मशहूर कवि अशोक बेशरम ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह, शिक्षक अभय राज सिंह, गुलाब शंकर मिश्र, समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद मिश्र पयासी, शशि द्विवेदी, चंद्रिका प्रसाद सिंह, शिव गनेश सिंह, रामाश्रय सिंह, विजय नारायण सिंह, मनोज कुमार सिंह, आदि भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कवि सम्मेलन के संयोजक कवि शिक्षक कृष्णकांत कामिल ने दूरदराज से आए हुए कवियों को अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया। लोगों ने ग्राम्य होलिकोत्सव कार्यक्रम की सराहना की।

## दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल युवक की हालत नाजुक

कोरांव। होली पर्व के दूसरे दिन शनिवार को सायं 4 बजे के आसपास दो पत्तों में हुई मारपीट पर घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। परिजन प्रयागराज के किसी निजी अस्पताल में उपचार करा रहे थे। लेकिन रविवार को उसकी हालत नाजुक होने पर प्रयागराज से उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। ज्ञातव्य हो कि शनिवार को पड़रिया गांव में स्थित पेट्रोल पंप के पास दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। जिसमें एक पक्ष ने लोहे के रॉड से अजय शाह पुत्र शिवदास गुप्ता के सिर में मारकर लहू लुहान कर दिया था। मारपीट में सूरज समेत कई अन्य लोग भी घायल हुए थे। मामले में सूरज की तहरीर पर पुलिस ने जितेंद्र यादव पुत्र अज्ञात तथा राहुल वर्मा पुत्र अज्ञात निवासी पड़रिया थाना कोरांव व दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी थी जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जीत गई है।

# ग्राम न्यायालय से लोगों को मिलेगा सस्ता और सुलभ न्याय : न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। ग्राम न्यायालय की स्थापना से ग्रामीण अंचलों के लोगों को सस्ता और सुलभ न्याय मिलेगा। साथ ही लोगों को यात्रा भत्ता जो खर्च कर जिले पर जाना पड़ता था अब उन्हें अपने तहसील परिसर में ही शीघ्र न्याय मिलेगा। यह बातें प्रशासनिक न्यायमूर्ति सत्र संभाग प्रयागराज सिद्धार्थ वर्मा ने रविवार को दोपहर बाद 2 बजे के करीब तहसील कोरांव में नवनिर्मित ग्राम न्यायालय का फीता काटकर उद्घाटन करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। प्रशासनिक न्यायमूर्ति सत्र संभाग प्रयागराज सिद्धार्थ वर्मा ने बार के पदाधिकारियों से ग्राम न्यायालय में बैठने वाले जज का सहयोग करने की अपील की। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिला जज संतोष राय ने कहा कि ग्राम न्यायालय के संचालन में बार का सहयोग अपेक्षित है। जिला जज ने कहा कि ग्राम न्यायालय में मामलों को लटकाया नहीं जाना चाहिए।



बातचीत कर मामलों का निराकरण कराने का प्रयास होना चाहिए। इसी तरह ग्राम न्यायालय तहसील कोरांव में नियुक्त जज अभयदीप विश्वकर्मा ने अधिवक्ताओं एवं अन्य लोगों को संबोधित कर कहा ग्राम न्यायालय का संचालन अधिवक्ताओं के सहयोग से ही संभव है। मेरे स्तर से किसी भी मामले के निस्तारण में कोई दिक्कत नहीं होगी। बार एसोसिएशन कोरांव के अध्यक्ष राम बहादुर सिंह पटेल ने न्यायमूर्ति प्रशासनिक जज सत्र संभाग प्रयागराज एवं जिला जज का माल्यार्पण कर स्वागत किया वहीं प्रशासनिक महिला जज एवं महिला जिला जज का भी उन्होंने पुष्प कुछ देखा सम्मान बढ़ाया। कार्यक्रम को अपर जिला जज दिनेश शुक्ला ने भी संबोधित किया। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी, उमाकांत तिवारी, बाल गोविंद पांडेय, मोती लाल कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद सिंह, शेखर द्विवेदी, बेचन लाल सिंह यादवेंद्र अहीर सहित कई अधिवक्ताओं ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित लोगों में नायब तहसीलदार राम मूरत, एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी नितेंद्र कुमार शुक्ल, बृजेश मिश्रा मुन्ना, शशी द्विवेदी, अनूप मिश्रा पीके राय अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, सहायक अभियंता और ठेकेदार पवन कुमार चतुर्वेदी, राजा चौबे, लक्ष्मीकांत शुक्ला मंत्री समेत भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## होली की रात हुई महिला की हत्या के मामले से संबंधित अभियुक्त को एस0ओ0जी/सर्विलांस व पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हंडिया थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बरौत चौकी के कस्बा में होली की रात मायके में रह रही महिला की हुई थी हत्या। रविवार को एसओजी सर्विलांस व पुलिस के संयुक्त टीम ने राधा देवी की हत्या से संबंधित अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र स्वर्गीय जमुना प्रसाद निवासी ग्राम छिड़ी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त संदीप कुमार ने बताया कि व्यक्ति की कस्बा में सब्जी की दुकान है जहां पर मृतिका सब्जी लेने आती थी महिला से बातचीत होती थी और प्रेम हो गया।मृतिका संदीप कुमार को अपने साथ रखने के लिए दबाव बनाती थी और पैसे लेने के लिए ब्लैकमेल करती थी। इन्हीं सब बातों से तांगा आ कर अभियुक्त ने कमरे में रखी लोहे की आरी से गला रेत कर हत्या कर दी।टेला रोड से अभियुक्त संदीप कुमार को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से आलाकत्ल लोहा काटने की आरिबदो टुकड़ों में बरामद हुआ।गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी हंडिया ब्रिज किशोर गौतम, एसओजी/सर्विलांस प्रभारी सुखचैन तिवारी के साथ टीम रही।

## दो बाईकों में आमने-सामने जोर दार की टक्कर से जीजा की मौत साला गंभीर रूप से घायल

**प्रयागराज।** जमुनापार क्षेत्र थाना करछना अंतर्गत 15 मार्च शाम को घर से बाईक से जीजा और साले दोनों एक साथ करछना की तरफ ड्यूटी पर निकले थे कि कुछ दूरी पर महोरी रीवा गांव के पास प्रधान राजकुमार पटेल के घर के सामने पहुंचें तभी सामने से तेज गति से तीन बाइकों पर सवार आधा दर्जन लोग नशें में धूत सिद्धार्थ पटेल निवासी देवरी खुर्द महोरी की बाइक में जो दार टक्कर मार दी जिससे गंभीर चोट लगने से बाइक सवार सिद्धार्थ पटेल 23 की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और सिद्धार्थ का साला मिथिलेश पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है सूचना पाकर पहुंची करछना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जानकारी के मुताबिक पुलिस एक को गिरफ्तार कर लिया है और लोग भागने में सफल रहे, मृतक सिद्धार्थ पटेल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, पकड़ा गया युवक ने बताया कि उसके साथ आधा दर्जन लोग तीन बाइकों से अपने घर अकोढा से शाम को अपने दोस्त के यहां भीरपुर अंतर्गत एक गांव में होली त्यौहार की पार्टी में शामिल होने के लिए जा रहे थे कि रास्ते में आमने-सामने जोर दार टक्कर लगने से हादसा हो, उसने बताया कि उसके एक साथी को भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उसकी नाज़ुक स्थिति बनी हुई है हालांकि कि इस हादसे में बाइक सवार दोनों तरफ से लोग घायल हुए हैं, जिसमें एक की मौत हो गई है, मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर कारवाई में जुटी हुई है।

## अयोध्या रामगढ़ चौकी इंचार्ज ने लगाया वाहन चेकिंग



कोरांव प्रयागराज। जमुनापार कोरांव थाना क्षेत्र के अयोध्या रामगढ़ चौकी इंचार्ज राजेंद्र सिंह अपने सहयोगी पुलिस बल के साथ वाहनों का चेकिंग किए जो वाहन चालक बिना हेलमेट पहने मिले उनको हेलमेट पहनकर घर सें बाहर निकलने के लिए सुझाव दिया साथ ही बताया की हेलमेट अपने लिए न सही अपने परिवार के लिए पहने चुकी आपका परिवार घर आने का इंतजार करता है पुलिस के चालान के डर सें ज्यादा अपने सुरक्षा के लिए हेलमेट पहने जिससे आपका जीवन सुरक्षित रहे साथ वाहन के कागजात दुरुस्त रखे जिससे अपूर्णीय क्षति सें बचें।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के साथ दुष्कर्म

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के सलेमपुर क्षेत्र में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आने से सनसनी फैल गई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी को पकड़ने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने यहाँ रविवार को बताया कि शनिवार की रात एक वादी मुकदमा व्यक्ति ने सलेमपुर कोतवाली में आकर सूचना दी कि उनकी माता जिनकी उम्र करीब 45 वर्ष है तथा वो मानसिक रुप से थोड़ी अस्वस्थ हैं और उनका इलाज चल रहा है।उनकी माता जी के साथ उनके गाँव का ही एक व्यक्ति प्रवीन यादव ने दुष्कर्म किया और जब पड़ोसी थोड़े अलर्ट हुए तो वह छत के रास्ते से भग गया।

# करछना तहसील में ग्राम न्यायालय का हुआ उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

करछना प्रयागराज। रविवार को जमुनापार की प्रमुख एवं प्राचीन तहसील करछना में ग्राम न्यायालय का उद्घाटन हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा प्रशासनिक सत्र संभाग प्रयागराज के करकमलों द्वारा किया गया । इसके पहले इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों द्वारा परेड कर सलामी दी, इस अवसर पर उपस्थित संतोष राय जनपद न्यायाधीश दिनेश चंद्र एमपी एमएलए कोर्ट ,आदेश कुमार ,श्रीकांत न्यायाधिकारी , एसडीएम करछना तपन कुमार मिश्रा तहसीलदार करछना ने समस्त अधिवक्ताओं के बीच न्याय से संबंधित प्रक्रियाओं को और सारणीकरण बनाए जाने पर विचार व्यक्त करते हुए विस्तार पूर्वक बताया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष



चिंतामणि शुक्ला महामंत्री हंसराज सिंह उमेश तिवारी रमेश चंद शुक्ला ध्रुवराज सिंह अभिषेक सिंह राकेश शुक्ला अशोक नारायण द्विवेदी विनीत मिश्रा कुलदीप मिश्रा शरद पटेल अवनीश मिश्रा बुद्धि प्रकाश अंशुमन साहू सहित बड़ी संख्या में तहसील के अधिवक्ता व राजस्व कर्मी मौजूद रहे

# प्रेम प्रसंग में इंटर के छात्र की हत्या, खून से लथपथ शव गंगा किनारे मिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जमुनापार क्षेत्र करछना थाना क्षेत्र के सेमरहा गांव में शनिवार रात को इंटर के छात्र राजू उर्फ सूबेदार (17) की बेरहमी से हत्या कर दी गई। उसका खून से लथपथ शव गंगा किनारे मिला, जिसके सिर पर फावड़े से प्रहार के गंभीर निशान पाए गए। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है।



पिता मानिकचंद्र निषाद की तहरीर पर पुलिस ने मां-बेटे समेत आठ लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

राजू, पास के गांव अमिलो स्थित कॉलेज में इंटर का छात्र था। वह शनिवार को गांव में आयोजित त्रयोदशाह कार्यक्रम में शामिल होने गया था। आरोप है कि गांव के ही करन निषाद ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर राजू को बहाने से गंगा घाट ले जाकर फावड़े से सिर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए।

हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है। पुलिस इस कोण से भी जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# आगामी शिक्षक और स्नातक की सभी सीटों पर शिक्षक महासंघ का होगा उम्मीदवार : दिनेश शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शिक्षक महासंघ द्वारा रविवार को कर्नलगंज इंटर कॉलेज के मैदान में होली मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक महासंघ के दोनों प्रमुख घटकों उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ तथा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ से जुड़े हुए शिक्षकों के साथ-साथ राजकीय शिक्षक संघ ,सीनियर बेसिक शिक्षक संघ स्व वित्तपोषित विद्यालय महासंघ से जुड़े हुए लगभग डेढ़ हजार शिक्षकों के साथ-साथ अनेक समाजसेवियों ,ग्राम प्रधानों, कर्मचारीयों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक महासंघ व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा रहे तथा अध्यक्षता माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष व निवर्तमान एमएलसी सुरेश कुमार त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के मंच पर एजी संघ के अध्यक्ष सुभाष चंद्र पाण्डेय, प्रयागराज की पूर्व सांसद प्रोफ़ेसर रीता बहुगुणा जोशी हाई कोर्ट बार के पूर्व






अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह , संजीव वाचपेयी, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे सभी आगंतुकों का स्वागत उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रयागराज के अध्यक्ष अनुज कुमार पाण्डेय ने किया। अपने उद्‌बोधन में प्रोफ़ेसर रीता बहुगुणा जोशी ने शिक्षकों के प्रति माननीय सुरेश त्रिपाठी और दिनेश शर्मा के संघर्ष को याद करते हुए अपने पिता द्वारा शिक्षकों को दिए जाने वाले सम्मान की चर्चा की उक्त अवसर पर अनुज कुमार पांडे ने कहा की इलाहाबाद झांसी स्नातक से माननीय सुरेश कुमार त्रिपाठी को चुनाव लड़ना चाहिए, जिसका सभी ने मुक्त कंठ से स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्‌बोधन में डॉक्टर दिनेश चंद शर्मा ने कहा कि शिक्षक महासंघ को शिक्षक और स्नातक की सभी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए तथा सुरेश त्रिपाठी जैसा नेता जब सदन में रहता है तो हम सभी संरक्षित रहते हैं , यह न केवल शिक्षकों अपितु सभी बेरोजगारों, नौजवानों, कर्मचारियों की एक प्रमुख आवाज है अपने अध्यक्ष की उद्‌बोधन में सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों ने हमें तीन बार अवसर दिया हमने यथाशक्ति शिक्षकों के साथ-साथ प्रत्येक वर्ग की जो समस्या सामने आई उसको सदन में उठाया तथा एक साफ सुथरा जीवन जिया तथा लगातार संघर्षरत रहा आगे अगर पुनः प्रयागराज झांसी के शिक्षकों, कर्मचारियों ,स्नातकों ,बेरोजगारों ने अवसर दिया तो उनके हक की आवाज उठाता रहूंगा। इस अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें दिनेश चंद्र पांडे ,नजर इलाहाबादी, संतोष शुक्ला समर्थ ,नीलम त्रिपाठी ,जलाल फूलपुरी ,उमा शुक्ला, बंदना शुक्ला तथा प्रोफ़ेसर राजेंद्र त्रिपाठी रसराज ने उच्च स्तरीय काव्य पाठ द्वारा उपस्थित जनमानस को होली के रंग में सारा बोर कर दिया उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व एमएलसी डॉक्टर प्रमोद कुमार मिश्रा ,प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राधा रमण तिवारी, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री नरेंद्र वर्मा, पूर्व महामंत्री इंद्रासन सिंह , रामेश्वर उपाध्याय संगठन के कौशांबी जनपद के जिला अध्यक्ष चंद्रकांत शुक्ला ,प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव ने सबका आभार व्यक्त किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री शिव बहादुर यादव, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री जगदीश प्रसाद ,जिला कोषाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ मनीष तिवारी ,माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष रमेश चंद शुक्ला, पूर्व प्रदेशीय मंत्री कुंज बिहारी मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रकाश पांडे, राज कर्मचारी सड़क परिषद के जिला अध्यक्ष राज बिरग जिला मंत्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट प्रक्रिया को निरस्त करने की मुख्यमंत्री से मांग: शैलेन्द्र दुबे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति (नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स) ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि बिजली के निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने की चल रही अवैधानिक प्रक्रिया को तत्काल निरस्त किया जाए।

रविवार को चेन्नई में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की दक्षिण भारत के छह प्रांतों के पदाधिकारियों की बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करने की मांग करते हुए यह कहा गया है कि जिस तरह ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति में कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट के प्रावधान को हटाया गया है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण में भारी घोटाला होने वाला है। कोऑर्डिनेशन कमिटी ने उप्र के मुख्यमंत्री के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की उनकी सरकार बिजली के निजीकरण के नाम पर घोटाला नहीं होने देगी और निजीकरण की सारी प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जाएगी।



नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की चेन्नई मीटिंग में कोऑर्डिनेशन कमेटी के संयोजक प्रशांत चौधरी, ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे,सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया के सेक्रेटरी जनरल सुदीप दत्त, ऑल इंडिया फ़ेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के अध्यक्ष जी एस मूर्ति, ऑल इंडिया पावर मेंस फ़ेडरेशन के अध्यक्ष समर सिन्हा, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के संपत कुमार के अलावा केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, पुडुचेरी और तमिलनाडु के बिजली कर्मचारियों के सभी संगठनों के अध्यक्ष, महामंत्री और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

# नरेरा में हुआ 111वें आपका विधायक आपके द्वार शिविर का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कैनविज टाइम्स सरोजनीनगर-लखनऊ

। सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा रविवार को ग्राम पंचायत बेंती के मजरा नरेरा में 111वें साप्ताहिक 'आपका विधायक - आपके द्वार' जन सुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क, स्ट्रीट लाइट, आवास योजना, पीएम सम्मान निधि, आयुष्मान योजना का लाभ जैसी समस्याओं और आवश्यकताओं से अवगत कराया, जिनमें से कुछ समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया।

''गाँव की शान'' ऽ मेधावियों का सम्मान, ग्राम के होनहार छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विधायक द्वारा ''गाँव की शान'' पहल संचालित है। शिविर के दौरान इस पहल के अंतर्गत इंटरमीडिएटः मधुलता (81%) और राहुल यादव (61%) तथा हाईस्कूल :अंशू कुमार (73.5%) और श्रीयाशी (71.5%) को साइकिल, घड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, ताकि वे और अधिक मेहनत से आगे बढ़ें और दूसरे छात्र - छात्राओं के लिए प्रेरणा बनें।




ग्राम के वरिष्ठ व प्रबुद्ध जनों का सम्मान : गाँव की संस्कृति और समाज को संवारने वाले वरिष्ठ नागरिकों एवं प्रबुद्ध जनों को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले गणमान्य व्यक्तियों में रामरती, उषा, लक्ष्मी, राजरानी, बेबी शुक्ला, सोनी, गुलाबदेई, राजू शुक्ला, चन्द्रकांत, पुत्तीलाल, चंचल, चन्द्र भान, विजय यादव, हरि प्रसाद यादव, रामदेव, सूरजपाल, जानकी, छेछ्ना, रेखा, धनीराम, विकास यादव, ओमप्रकाश, नन्हेलाल, मुन्नी सहित कई अन्य सम्मानित लोग शामिल रहे।

खेल संसाधनों के विकास की दिशा में कदम : ग्राम के युवाओं को खेलकूद की सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 68वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन किया गया। इस क्लब के माध्यम से आउटडोर एवं इंडोर खेलों की स्पोर्ट्स किट प्रदान की गई, जिससे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

# कठौता झील में मिला युवती का शव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चिनहट लखनऊ, । लखनऊ। हाई सिक्योरिटी जोन कहे जाने वाले चिनहट क्षेत्र स्थित कठौता झील में रविवार दोपहर एक युवती का शव उतराता मिला जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटनास्थल से कुछ दूरी पर झील के किनारे हवाई चप्पल पड़ा मिला है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसओ चिनहट भरत पाठक मामले की छानबीन कर शव को झील से बाहर निकलवाया और पड़ताल शुरू की तो शव की पहचान सीतापुर जिले के करसंडा थाना संधना निवासी 25 वर्षीय प्रियंका कन्नौजिया के रूप में हुई। एसओ चिनहट भरत पाठक के मुताबिक पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की वजह साफ हो सकेगी।

रविवार दोपहर चिनहट क्षेत्र स्थित कठौता झील में एक युवती का शव उतराता देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही थानाध्यक्ष चिनहट भरत पाठक और कस्बा चौकी प्रभारी सुशील कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को झील से बाहर निकलवाया।



पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी कि इसी दौरान चिनहट के कमता निवासी प्रियांशु रावत मौके पर पहुंचा और शव की पहचान 25 वर्षीय प्रियंका कन्नौजिया निवासी जनपद सीतापुर के रूप में की।

थानाध्यक्ष भरत पाठक ने बताया कि पूछताछ में प्रियांशु रावत ने बताया कि वह पिछले छह साल से प्रियंका कन्नौजिया को जानता है और यह भी बताया कि चिनहट क्षेत्र स्थित गंगा विहार कालोनी में किराए के मकान में रहकर डायल 112 में नौकरी करती थी। एसओ चिनहट भरत पाठक ने बताया कि इस मामले की खबर घरवालों को दे दी गई है। वहीं पुलिस भी इस घटना को लेकर असमंजस में है कि आखिर कौन ऐसी परिस्थिति आई कि प्रियंका ने कठौता झील में कूदकर जान दे दी। फिलहाल पुलिस इस मामले में कई बिंदुओं पर गहनता से पड़ताल कर रही है। प्रियंका और प्रियांशु शनिवार रात

## डायल 112 में तैनात थी युवती, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी संदेह के आधार पर एक युवक पुलिस हिरासत में

तीन बजे बात हुई पुलिस से कहा प्रियंका मेरी दोस्त थी एसओ चिनहट भरत पाठक के मुताबिक जिस लड़के प्रियांशु रावत ने शव की पहचान की उसने बताया कि वह प्रियंका कन्नौजिया को पिछले छह साल से जानता है ?। पूछताछ में पुलिस को प्रियांशु ने बताया कि प्रियंका कन्नौजिया से मोबाइल फोन पर बातचीत होती रहती थी और यह भी बताया कि प्रियंका दोस्त थी पुलिस के मुताबिक प्रियंका कन्नौजिया ने कठौता झील में कूदकर जान क्यों दी इसके बारे में गहनता से छानबीन की जा रही है।

# घैला, डुडौली व नौबस्ता पुलिया रोड पर लगने वाली जाम का मुद्दा पुलिस के बड़े अफसरों के समक्ष उठाया जाएगा : ममता त्रिपाठी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ,। बाल महिला सेवा संगठन के व्यापारी प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को हुई । बैठक में घैला, डुडौली व नौबस्ता पुलिया रोड आदि प्रमुख मार्गों पर दिन में भारी वाहनों की आवाजाही के कारण दिन भर जाम लगे रहने के कारण दुकानदारों के व्यवसाय के प्रभावित होने के विषय पर चर्चा की गई, बैठक में मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने कहा कि इस मुद्दे को पुलिस के बड़े अफसरों के समक्ष उठाया जाएगा और व्यापारी प्रकोष्ठ की आगे की बैठकों में व्यापारियों के साथ स्थानीय प्रभारी निरीक्षक या चौकी इंचार्ज को भी बैठाया जाएगा। बैठक में संतोष कुमार गुप्ता, रामानंद मिश्र, कृपा नाथ गुप्ता व आर पी यादव, सर्वेश यादव, नीतिन गुप्ता, राजकुमार यादव, प्रदीप अवस्थी व आशा मौर्या सहित दुर्गा वाहिनी की अध्यक्ष गुड़िया सिंह मौजूद रही।

## लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष की घोषणा होते ही माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोमती नगर स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल सभागार में भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष की घोषणा के पश्चात बड़ी माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता।

## होली के दिन एक लाख से अधिक कॉलें यूपी 112 पर आयी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। होली के दिन उत्तर प्रदेश में एक लाख से अधिक लोगों ने कंट्रोल रूम 112 पर फोन कर मदद मांगी। 84,127 स्थानों पर लोगों को पुलिस सहायता पहुंचायी है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस साल 142 प्रतिशत अधिक रहा है। यूपी 112 के तकनीकी उन्?नयन एवं सभी कर्मचारियों के समर्पण भाव से यह असाधारण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। देश में आपात सहायता का एक अकल्?पनीय प्रतिमान स्थापित हुआ है। यह तथ्?य इस बात का द्योतक है कि आमजन का पुलिस कार्रवाई पर भरोसा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। आम दिनों की बात करें तो यूपी 112 पर प्रतिदिन औसतन 34 हजार इवेंट्स दर्ज किए जाते हैं, जबकि होली के दिन यह संख्या बढ़कर 84,127 हो गई।

## रविवार को लोगों ने हाऊस टैक्स जमा कराने में दिखायी रुचि, 75 लाख 68 हजार रुपये जमा : नगर आयुक्त

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ नगर निगम के नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने रविवार को बताया कि लखनऊ शहर में रविवार को लोगों ने हाऊस टैक्स जमा कराने में रुचि दिखायी है। शहर में लगाये गये 39 कैम्पों पर शाम छह बजे तक एक हजार चार लोगों द्वारा 75 लाख 68 हजार रुपये के हाऊस टैक्स को जमा किया है। नगर आयुक्त ने बताया कि जोन स्तर पर रिहायसी इलाकों को देखते हुए कैम्प लगाने की योजना सफल हुई है। कैम्प में आनलाइन पेमेंट को वरीयता दी गयी तो उसका भी नगर निगम लखनऊ को लाभ मिला है। हाऊस टैक्स जमा करने वाले लोगों द्वारा नौ लाख 32 हजार रुपये आनलाइन व्यवस्था से जमा किये गये हैं। यह एक उपलब्धि है। इसी तरह 24 लाख छह हजार के करीब नकदी और 14 लाख 36 हजार रुपये को चेक से जमा कराया गया है।

## मायावती ने आगरा में अंबेडकर भवन को अतिक्रमण बता हटाने के मामले सरकार को घेरा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने आगरा में बाराखंबा रेलवे फाटक 'अंबेडकर भवन' को अतिक्रमण बताकर उसे हटाने की कार्रवाई पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहाकि उम्मीद है कि इस मामले में सरकार जरूर सकारात्मक कदम उठाएगी। मायावती ने इस मामले में एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आगरा में बाराखंबा रेलवे फाटक के पास दशकों से समाज हित व जनकल्याण आदि गतिविधियों से जुड़े 'अम्बेडकर भवन' को अतिक्रमण बताकर उसे हटाने की कार्रवाई से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का यह भी कहना है कि क्या यही है सरकार का अम्बेडकर प्रेम? ऐसे में केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि आगरा के साथ-साथ ऐसी और भी बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर-विरोधी कार्रवाईयों का तत्काल संज्ञान ले और जरूर उचित कार्रवाई भी करें। उम्मीद है कि सरकार जरूर सकारात्मक कदम उठाएगी।


## बच्ची से दुष्कर्म

लखनऊकैनविज टाइम्स संवाददाता । विभूतिखंड थाना इलाके में शनिवार को एक बच्ची से दुष्कर्म मामले में दूसरे शहर भाग रहे आरोपित को पुलिस ने देर रात रेलवे क्रासिंग के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची की हालत गंभीर है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने देर रात जारी बयान में बताया कि शनिवार को नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने वाला मुख्य आरोपित दूसरे शहर भगाने की फिराक में खरगू के हैनीमैन क्रासिंग के पास खड़ा होकर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगी पुलिस टीम ने आरोपित को चारों तरफ से घेर लिया। इस पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग की,जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जिसकी पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी मोहम्मद सरजू के रूप में हुई हैं। उसे हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। उन्होंने बताया कि विभूतिखंड के सर्वेंट क्वाटर में इटावा का परिवार रहता है। उनकी सात साल की बच्ची कक्षा दो में पढ़ती है। आरोप है कि शनिवार शाम बच्ची किसी काम से निकली तो आरोपित सरजू उसे पकड़ कर अपने कमरे पर ले गया, जहां उसके साथ घिनौनी हरकत की।

# सहेलियों के बीच से बाल पकड़ कर घर घसीट ले गया था भाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के रज्जाकपुर गांव 19 वर्षीय मौसमी ने पंखे से दुपट्टा बांध कर उसी के सहारे आत्महत्या कर ली।इस घटना के पीछे मृतका को उसके भाई द्वारा सहेलियों के सामने बाल पकड़ कर घर ले गया था।इसी बात से सहमत उसे आत्मग्लानि महसूस हुई तो उसने सभी से कह दिया। जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्ट मार्टम के लिए भेजा दिया।यह प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद शव दाह-संस्कार कर दिया गया। ग्राम पंचायत शिवलर के मजरा रज्जाकपुर निवासी ललित के घर में बर्थडे पार्टी थी।उसी लड़कियों का डास कार्यक्रम चल रहा था।उसी मौसमी भी शामिल थी। डांस कार्यक्रम के मौके पर ही मौसमी का सबसे छोटा भाई बबलू उर्फ बउवा पहुंच गया। उसने अपनी बहन के बाल पकड़े और वहां से



घसीटते हुए घर ले गया। शायद यही बात मौसमी को नागवार लगी और उसने पंखे से लटक कर इस दुनियां से सदा सदा के लिए बिदाई ले ली। मृतका के पिता राम प्रकाश सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी के साथ साथ खेतों किसानी का काम करते हैं। दो अन्य बड़े भाई अंकित व मुनान अलग रहते हैं।इस घटना के सम्बन्ध में इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों की ओर से किसी पर किसी भी प्रकार आरोप नही लगाया गया है।

# अट्ठैसा क्षत्रिय चेतना समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सरोजनीनगर-लखनऊ। अट्ठैसा क्षत्रिय चेतना समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह बंथरा इलाके के मोहन रोड स्थित नारायणपुर के एक निजी गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ अशोक सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके हुआ वहीं कार्यक्रम में मौजूद छात्र एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई तथा स्थानिक कलाकारों द्वारा होली के गीत की प्रस्तुति भी की गई। कार्यक्रम को पूर्व ब्लाक प्रमुख रामगोपाल सिंह, प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष जगनायक सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता हरिशंकर सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह राजू, व अन्य ने संबोधित किया तथा क्षत्रिय एकता पर बल दिया। समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंह एवं शिवकुमार सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षत्रिय समाज के पुनरोत्थान को लेकर जोर दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ अशोक सिंह व संयोजक कप्तान सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों को होली की शुभकामनाओं के साथ धन्यवाद ग्यापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर जय सिंह व शरद सिंह ने किया। आयोजन में क्षेत्र से बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।



# उत्तर प्रदेश में आज शुरू होगी गेहूं खरीद

**रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए सरकार ने तय किया है 2425 रुपये प्रति कुंतल समर्थन मूल्य**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 17 मार्च सोमवार से गेहूं खरीद शुरू होगी, जो 15 जून तक चलेगी। इसके लिए 6500 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। वहीं केंद्र सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है, जो विगत वर्ष से 150 रुपये प्रति कुंतल अधिक है। पिछले वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कर दिए जाएं। सीएम ने जोर दिया है कि क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों के लिए भी समुचित व्यवस्था की जाए। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। मोबाइल केंद्र के माध्यम से किसानों के गांवों में जाकर भी खरीद होगी।




गेहूं की बिक्री के लिए पहली मार्च से पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है। अब तक प्रदेश के 2.65 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। गेहूं की बिक्री के लिए किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल द्ददप.फ्क्.द्धफ.द्ब्र या विभाग के मोबाइल ऐप ठ्ठ खत्र्न्न्ह्ग ख्र्न्न्टइ पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। विभाग ने किसानों से अनुरोध किया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफकर अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर आएं। इस वर्ष भी बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक रविवार व अन्य अवकाशों को छोड़कर 15 जून तक क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद प्रतिदिन सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक होगी। योगी सरकार ने निर्देश दिया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। विभाग ने इसकी तैयारी भी कर ली गई है। किसी भी विषम परिस्थितियों के लिए खाद्य व रसद विभाग ने टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है। किसी भी समस्या के समाधान के लिए किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी या तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। इस वर्ष 150 रुपये प्रति कुंतल अधिक है समर्थन मूल्य केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 2425 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है। पिछले वर्ष यह मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल था। इस बार सरकार ने 150 रुपये प्रति कुंतल में वृद्धि की है। खाद्य विभाग समेत आठ क्रय एजेंसियों को कुल 6500 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। खाद्य व रसद विभाग ने गेहूं के मूल्य भुगतान सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक खाते में 48 घंटे के अंदर करने की व्यवस्था बनाई है। 17 मार्च से शुरू होने वाली गेहूं खरीद के लिए विभाग ने सारी तैयारी कर ली है। इस वर्ष मोबाइल केंद्र के माध्यम से गांवों में जाकर किसानों से गेहूं खरीद होगी।

# नही आ रहे अध्यापक लग रही फर्जी हाजरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। विकास खण्ड बेहटा की ग्राम पंचायत खैरीपट्टी के मजरा में प्राथमिक विद्यलाय बाबा गंज प्राइमरी स्कूल बना हुआ हैं जिसके प्रधानाध्यापक द्वारा एक संजय कुमार की फर्जी हाजिरी लगा रहे हैं अध्यपाक संजय कुमार जी एक साल से स्कूल नहीं आ रहे हैं जिनकी फर्जी उपस्थिति प्रधना अध्यपाक जियाउद्दीन कर रहे हैं इस सम्बंध जब शिकायतकर्ता शुभम तिवारी स्कूल गया तो ज़ियाउद्दीन अध्यपाक से पूछा की आप संजय कुमार की फर्जी साइन कर रहे हैं हाजिरी लगा रहे हैं क्या यह बात सच्च हैं पहले तो उन्होंने मना कर दिया फिर मैंने रजिस्टर माँगा मुझे रजिस्टर दिखओ उन्होंने दिखाया संजय कुमार जी की हाजिरी लगी हुई थी मैंने बोला आप ऐसा कैसे कर सकते हैं तो उन्होंने बताया उटए पर जो विभा सचान मैडम हैं उन्होंने मुझसे कहा था की देख लो थोड़ा अरजेस्ट करो तो मैं ऐसा कर रहा हूँ संजय कुमार अध्यपक से ना आने के पैसे लिए जाते हैं फिर फर्जी उनकी हाजरी लगाई जाती हैं और मुझे रजिस्टर का फोटो नहीं लेने दिया






और अब वह रजिस्टर बदल दिया जाएगा शिकायतकर्ता ने बेशिक शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की है।

# भारत तिब्बत सहयोग मंच की मेरठ प्रांत कार्यकारिणी घोषित

**एजेंसी**

गाजियाबाद। भारत तिब्बत सहयोग मंच मेरठ प्रांत की संगठन के विस्तार को लेकर एक बैठक अग्रसेन भवन लोहिया नगर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मेरठ प्रांत की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई तथा मेरठ प्रांत के अंतर्गत सभी जिला इकाइयों के अध्यक्ष व पदाधिकारी की भी घोषणा की गई।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तहत कार्य करने वाले संगठन भारत तिब्बत सहयोग मंच मेरठ प्रांत जिसमें मुख्य वक्ता मंच के राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल रहे। पंकज गोयल ने बताया कि संगठन की स्थापना 5 मई 1999 को धर्मशाला में की गई। संगठन का मुख्य उद्देश्य चीन से कैलाश मानसरोवर और तिब्बत को मुक्त कराना है। इसके लिए हमें यह विचार जन-जन तक पहुंचाना है।

पंकज गोयल ने कहा कि अगर हमारे कार्यकर्ता इसी तरह से कार्य करते रहे तो बहुत जल्दी हम श्रीराम मंदिर की तरह कैलाश मानसरोवर को भी चीन के कब्जे से मुक्त होता देखेंगे।भारत-तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व दिल्ली प्रांत के प्रभारी जय कमल अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठन का स्वरूप एवं अनुशासन के विषय में जानकारी दी। सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि वह संगठन को आगे बढ़ाएं और दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार काम करते रहें। क्षेत्रीय सहसंयोजक कपिल त्यागी ने कहा कि जल्दी ही सभी घोषित जिला अध्यक्ष व पदाधिकारी अपने अपने जिलों में संगठन का कार्य आगे बढ़ाएंगे और संगठन का विस्तार करेंगे।

प्रांत अध्यक्ष संदीप चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाने का सुझाव दिया। अंत में कार्यक्रम आयोजक डॉ. कैलाश नाथ सिंघल ने सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता का आभार प्रकट किया।बैठक में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व दिल्ली प्रांत के प्रभारी एडवोकेट जय कमल अग्रवाल, महिला विभाग अध्यक्ष रेखा गुप्ता, कार्यक्रम आयोजक डॉ. कैलाश नाथ सिंघल, क्षेत्रीय सहसंयोजक कपिल त्यागी, मेरठ प्रांत अध्यक्ष संदीप चौधरी मंच पर उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रांत महामंत्री जयराज ने किया। भारत तिब्बत सेवक मंच मेरठ प्रांत के अंतर्गत समस्त जिला मेरठ, हापुड़, बागपत, गाजियाबाद, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर गौतम बुद्ध नगर आदि सभी के कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

# तीन हत्याओं से दहला राठौड़ा गांव, पीएससी तैनात

**एजेंसी**

बागपत। छपरौली थाना क्षेत्र के राठौड़ा गांव में तीन लोगों की हत्या कर दी गयी। दो दिन में अलग- अलग घटनाओं में हत्या को अंजाम दिया गया। हत्या के आरोप में अब तक छह लोगों को हिरासत में लिया गया है ।गांव में पुलिस बल के साथ पीएससी तैनात कर दी गयी है। मेरठ उपमहानिरीक्षक ने घटना क्षेत्र का रविवार को दौरा किया है। शुक्रवार को बागपत जनपद में छपरौली थाना क्षेत्र के राठौड़ा गांव में खून की होली खेली गई। पानीपत में नौकरी करने वाला राठौड़ा गांव निवासी अमित अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गांव आया हुआ था। परिजन शुक्रवार की शाम को होली खेल रहे थे। पिता घर के दरवाजे के बाहर चारपाई पर बैठे थे। आरोप है कि गांव का एक युवक जिसका नाम सागर है, घर आया और अमित के पिता बुद्ध सिंह के साथ गाली-गलौच करने लगा। कुछ देर में सागर के भाई अक्षय और वंश भी मौके पर आ गए। उनके पिता पर फायरिंग की गई।



फायरिंग की आवाज सुनकर बाहर निकले अमित को एक गोली लगी जिसकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अमित के भाई कुलवीर ने सागर, अक्षय, वंश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

शनिवार को राठौड़ा गांव के बाहर गेंहू के खेत में एक युवक का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान मनीष के रूप में की है जो एक ट्रक चालक है और पुलिसकर्मी का भाई है। 23 वर्षीय मनीष अविवाहित था। मनीष का बड़ा भाई सोहनवीर बुलंदशहर में कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात है। आरोप है कि उसके दोस्तों ने ही मनीष की गोली मारकर हत्या की है। मनीष के पिता ने सागर अक्षय, बादल, नितिन और परविंदर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। मनीष नाम के एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर रामफल के मकान में शाम को करीब छः बजे हमला किया था। जिसमें रामफल और उनकी पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रामफल के बेटे सोनू ने आरोपित मनीष व उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार की शाम को रामफल की पत्नी बीरमति की जीटीबी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। छपरौली थाना क्षेत्र के राठौड़ा गांव में दो दिन में एक महिला सहित तीन की मौत हो गयी। गांव में तनाव का माहौल है। एसपी बागपत अर्पित विजयवर्गीय का कहना है कि गांव में शांति व्यवस्था है। पुलिस बल के साथ पीएससी के जवान भी लगाए गए हैं। अब तक छह लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है।

# नागरिक अधिकार संगठन की संयोजक समाजसेविका एवं सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन

## इफ्तार पार्टी मे बड़ी संख्या में सभी धर्म के लोगो ने शिरकत की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बिसवां सीतापुर । कस्बे की कांशीराम कालोनी मे नागरिक अधिकार संगठन की संयोजक समाजसेविका कमरुन निशा एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरीशंकर गुप्ता के द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे कौमी यकजहती का नजारा देखने को मिला। इफ्तार पार्टी मे बड़ी संख्या में सभी धर्म के लोगो ने शिरकत की। इस अवसर पर कमरुन निशा ने बताया कि रोजेदारों को इफ्तार कराना एक पुनीत कार्य है। ऐसे आयोजनों से आपसी मेल मिलाप,भाई चारे की भावना को बढ़ावा



मिलता है। इस दौरान रोजेदारों ने मुल्क मे अमन व चैन की दुआ मांगी। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कठेरिया, सामाजिक कार्यकर्ता हरिशंकर गुप्ता, पंकज भारतीय,शिक्षक मोहम्मद आरिफ, चाँद मोहम्मद, समाजसेवी अखिलेश जायसवाल, नफीस पूर्व सभासद नपा, नैय्यर शकेब, इस्तियाक, चादबाबू, मनीराम,प्रदीप वाल्मीकि,आकाश,मनी रेशमा,शमा वाल्मीकि,फूलजहाँ,शकीला, रोज ,नंदनी आदि सहित बड़ी संख्या मे रोजेदार उपस्थिति रहे।

# हाथरस में मासूम से दरिंदगी आरोपित चमन गिरफ्तार

**एजेंसी**

हाथरस। जिले के सादाबाद थाना क्षेत्र के बिसावर में बीती रात शनिवार की रात मासूम बच्ची के साथ दरिंगदी की घटना प्रकाश में आई है।इस घटना से आक्रोशित लोग रविवार को एक मस्जिद में तोड़तोड़ के लिए पहुंच गए। पुलिस ने भीड़ को शांत कराते हुए स्थिति को संभाला। क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वहीं आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि बिसावर चौकी क्षेत्र में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना में त्वरित कार्रवाई करते हुए आज सुबह आरोपित चमन पुत्र चांद खां निवासी नगला छत्ता को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची ने



आरोपित को पहचान लिया है। इस घटना को लेकर कुछ आक्रोशित लोगों ने सुबह इलाके की एक मस्जिद में घुसने का प्रयास किया। मौके पर जिलाधिकारी राहुल पांडे के साथ पुलिस व प्रशासन की टीमें पहुंच गई और भीड़ को शांत कराया। दोनों समुदायों के लोगों के साथ बैठकर बातचीत करते हुए कार्रवाई की जा रही है। स्थिति नियंत्रण में है और मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

वहीं घटना की जानकारी पर क्षेत्रीय विधायक प्रदीप कुमार उर्फ गुड्डू चौधरी मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों से बातचीत कर आरोपित पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

उल्लेखनीय है कि बीती रात सादाबाद इलाके में एक 7 वर्षीय बच्ची का अपहरण के बाद मुस्लिम युवक पोखर के पास ले गया और दुष्कर्म के बाद उसे अर्द्धमूर्छित अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। इस सूचना पर पुलिस ने पहुंची पुलिस ने बच्ची को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादाबाद पहुंचाया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए अलीगढ़ रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# मयंक गोयल महानगर तो चैन पाल सिंह बने गाजियाबाद जिला अध्यक्ष

**एजेंसी**

गाजियाबाद। लंबे समय बाद आखिरकार भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को गाजियाबाद के महानगर व जिलाध्यक्ष के नामों की घोषणा कर दी। मयंक गोयल को जहां महानगर अध्यक्ष बनाया गया है वही चैनपाल सिंह पहाड़ी वालों को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। राजनगर एक्सटेंशन स्थित एक फार्म हाउस में दोनों के नाम की घोषणा की गई।

मयंक गोयल की गिनती भारतीय जनता पार्टी के युवा नेताओं में होती है। उनका परिवार संघ से जुड़ा हुआ है। उनके दादा लाल बनवारी लाल संघ के पदाधिकारी रहे हैं । इसके बाद उनके पिता महेश गोयल संघ से

**संघ से जुड़ा रहा है मयंक गोयल का परिवार युवा नेता को कमान मिलने से युवाओं में दिख रहा है जोश**

जुड़े रहे हैं। उनकी माता दिवंगत दमयंती गोयल गाजियाबाद की प्रथम महिला महापौर रही हैं। मयंक गोयल का परिवार संघ से जुड़ा रहा है, जिसका लाभ उन्हें मिला है। साथ ही युवा होने के कारण भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके ऊपर भरोसा जताया है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में अमितेश ने हासिल की सफलता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के जरई कला गांव के निवासी सुरेश सिंह के पुत्र अमितेश सिंह पुलिस भर्ती परीक्षा में सफलता पाकर गांव क्षेत्र का नाम गौरवांवित्र किया है। अमितेश सिंह ने बताया कि उन्होंने सिपाही भर्ती परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन किया था और अपने घर में ही रहकर लगभग 5 घंटे प्रतिदिन पढ़ाई करते थे कहीं भी दिक्कत आने पर गांव के अन्य अभ्यर्थियों से भी सलाह लेते थे अमितेश सिंह की कड़ी मेहनत का प्रति फल उनको मिला है अमितेश सिंह के पिता जीविकोपार्जन हेतु बाहर रहकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। घर में आजी कमला देवी माता शीला सिंह तथा छोटा भाई अंकेश सिंह है, अंकेश अभी पढ़ाई कर रहा है पुलिस भर्ती परीक्षा में अमितेश की सफलता पर पूरा परिवार खुश है। अमितेश के परिवार में वह एकलौते सरकारी सर्विस पाने वाले व्यक्ति है। अमितेश की इस सफलता पर गांव के शिवानंद सिंह बद्री विशाल सिंह रंजीत सिंह अवधेश सिंह राकेश सिंह सीमा सिंह सपना सिंह रीता सिंह राकेश सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## सर्वेश कठेरिया बने भाजपा जिला अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

औरैया। भारतीय जनता पार्टी हाई कमान ने रविवार को नये जिला अध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्षों का एलान कर दिया। इसी क्रम में जिल के तुर्कीपुर जिला कार्यालय में भाजपा पदाधिकारी की बैठक के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता सर्वेश कठेरिया को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। सर्वेश कठेरिया के जिला अध्यक्ष घोषित होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ उनका फूल माला पहनकर स्वागत किया।

## 6000 मीटर लंबी हाई वोल्टेज लाइन के तार चोरी

बिजनौर। थाना हल्दौर क्षेत्र में ग्राम बल्दिया से बिसाठ की 11 हजार वोल्टेज के बिजली के तार लगाए जा रहे हैं। होलिका दहन की रात में चोरों ने लगभग एक 100 से अधिक खंभों पर लगे साढ़े 5 हजार से 6 हजार मीटर लम्बे तार काटकर चोरी कर लिए,जिसकी खबर लगते ही ठेकेदार तथा बिजली विभाग में हड़कंप मच गया । मालूम हो कि सरकार के आदेश अनुसार गांव की घरेलू बिजली के फीडर एवं नलकूपों के फीडर को अलग-अलग करने के लिए यह तार लगाए जा रहे हैं। विद्युत विभाग के अवर अभियंता अभय कुमार ने बताया कि फीडर अभी विभाग को नहीं सौंपा गया था , इसलिए लाइन की समस्त जिम्मेदारी कंपनी तथा कंपनी के ठेकेदार की होगी, जिसको टेंडर हुआ था ़ उपखंड अधिकारी गौतम कुमार के अनुसार 20 लाख से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है

## मुरादाबाद : आकाश पाल पुनः बने भाजपा जिला अध्यक्ष, महानगर की कमान गिरीश भंडूला को

मुरादाबाद। मुरादाबाद भाजपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष आकाश पाल को पुनः जिले की कमान सौंप गई है। वहीं महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला को बनाया गया है। पंजाबी समाज से आने वाले गिरीश भंडूला मौजूदा में भाजपा महानगर उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। मुरादाबाद में बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को संगठन चुनाव महापर्व के तहत बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला चुनाव अधिकारी देवेश कोरी और विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह पहुंचे। देवेश कोरी ने बताया कि व्हाट्सएप पर लखनऊ कार्यालय से प्राप्त सूची के अनुसार पीतल नगरी मुरादाबाद जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी एक बार फिर से आकाश पाल को दी गई है। जबकि महानगर अध्यक्ष के लिए गिरीश भंडूला निर्वाचित हुए हैं। बैठक में मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित जिला और महानगर अध्यक्ष का फूल माला पहनकर स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली चौहान आदि उपस्थित रहीं।

# बालिका से दुष्कर्म के आरोपित हिस्ट्रीशीटर को चंदौली पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा

**एजेंसी**

चंदौली। चंदौली कोतवाली पुलिस ने मासूम बालिका से दुष्कर्म के आरोपित हिस्ट्रीशीटर सुभाष सोनकर को नवहीं के निकट घेर मुठभेड़ में दबोच लिया। मुठभेड़ में घायल बदमाश को पुलिस टीम ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। शनिवार देर रात हुई मुठभेड़ की जानकारी पाते ही पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंच गए। ग्राम बिसौरी थाना व जनपद चन्दौली निवासी हिस्ट्रीशीटर ने होली के दिन अपने गांव की 08 वर्षीय बालिका को खेलते समय उठा लिया। बालिका को लेकर बदमाश गांव के सिवान में स्थित एक खेत में पहुंचा और उसके साथ दुष्कर्म कर भाग निकला। बालिका के परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो खेत में पहुंचे। बालिका की हालत देख क्षुब्ध परिजनों और पड़ोसियों ने बदमाश की गिरफ्तारी की मांग कर सड़क पर चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने किसी तरह ग्रामीणों को शांत करा कर जाम समाप्त कराया और आरोपित को शीघ्र गिरफ्तार करने का भरोसा दिया। इसी क्रम में घटना के बाद जिले के एसपी आदित्य लांघे के सख्त निर्देश पर आरोपित को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम लगातार उक्त बदमाश की तलाश में जुटी हुई थी। सदर कोतवाली के सीओ ने मीडिया कर्मियों को बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि बालिका से दुष्कर्म का आरोपित अपने घर बिसौरी आया हुआ है। गांव से सामान लेकर वह जिले से बाहर भागने की तैयारी में है। इस पर एसओजी प्रभारी आशीष मिश्र और कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने अपनी टीम के साथ त्वरित गति से नवहीं के समीप घेराबंदी कर ली। इसी बीच सुभाष सोनकर आता दिखा। पुलिस टीम ने उसे रोका तो बदमाश ने फायर कर दिया। पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी तो वह गिर पड़ा। पुलिस टीम ने आरोपित को तत्काल दबोच लिया। सीओ ने बताया कि घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। थाना कोतवाली चन्दौली में उसके खिलाफ अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। सुभाष सोनकर के खिलाफ लगभग एक दर्जन मुकदमें पंजीकृत हैं।

# बेटा नहीं मिला तो घर पर हमला बोलकर पिता की हत्या

**एजेंसी**

बलिया। बांसडीह रोड थाना के सरयां में शनिवार की देर रात 42 वर्षीय किराना दुकानदार की उसके घर पर दर्जनों लोगों ने हमला बोलकर चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में दर्जन भर से अधिक लोगों पर एफआइआर दर्ज की है। चार लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। जबकि बाकी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई गई हैं। घटना को लेकर गांव में तनाव व्याप्त है।

मौके पर एएसपी अनिल कुमार झा दलबल के साथ मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सरया गांव में 11 मार्च को आई एक बारात में नाच देखने को लेकर हुए विवाद में हत्या हो जाएगी, यह किसी ने सोचा नहीं था। होली के दूसरे दिन जहां हर कोई रंगों के उमंग में व्यस्त था, वहीं, बगल के डुमरी गांव के 15-20 की संख्या में युवकों ने पांच दिन पूर्व हुए मारपीट का बदला लेने के लिए रात लाठी डंडे व धारदार हथियार से लैस होकर सरया गांव के राजेश साहनी के घर हमला बोल दिया। सभी उनके लड़के रूपेश साहनी की खोजबीन करने लगे। पूरे घर की तलाशी लेने के बाद उसका पता न चलने पर सभी दुकान के बाहर बैठे उसके पिता राजेश की चाकू से हमला बोल अधमरा कर दिया। हो हल्ला सुन आसपास के लोग पहुंचे तो सभी युवक भाग खड़े हुए। पड़ोसियों ने घायल राजेश को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना की खबर लगते ही प्रशासन में खलबली मच गई। मौके पर एएसपी अनिल कुमार झा दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए। हत्या के बाद गांव में तनाव को देखते ही आसपास के थानों की पुलिस व पीएसी चप्पे चप्पे पर तैनात है।

अपर पुलिस अधीक्षक अनिल झा ने बताया कि बांसडीह रोड के सरया निवासी 42 वर्षीय राजेश साहनी पुत्र चन्द्रजीत साहनी का डुमरी के कुछ लोगों के साथ पुराना विवाद था। जिसको लेकर डुमरी के कुछ लोगों द्वारा राजेश साहनी को चाकू से हमला कर घायल कर दिया गया। घायल को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय बलिया लाया गया। जहां राजेश साहनी को डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पत्नी से प्राप्त तहरीर के आधार पर नौ नामजद व आधा दर्जन अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने दो नामजद व चार अन्य व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुयी है। एसओजी, सर्विलांस के साथ तीन टीमें नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए बनाई गयी हैं।

# दुर्गेश राय एक बार फिर भाजपा जिला अध्यक्ष घोषित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पडरौना, कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष का इंतजार रविवार यानी 16 मार्च को खत्म हुआ। प्रदेश से नामित चुनाव अधिकारी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम सोनकर नें पर्यवेक्षक प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और स्थानीय जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों के बीच जिलाध्यक्ष पद की घोषणा की। दुर्गेश राय को कुशीनगर का पुनः जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

इसके पूर्व जिलाध्यक्ष घोषड़ा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है । यहां कार्यकर्ता अपने काम के दम पर प्रधानमंत्री बन सकता है, मुख्यमंत्री बन सकता है, राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष बन सकता है। अन्य राजनीतिक दलों में जन्म से नेतृत्व तैयार होता है भाजपा में कर्म से नेतृत्व उभरता है। भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान दिया जाता है ।

प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम सोनकर ने दुर्गेश राय को भाजपा कुशीनगर का निर्वाचित जिलाध्यक्ष घोषित करते हुए कहा कि बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक के चयन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करती है। इसके पूर्व संगठन पर्व के अन्तर्गत बूथ और मण्डल अध्यक्ष का चुनाव पार्टी के संविधान के अनुसार पूर्ण हुआ है।यह प्रक्रिया पार्टी की संगठनात्मक ताकत को बढ़ाने और चुनावी मैदान में पार्टी के समर्थकों और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में मदद करेगी। और नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के नेतृत्व में कुशीनगर में भारतीय जनता पार्टी नई ऊंचाई प्राप्त करेगी।

सांसद विजय कुमार दूबे ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय को उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुनः जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने आपके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा, ऐसा पूर्ण विश्वास है। कार्यक्रम का संचालन जिला सह चुनाव अधिकारी व जिला मंत्री अतुल श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र, अखिलेश मिश्र, जगदम्बा सिंह, नन्द किशोर मिश्र,जय प्रकाश शाही, विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, मोहन वर्मा, विवेकानंद पाण्डेय, विनय प्रकाश गोंड, डॉ असीम राय,पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर डॉ बच्चा पाण्डेय नवीन,सुदर्शन पाल,सन्तोष दत्त राय,विजय कुमार शुक्ल, मनोज जायसवाल, रमेश सिंह, विनोद कुमार भारती, सीता सिंह, विवेकानंद शुक्ल, रामगोपाल गुप्ता,बाबू नन्दन सिंह, अजय राय,राकेश जायसवाल,राजनेति कश्यप, सतीश चौधरी,दुर्गेश्वर वर्मा,संदीप सिंह, धन्नजय तिवारी, विश्वरंजन कुमार आनन्द, नमो नारायण मौर्य,चन्द्रप्रभा पाण्डेय, कन्हैया गोंड सहित सैंकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पारंपरिक तरीके से उत्साह के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनायी गयी होली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। होली और जुमे की नमाज एक ही दिन होने के कारण कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले में रंगों का त्योहार पारंपरिक उत्साह के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। होली के अवसर पर जिले में तमाम जगहो पर पारंपरिक नरसिंह जुलूस' भी निकाला गया।छिटपुट घटनाओं को छोड़कर पूरे जिले में शांति रही। जिन जगहों पर कुछ विवाद हुए, वहां पुलिस ने तत्परता दिखाई और समय रहते स्थिति संभाल ली गई।

जिले में ढाई हजार से अधिक स्थानों पर होलिका दहन के लिए संमत सजायी गयी थी। परंपरागत तरीके से गुरुवार की रात में फगुवा गीतों के बीच होलिका दहन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार की सुबह होलिका की राख लेकर युवक गांव में घर-घर घूमकर परंपरागत तरीके से होली मनाए। दिन के दस बजे के बाद लोगों ने रंग और गुलाल की होली शुरू की। पूरे दिन तक लोग होली के रंग में सराबोर रहे। शहरी व ग्रामीण अंचलों में कई जगहो पर मटका तोड़ने की परंपरा भी निभाई गई। कई लोग मुखौटा लगाकर स्कूटी-मोटरसाइकिल पर परिवार के साथ पिचकारी लेकर घूमते दिखे। डीजे की धुन पर लोगों ने नाच-गाकर अबीर-गुलाल उड़ाया।

कहना ना होगा कि जिले के तमाम क्षेत्रो में गंगा-जमुनी का अनूठी मिसाल देखने को मिली। हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग एक साथ होली के रंगों में रंगे नजर आए। दोपहर 2 बजे तक शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में होली का रंग छाया रहा। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोग जुमे की नमाज के लिए मस्जिदों की ओर प्रस्थान किये। होली और जुमे की नमाज एक ही दिन होने के कारणजिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा और सतर्कता के पुख्ता इंतजाम किया गया था। होली और जुमे की नमाज दोनों सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। हिंदू समुदाय ने जहां उत्साह से रंगोत्सव मनाई, वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगो ने शांतिपूर्वक नमाज अदा की। दोनों समुदायों ने आपसी भाईचारे का मिसाल प्रस्तुत किया जिसकी चहुओर सराहना की जा रही है।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार शाम को एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी, गांव का ही एक युवक, मिठाई देने के बहाने बच्ची को गांव से बाहर एक खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद बच्ची बेहोश हो गई, और आरोपी उसे कहीं फेंकने ले जा रहा था। हालांकि, बच्ची के परिजनों ने उसे ढूंढते हुए आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया और बच्ची को बचा लिया।

पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार शाम लगभग 6 बजे उनकी बेटी घर के पास एक दुकान पर कुछ खरीदने गई थी। इसी दौरान आरोपी युवक ने बच्ची को मिठाई का लालच देकर उसे गांव के पूर्वी हिस्से में स्थित एक खेत में ले गया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और उसे बेहोश छोड़ दिया। जब बच्ची घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसे ढूंढना शुरू किया। तभी उन्होंने आरोपी को बच्ची को बेहोशी की हालत में ले जाते हुए देखा और उसे रोक लिया।

घटना की सूचना परिजनों ने तुरंत डायल 112 को दी। पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया और मामले में थाना कुबेरस्थान पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2) और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक शोभनाथ, कांस्टेबल अविनाश यादव, अभिलाष यादव, संदीप कुमार और संतोष यादव की टीम शामिल रही।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हर्षोल्लास के साथ मनाया फाल्गुनोत्सव होली मिलन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना, कुशीनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पडरौना के नेतृत्व में फाल्गुनोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं होली मिलन समारोह का आयोजन शुक्ला मैरेज हॉल में किया गया । कार्यक्रम प्रारंभ से पहले भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सह विभाग संघचालक डॉ चन्द्रशेखर ने कहा कि इस फाल्गुनोत्सव के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। डॉ ने कहा कि आप सभी जिलेवासी प्रत्येक वर्ष होली पर्व को एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर हर्षोल्लास के साथ मनाएं। एक दूसरे को प्यार बाटे, सहयोग करें, मिलजुल कर रहें और देश के विकास में सहयोग करें और देश के प्रति समर्पित रहें।

इस अवसर पर लोक गायक अनीस सोनी के भक्ति गीत और होली गीत सुनकर सब लोग झूमने लगे ।

इस अवसर पर प्रांत सह गौ सेवा प्रमुख फुलबदन, सह विभाग संघचालक डॉ चन्द्रशेखर, जिला सह संघचालक महेंद्र गुप्ता, जिला प्रचारक अभय, नगर संघचालक डॉ प्रेमचंद सिंह, जिला कार्यवाह रविकीर्ति, अधिवक्ता अनूप सिंह, अधिवक्ता कृष्ण कुमार पाण्डेय, नगर कार्यवाह विशाल जायसवाल, नगर सेवा प्रमुख डॉ धनंजय मिश्र, प्रहलाद, अंकित, ममता मणि त्रिपाठी, सुनीता पांडेय, विहिप जिला अध्यक्ष मुकेश त्रिपाठी, रामकोला विधायक विनय गौड़, पूर्व विधायक कसया रजनीकांत मणि, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शिव कुमारी देवी, अधिवक्ता अनिल ठाकुर, दीनानाथ, दीपक अग्रवाल, सुमित, रामाश्रय, धीरेन्द्र, सनत पाण्डेय, माणिक्य, विशाल जायसवाल, शिवा, रवि सिंह, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बीएन मिश्रा, चंदन, शंभू मिश्र, अशोक अग्रवाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता बंका सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव मिश्र, मनोज कुमार पाण्डेय, विवेक पांडेय, सदाशिव मणि त्रिपाठी आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नारायणी नदी में डूबे युवक का शव तीन दिन बाद बरामद



कुशीनगर। तरयासुजान थाना क्षेत्र में होली के दिन नारायणी नदी में डूबे युवक का शव तीन दिन बाद बरामद हुआ। बिरवट कोहनवलिया गांव के 19 वर्षीय आशीष कुमार सिंह पुत्र ब्रिज किशोर सिंह 14 मार्च को होली के दिन नहाने गए थे, लेकिन पानी के तेज बहाव में बह गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें ढूंढने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।घटना के बाद प्रशासन ने शनिवार को एनडीआरफ टीम को बुलाया। टीम ने रविवार सुबह 8 बजे से तलाश शुरू की और दोपहर 1 बजे बांक खास के पास युवक का शव बरामद किया। तरयासुजान थाना प्रभारी के अनुसार, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस दुखद घटना से परिवार और गांव में शोक का माहौल है।

## अपहरण के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**राजापाकड़/कुशीनगर।** जनपद कुशीनगर में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तुर्कपट्टी थाना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने अपहरण के मुकदमे में वांछित अभियुक्त अजहर उर्फ जहरूद्दीन पुत्र सराफत निवासी बड़हरा बुजुर्ग, थाना विशुनपुरा, जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ थाना तुर्कपट्टी में मु0अ0सं0 65/25 धारा 137(2)/87 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत है। पुलिस द्वारा अभियुक्त से पूछताछ के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, उप निरीक्षक विनायक यादव, कांस्टेबल अभिषेक यादव और कांस्टेबल प्रवीण यादव शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं।

# श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 272 करोड़ रुपये जीएसटी के रूप में दिये सरकार को

एजेंसी

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 272 करोड़ रुपये जीएसटी के रूप में सरकार को भुगतान किया है, जबकि सात करोड़ चालिस लाख रुपये लेबर फंड के तौर श्रमिकों के लिये भुगतान किया गया है।

श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिरामदास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास की अध्यक्षता में यह बैठक आज सम्पन्न हुई, जिसमें इस मौके पर चार सदस्य विशेष आमंत्रित के तौर पर और चार सदस्य वर्चुअल के तौर पर बैठक में शामिल हुए। पदेन सदस्य जिलाधिकारी अवकाश रहने के कारण कार्यवाहक जिलाधिकारी बैठक में शामिल हुए हैं। ट्रस्ट के दो सदस्य अनुपस्थित रहे। व्यवस्तता के कारण राज्य सरकार के पदेन सदस्य भी नहीं शामिल हुए। ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल के निधन से उनका स्थान रिक्त हुआ है। सदस्य कामेश्वर चौपाल और पुजारी सत्येंद्र दास को इस बैठक में सभी सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी।

बैठक में बताया गया कि पांच फरवरी 2020 को ट्रस्ट का गठन हुआ था। पांच वर्षों में ट्रस्ट के एकाउंट से सरकार की विभिन्न एजेंसियों में 396 करोड़ का भुगतान है। अकेले जीएसटी 272 करोड़ रुपये सरकार को भुगतान किया गया है। ट्रस्ट के अनुसार 39 करोड़ रुपये गर्वमेंट के एकाउंट में जमा किया गया। रायल्टी के 14 करोड़ 90 लाख रुपये खर्च हुए हैं। 07 करोड़ 40 लाख रुपये लेबर फंड के तौर पर भुगतान किया गया है। इंश्योरेंस पॉलिसी में चार करोड़ रुपये भुगतान किया गया है। अयोध्या विकास प्राधिकरण को जन्मभूमि के नक्शे के लिए पांच करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। ट्रस्ट के मुताबिक अयोध्या में खरीदी गयी जमीन रजिस्ट्रेशन फीस रिवेन्यू टैक्स के तौर पर 29 करोड़ रुपये भुगतान किया गया। दस करोड़ का बिजली बिल भुगतान किया है। चौदह करोड़ नब्बे लाख रुपये रॉयल्टी के तौर पर भुगतान किया गया है।ट्रस्टी ने बताया कि पांच वर्षों में 2150 करोड़ रुपये कुल खर्च किया गया है। सरकार को 18 परसेंट टैक्स भुगतान किया गया है। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से दिया गया है।

उन्होंने बताया कि दो सौ करोड़ रुपये का काम, रामकथा संग्रहालय सभागार ट्रस्ट ऑफिस विश्राम स्थल का निर्माण सत्तर एकड़ में तीन द्वार का निर्माण करेगा। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम पांच वर्षों में समर्पित की गयी रामभक्तों के द्वारा चांदी भारत सरकार के संस्थापक को 944 किलो सौंपी गयी है। चांदी की शुद्धता लगभग 92 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि शुद्ध चांदी को बीस-बीस किलो की ईंट बनकर आ गयी है जो दो वर्षों की मेहनत के बाद तैयार हुई है। मंदिर निर्माण को लेकर के भी बैठक में दी गई है जानकारी के अनुसार जून तक तैयार हो जाएगा रामलला का मंदिर,परकोटा निर्माण का कार्य लगभग चलेगा अक्टूबर तक,शबरी निषाद और ऋषियों के सप्त मंदिर मई माह में हो जाएंगे पूरे, शेषा अवतार मंदिर का निर्माण अगस्त में होगा पूरा,मंदिर निर्माण का कार्य 96 प्रतिशत हुआ है पूरा,संत तुलसीदास जी की प्रतिमा अपने स्थान पर हो गई है स्थापित, रामनवमी को तुलसीदास के प्रतिमा का कर दिया जाएगा अनावरण, जनता के दर्शन के लिए होंगे उपलब्ध, 30 अप्रैल तक राम मंदिर में बनाए जाने वाले सभी मंदिर की मूर्तियां अपने स्थान पर हो जाएगी स्थापित, राम मंदिर में यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया जाएगा गेस्ट हाउस, यात्रियों के सहयोग से नॉमिनल खर्च देकर के यात्री ले सकते हैं इसका लाभ, 29 मार्च से रामनवमी के उपलक्ष में अंगद टिला पर होगी अतुल कृष्ण भारद्वाज की राम कथा, राम जन्म भूमि में भगवान के फूल बंगला भोग और आरती करवा सकेंगे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत सोहिलपर, विकास खण्ड–हरख, बाराबंकी।

पत्रांक-/ निविदा/2024-25/ मनरेगा / कार्या./ग्रापं. सोहिलपुर दिनांक :-

## – निविदा सूचनाः–

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड-हरख, जनपद-बाराबंकी की ग्राम पंचायत सोहिलपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्नवत कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक पंजीकृत फर्म सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नांकित विवरण के अनुसार ग्राम पंचायत कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त करते हुए निर्धारित तिथि में टेण्डर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय को उपलब्ध करायेगें।

### टेण्डर सम्बन्धी विवरणः–

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेण्डर फार्म प्राप्त करने की तिथि | 17. 03. 2025 से 22.03 .2025 उपरांत 5 बजे |
| 2 | टेण्डर फार्म जमा करने अन्तिम तिथि | 23.3.2025 |
| 3 | टेण्डर खुलने की तिथि एवं स्थान | 24.3.2025 ग्राम पंचायत कार्यालय |

### – : कार्य एवं सामग्री सम्बन्धी विवरणः–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि | सामग्री हेतु स्वीकृत धनराशि | सामग्री का विवरण | सामग्री की मात्रा | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सोहिलपुर में बृजेश के घर से प्रेम चन्द्र व संगतसरन के घर होते हुए जव्वार के घर तक इण्टरलाकिंग | 885324= | 735839= | | | |
| 1<br>2<br>3<br>4<br>5<br>6<br>7 | | | | ईंट प्रथम श्रेणी<br>ईंट गिट्टी<br>सीमेंट<br>मौरंग<br>बालू<br>लोकल बालू<br>इण्टरलाकिंग टाईल्स 80 एमएम | 17240 नग<br>32.34 घनमीटर<br>8.14 टन<br>10.31 घनमीटर<br>18.24 घनमीटर<br>33.35 घनमीटर<br>513.04 वर्गमीटर | तीन माह |

### नियम व शर्तेः–

01. निविदा स्वीकृति के पश्चात मांग के अनुरूप निर्धारित समयावधि में आपूर्तिकर्ता को सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध करानी होगी।

02. सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जायेगी।

03. जी.एस.टी. का भुगतान जो दर में सम्मिलित है, आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा।

सचिव<br>अक्षिता अस्थाना<br>ग्राम पंचायत सोहिलपुर<br>वि.ख. हरख, बाराबंकी

प्रधान<br>आशा<br>ग्राम पंचायत सोहिलपुर<br>वि.ख. हरख, बाराबंकी


# भाजपा ने की प्रदेश भर में जिलाध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों की सूची जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लंबे समय से प्रतीक्षित पार्टी जिलाध्यक्षों और महानगर अध्यक्ष की आज सूची जारी कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश की कुल 98 संगठनात्मक जिला इकाइयों (जिला और महानगर समेत) में 70 जिलाध्यक्षों के नाम घोषित किये गये हैं और बाकी 28 जिला इकाइयों के अध्यक्ष बाद में घोषित किये जाएंगे। भाजपा के उत्तर प्रदेश निर्वाचन अधिकारी और पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय ने बताया कि प्रदेश में 70 जिलाध्यक्षों की रविवार को घोषणा की गयी है। इन जिलाध्यक्षों में 39 सामान्य वर्ग के, 25 अन्य पिछड़ा वर्ग और छह अनुसूचित जाति से संबंधित हैं जबकि पांच महिलाएं भी शामिल हैं।

पार्टी के मुताबिक विजय मौर्य को लखनऊ जिला इकाई का अध्यक्ष, आनंद द्विवेदी को लखनऊ महानगर का, प्रदीप अग्रहरि को वाराणसी महानगर इकाई का, जनार्दन तिवारी को गोरखपुर जिला इकाई का और देवेश श्रीवास्तव को गोरखपुर महानगर इकाई का अध्यक्ष नामित किया गया है. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने नए पार्टी जिलाध्यक्ष बनाए गए नेताओं को बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने ह्ल एक्सङ्क पर लिखा ''उत्तर प्रदेश में भाजपा के सभी नवनियुक्त जिला एवं महानगर अध्यक्ष को हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि आप सभी भाजपा की नीतियों और सिद्धांतों का पालन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे और उ. प्र. में मा. प्रधानमंत्री जी के सुरक्षा एवं सुशासन के अभियान को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे। सभी को उज्जवल कार्यकाल हेतु अनंत शुभकामनाएं।''

मेरठ से विवेक रस्तोगी, अमेठी से सुधांशु शुक्ला, फिरोजाबाद से सतीश दिवाकर, बुलंदशहर से विकास चौहान, हरदोई से अजीत सिंह बबन, कुशीनगर से दुर्गेश राय, उन्नाव से अनुराग अवस्थी, रामपुर से हरीश गंगवार, कासगंज से नीरज शर्मा भाजपा के नए जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं। नोएडा में महेश चौहान को भाजपा का महानगर अध्यक्ष घोषित कर दिया गया है और गौतमबुद्धनगर जिले में अभिषेक शर्मा को जिला अध्यक्ष घोषित कर दिया गया है। ललितपुर से हरीश चंद्र रावत, गाजीपुर से ओम प्रकाश राय, मैनपुरी से ममता राजपूत, रामपुर से हरीश गंगवार और मुरादाबाद से आकाश पाल को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। मुरादाबाद महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी गिरीश मंडुला को सौंपी गयी है। आजमगढ़ में ध्रुव कुमार सिंह, संतकबीरनगर में नीतू सिंह, महाराजगंज में अशोक उर्फ संजय पांडेय, बस्ती में विवेकानंद मिश्र, मऊ में रामाश्रय मौर्य, कुशीनगर से दुर्गेश राय, बलिया में संजय मिश्र को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। गाजियाबाद में चैनपाल सिंह को जिलाध्यक्ष और मयंक गोयल को महानगर अध्यक्ष, संभल में हरेंद्र चौधरी, मुजफ्फरनगर में सुधीर सैनी, सहारनपुर महानगर में शीतल विश्नोई को, बुलंदशहर में विकास चौहान जिम्मेदारी मिली है। बदायूं से राजीव गुप्ता और बरेली से सोमपाल शर्मा जिलाध्यक्ष और अधीर सक्सेना महानगर अध्यक्ष चुने गए हैं।

बहराइच से सर्वेश कठेरिया, मथुरा से राजू यादव, कन्नौज से वीर सिंह भदौरिया, कासगंज से नीरज शर्मा, रायबरेली से बुद्धिलाल, लालगंज से विनोद राजभर भाजपा के नए जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं। वहीं इटावा से अनूप गुप्ता, झांसी महानगर से प्रदीप पटेल , बांदा से कल्लू राजपूत, महोबा से मोहनलाल कुशवाह, चित्रकूट से महेंद्र कोटार्य को जिलाध्यक्ष बनाया है। आगरा में महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी राजकुमार गुप्ता को मिली है।

कानपुर महानगर उत्तर से अनिल दीक्षित जबकि कानपुर महानगर दक्षिण से शिवराम सिंह चौहान , कानपुर देहाद से रेणुका सचान, कानपुर ग्रामीण से उपेंद्र नाथ पासवान, फर्रुखाबाद से फतेहचंद वर्मा, गोंडा से अमर किशोर कश्यप, श्रावस्ती से मिश्री लाल वर्मा, बलरामपुर से ब्रजेश पांडेय, प्रतापगढ़ से आशीष श्रीवास्तव, मछलीशहर से डॉ अजय कुमार सिंह, सुल्तानपुर से सुशील त्रिपाठी, गाजीपुर से ओमप्रकाश राय , सोनभद्र से नंदलाल गुप्ता, प्रयागराज गंगापार से निर्मला पासवान, प्रयागराज यमुनापार से राजेश शुक्ला, प्रयागराज महानगर से संजय गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# एक्स पर शेयर की गयी शिकायतों की रिप्लाई नहीं देना उचित नहीं समझता खाकी का मीडिया सेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । पुलिस अफसरों के पास अक्सर दूसरे पक्ष के दबाव में एफआईआर न दर्ज करने का आरोप फरियादी लगाते हैं।शिकायत करने पर लोकल पुलिस किसी न किसी लाभ के चक्कर में फरियादी की पीड़ा को अनसुनी कर देती है। कई बार पुलिसकर्मी विपक्षी से बात करके मामले को निपटाने का आश्वासन देते हैं। इसलिए उनकी कोशिश रहती है कि थाने पर एफआईआर लिखने के बजाय मामले में सुलह करा दी जाए।

**पुलिस की अनदेखी से बड़ी संख्या में मामले पेंडिंग**

**केस-1**

शहर के गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने रोडवेज बस स्टैंड के निकट सड़क पर अवैध टैक्सी स्टैंड चल रहा है।इससे आमतौर पर हाईवे पर खड़े वाहन आने-जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और दुर्घटनाओं का भी




शिकार होना पड़ता है।ट्विटर (एक्स) के माध्यम से पुलिस अफसरों से सड़क पर अवैध टैक्सी स्टैंड से मुक्ति दिलाने के लिए आवाज उठाई जाती है, ले किन इसका समाधान नहीं किया जा रहा है।यूपी पुलिस और गोंडा पुलिस ने ट्विटर (एक्स) पर जवाब दिया कि मामले में जांच व कार्रवाई के लिए यातायात प्रभारी निरी क्षक को निर्देशित किया गया है।

## फरियादियों की कंप्लेन पर सिर्फ निर्देश की घुट्टी दे रही गोंडा पुलिस

**केस-2**

वजीरगंज थाना क्षेत्र में दो माह पहले एक व्यक्ति की नाबालिग लड़की का अपहरण हो जाता है, जिसकी गुमशुदगी थाने में दर्द होती है। पीड़ित बेटी की बरामदगी के लिए अपनी फरियाद लेकर वजीरगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह के पास पहुंचता है तो थानाध्यक्ष उसे मां-बहन की गालियां देकर थाने में जूते से मारेंगे, कहकर भगा देने की बात कही जाती है, जिसका ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भी पुलिस अधीक्षक ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने एसपी के दरबार में भी न्याय की गुहार लगाई और वायरल ऑडियो की खबर कई अखबारों में प्रकाशित हुई, लेकिन इसके बाद भी पीड़ित की कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रकाशित खबरों को एक्स पर भी आईजी व एसपी समेत अन्य उच्चाधिकारियों को टैग कर शेयर किया गया, लेकिन गोण्डा पुलिस द्वारा इसका रिप्लाई तक नहीं दिया गया। गोंडा पुलिस पिछले कुछ महीने से एक्स पर रिप्लाई ही नहीं दे रही है। ट्विटर को इग्नोर कर दिया जाता है। वहीं राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, डीजीपी व एडीजी के यहां से तो ट्विटर पर रिप्लाई आती रहती है, लेकिन गोंडा पुलिस ट्विटर पर रिप्लाई देने में अपनी तौहीन समझती है। यह सिर्फ पब्लिक की पीड़ा नहीं, बल्कि पुलिसिया लापरवाही की बानगी भी है। रोजाना थानों में आने वाले दर्जनों मामलों पर जब कार्रवाई नहीं होती है तो पीड़ित अपनी बात ट्विटर पर साझा करते हैं। यहां भी जांच व कार्रवाई के नाम पर सिर्फ निर्देश देने की खानापूर्ति की जा रही है, जबकि अफसर बार-बार कह रहे हैं कि थानों पर ही पब्लिक की सुन ली जाए और न्याय दिलाई जाए। तहरीर मिलने पर केस दर्ज करके विवेचना की जाए। मामला फर्जी मिले तो केस खत्म करके झूठी सूचना देने वालों पर कार्रवाई हो, पर तमाम हिदायतों के बाद भी पीड़ितों को गोंडा पुलिस न्याय नहीं दे पा रही है।वरिष्ठ अफसरों से शिकायत की जाती है कि थाने पर उनकी नहीं सुनी जा रही है, तो वे पीड़ितों को दोबारा थाने की ही राह दिखा देते हैं, जिससे पब्लिक परेशान रहती है।

**केस -3**

14 फरवरी को देहात कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुभागपुर (छिपयनपुरवा ) में कुछ अराजक तत्वों ने आकाश ओझा जानलेवा हमला बोल दिया था जिनका इलाज लखनऊ के मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर में चल र हा है जबकि चोटहिल आकाश ओझा अस्पताल में जी वन और मृत्यु के बीच झेल रहा है।जबकि देहात कोतवाली पुलिस ने इतने बड़े गंभीर मामले में एनसीआर दर्ज करके खानापूर्ति कर ली है और गंभीर रूप से घायल आकाश ओझा के बारे में और जानने की कोशिश भी नहीं की गई है की आकाश ओझा की तबीयत कैसी है।

**फैक्ट एंड फीगर**

औसतन हर रोज अफसरों के पास 50 से अधिक मामले पहुंचते हैं। एसपी, एएसपी, आईजी के यहां लोग गुहार लगाते हैं। पुलिस के ट्विटर, वाट्सएप ग्रुप पर शिकायत करने की व्यवस्था है। जनसुनवाई पोर्टल पर भी लिखित आवेदन कर सकते हैं। जिले में हर स्तर पर रोजाना औसतन 100 कंप्लेन हो रही है। सभी थानों पर पीड़ितों की शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं।साथ ही ट्विटर पर कोई भी शिकायत आती है तो मीडिया सेल में बैठे गोंडा पुलिस के कर्मचारी संबंधित थाने और अफसरों को भेजने के बजाय उसे इग्नोर कर देते हैं, ताकि उस मामले में कोई त्वरित कार्रवाई न हो सके और अपराध का ग्राफ योगी सरकार को बढ़ता न दिखाई दे।

## दबंगों ने जला दिया छप्पर मुकदमा दर्ज करने से कतरा रही पुलिस

सुलतानपुर। देहात कोतवाली क्षेत्र के पखरौली गांव में दबंगों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देकर सनसनी फैला दिया है। बेख़ौफ़ दबंग ने एक महिला का छप्पर फूँक दिया, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की सूचना पर 112 की पुलिस मौके पर पहुंची तो दबंग युवक अपने परिजनों के साथ वर्दीधारी का कालर पकड़ लिया और अभद्रता की। वही सूत्रों की मानें की माने तो सिपाही की वर्दी फाड़ डाली, थाने से फ़ोर्स बुलाई गई तो स्थिति काबू आई। थाने की पुलिस फ़ोर्स पहुंची तो दबंग युवक को उठा कर ले गई, बावजूद इसके पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बजाय लीपापोती में जुटी है। घटना 12 मार्च की रात की है। दबंग युवक को कुछ ही घंटो में थाने से छोड़ दिया गया, जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। पीड़ित महिला का कहना है कि उसे दबंग व उसके परिवार वाले जान मारने की धमकी दे रहे हैं। इस बाबत देहात कोतवाल सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि, अभी मामले को दिखवा रहे हैं।

# प्रेम प्रसंग में हुईं इंद्रभान उर्फ छोटू की हत्या, हत्यारे गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा:जिले में एक युवक की प्रेम प्रसंग में हत्या कर दी ग ई।नगर कोतवाली पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।25 वर्षीय इंद्रभान सिंह उर्फ छोटू की कल सिर कटी लाश दत्त नगर गांव के पास गेहूं के खेत से बरामद हुई।वह पिछले पांच दिनों से लापता था।मृतक के पिता हीरा सिंह की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी जांच में पता चला कि इंद्रभान,आरोपी मनोज कुमार कोरी और संजय कोरी के साथ पेंटिंग का काम करता था।इस दौरान वह उनकी बहन से बात करने लगा।दोनों भाइयों ने उसे ऐसा करने से मना किया। लेकि न इंद्रभान ने न केवल बात करना जारी रखा,बल्कि उनकी बहन से शादी के लिए दबाव भी बनाने लगा।आरोपी भाइ यों ने कई बार




इंद्रभान उर्फ़ छोटू को समझाने की कोशिश की।जब वह नहीं माना,तो दोनों ने अपने साथी अक्षय को री के साथ मिलकर उसकी हत्या की योजना बनाई।11 मार्च की रात को तीनों ने शराब के नशे में गड़ासे से इंद्र भान का गला काट दिया और शव को गेहूं के खेत में छिपा दिया।वही अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के अनुसार,घटना के खुलासे के लिए एसओजी,सर्विलांस और नगर कोतवाली समेत चार पुलिस टीमें लगाई गई थीं। आरोपियों से हत्या में प्रयुक्त गड़ासा बरामद कर लिया गया है।तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# डीजीपी साहब ! गालीबाज थानेदार पर क्यों नहीं हो रही कार्रवाई पूछ रहा पीड़ित परिवार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । नाबालिग लड़की की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी की फरियाद लेकर पीड़ित पिता-पुत्र दो महीने से वजीरगंज थाने की परिक्रमा कर रहे हैं।दोनों ने पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र दिया और इंसाफ की गुहार लगाई थी लेकिन इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

थक-हारकर पीड़ित फरियाद लेकर फिर वजीरगंज थाने पर पहुंचे,जहां थानेदार अभय सिंह बात ही बात में भड़क गए और उन्हें न सिर्फ मां बहन की भद्दी-भद्दी गालियां दी, बल्कि गालियां देते हुए थाने से भगा दिया।बदजुबान थाने दार द्वारा पीड़ित को गालियां देने का ऑडियो सोशल मी डिया पर खूब वायरल हो रहा है।मीडिया में भी खबरें प्रका शित और प्रसारित हुई लेकिन इसके बाद भी वजीरगंज थानाध्यक्ष को अभय-दान मिला हुआ है।हालांकि,वायरल ऑडियो की पुष्टि 'कैनविज टाइम्स' नहीं करता है।बताते चलें कि जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रह ने वाली एक नाबालिग लड़की दो माह पहले रात्रि में अचा नक घर से




गायब हो गयी।इस मामले में पीड़ित ने पहले अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।मुकदमा दर्ज होने के बाद पीड़ित को जानकारी मिली कि उसकी पुत्री को उसके सगे भाई की बहु,पुत्री व उसके साले द्वारा साठगांठ करके सीतापुर के रहने वाले एक व्यक्ति ने शादी का झांसा देकर गायब कर दिया है।पीड़ित पिता ने वजीरगंज पुलिस को तहरीर दी और आशंका जताई कि उसकी पुत्री का शा रीरिक शोषण करके उसकी हत्या कर शव को गायब कर दिया गया है,जिससे उसकी बेटी का पता नहीं चल पा रहा है।पीड़ित ने बताया कि उसके द्वारा की गयी शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने सीतापुर के रहने वाले आरोपी को हिरा सत में लिया,लेकिन उसकी उक्त

**दो महीने से अपहृत नाबालिग बेटी की बरामदगी की लिए दर-दर भटक रहा पीड़ित परिवार..**

**फरियाद लेकर पहुंचे पीड़ित को मां-बहन की गालियां देते हुए थानेदार ने भगाया**

**सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल होने के बाद भी जिले के जिले के एसपी साहब मेहरबान**

आपराधिक मुकदमे में न तो गिरफ्तारी दिखाई और न ही जेल भेजा गया,बल्कि अनुचित लाभलेकर धारा 151 के तहत चालान कर दिया गया।वजीरगंज पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्र वाई न किए जाने से निराश होकर पीड़ित पुलिस अधीक्षक के दरबार में पेश हुआ और आरोपियों के विरूद्ध जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई।पीड़ित ने ब ताया कि उसने अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमे में नामजद आरोपियों को मुल्जिम बनाए जाने तथा धारा ओं में बढ़ोतरी किए जाने की मांग की।उसने पुलिस अधी क्षक विनीत जायसवाल को बताया कि आरोपियों द्वारा उस पर दबाव बनाया जा रहा है और पैरवी बंद कर देने की धमकी दी जा रही है।

**थानेदार की बदजुबानी का जिम्मेदार कौन ?**

सोशल मीडिया पर वायरल आडियो से वजीरगंज के गाली बाज थानेदार के साथ ही पुलिस विभाग की भी खूब छी छालेदर हो रही है।इसके साथ ही योगी सरकार और जिले व रेंज में बैठे आला अधिकारियों की भी छवि धूमिल हो रही है,लेकिन इसकी परवाह न तो गालीबाज थानेदार को है और न ही अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को।वहीं दूसरी तरफ वायरल आडियो को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा तरह-तरह के कमेंट किए जा रहे हैं।बदजुबान थानेदा र की बेलगामी का जिम्मेदार कोई योगी सरकार या फिर उच्चाधिकारियों को ठहरा रहा है तो कोई सिस्टम को ही कटघरे में खड़ा कर रहा है।हालांकि,छीछालेदर होने के बाद भी वजीरगंज के थानेदार को अभय-दान मिला हुआ है।

# होलिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन अध्यक्ष ने ज्ञापित किया धन्यवाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। बहराइच होली समिति (रजि.) के तत्वावधान में होलिकोत्सव कार्यक्रम के मद्देनजर शहर के घण्टाघर पार्क में भजन गायक पंकज निगम के नेतृत्व में रंगोत्सव के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रांगण मध्य रात्रि तक गुलजार रहा। जहां कार्यक्रम में प्ले बैक सिंगर, सोशल मीडिया फ़ेम, यू ट्यूबर झुल्लुर दादा के गीत, संगीत ने समा बांधा वहीं मुंबई के डांस ट्रुप व उत्तराखंड से आये शिवम राज ग्रुप ने एक से एक बढ़कर प्रस्तुति ने सबको रोक रखा।

शनिवार की शाम घण्टाघर प्रांगण में गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में दूर-दराज से दर्शक दोपहर से ही जुटने लगें थे जिसमें महिलाये अधिसंख्य में थी।कार्यक्रम के आकर्षण झुल्लुर दादा के मंच पर पहुंचते ही तालियों की गड़गड़ाहट से प्रांगण गूंज उठा।जैसे ही उन्होंने अपना चर्चित लाखों बार देखा,सुने जाने वाला गाना ''ये पहली



बार का मिलना भी कितना पागल कर देता '' सुनाया दर्शक झूम उठे। फिर उसके बाद तो गीत, संगीत की कतार से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।वहीं दूसरी ओर से मुंबई डांस ट्रुप व उत्तराखंड से आए शिवम राज ग्रुप के मनमोहक प्रस्तुतियो ने अपनी ओर खींच रखा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बॉलीवुड नाईट, राजस्थानी फोक, होली गीत, बरसाने की फूलों की होली ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में अमिट छाप छोड़ी। मंच का शानदार संचालन श्रवण सुल्तानपुरी ने किया जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। धन्यवाद ज्ञापन समिति के अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी दाऊ जी ने किया। कार्यक्रम के दौरान सुमित कुमार खन्ना, कृष्ण गोपाल तायल,सुरेश गुप्ता,सुदामा मिश्रा,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, अद्वैत शैलवरांश,कन्हैया सोनी,विष्णु कुमार शर्मा,उमा शंकर सोनी,राजेन्द्र कुमार उर्फ युवराज,मंदीप सिंह वालिया,योगेंद्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र कुमार गुप्ता,अंकित सिंह,नितिन रूपानी,गौरव गुप्ता,अजय जायसवाल, आनन्द कुमार कक्कू,अनुराग रस्तोगी,राहुल रॉय, देवेन्द्र कुमार मिश्रा,मनीष रस्तोगी,अमित टण्डन,मनोज मिर्ची,कन्हैया यज्ञसैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नानपारा की 8 वर्षीय एमन ने रखा पहला रोज़ा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। नानपारा के वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय पत्रकार वेलफ़ेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राशिद अली की 8 वर्षीय भांजी ने अपना पहला रोज़ा रखा पहला रोज़ा रखने की खुशी में परिजनों ने बच्ची की रोजा कुशाई पार्टी का आयोजन किया। आपको बता दे भारतीय पत्रकार वेलफ़ेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राशिद अली की 8 वर्षीय भांजी एमन खान ने अपना पहला रोज़ा रखा तो उनके पिता शाहिद अली खान ने इस खुशी में बेटी की रोज़ा कुशाई पार्टी का आयोजन किया। इस दौरान सैकड़ों रोजदारों ने रोज़ा इफ्तार किया पहला रोज़ा रखने वाली एमन ने देश में अमन चैन के लिए दुआ की। एमन ने बताया कि रोज़ा रखकर बहुत अच्छा लगा है इस रोज़ा कुशाई पार्टी में मुख्य रूप से बच्ची के नाना और फल मंडी यूनियन के अध्यक्ष हाज़ी लियाकत अली, मामू



**पहली बार रोज़ा रखने पर की गई रोज़ा कुशाई**

पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी शौकत अली फैजी, आसिफ अली शेख, शरीफ शेख, तारिक अली, मुफ्ती अब्दुल्ला खान, ज़ैद खान, परवेज खान, फिरोज़ खान, सूफियान शेख, तंजील शेख, रफत खान, अनस फैजी, पूर्व सभासद प्रत्याशी नगर पालिका परिषद नानपारा श्रीमती शाहाना खातून, सलमा शेख, फैज़ खान, रोशनी शेख, अरबिया शेख, अंतशल शेख, आदि सैकड़ों रोजदारों मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह मार्च के तृतीय शनिवार 15 मार्च को स्थानीय अवकाश तथा 16 मार्च को रविवार राजकीय अवकाश होने के कारण 17 मार्च 2025 को तहसील सदर बहराइच में जिलाधिकारी तथा तहसील पयागपुर में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

## राजनैतिक दलों के साथ बैठक आज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि राजनैतिक दलों द्वारा उठाये गये बिन्दुओं के सम्बन्ध में 17 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई है। श्री रंजन ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## शिक्षित युवक युवतियों के लिए विदेशों में नौकरी के लिए सुनहरा अवसर

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत सरकार, एनएसडीसी एवं फ़ेयर स्ट्रीट के संयुक्त प्रयास से इजराइल, जापान एवं जर्मनी में प्रदेश के प्रशिक्षित युवक-युवतियों के लिए होमबेस्ड केयरगीवर, पेशेन्ट केयर, केयरगीवर एवं नर्सिंग के पदों पर भेजा जायेगा। इजराइल में होमबेस्ड केयरगीवर के 5000 पदों के लिए 25 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवक युवतियां जिनके पास न्यूनतम एक वर्ष से अधिक का अनुभव, अंग्रेजी भाषा का ज्ञान, तीन वर्ष का वैध पासपोर्ट, शैक्षिक योग्यता एएनएम/आग्जेलरी नर्स मेडवाइफरी में डिप्लोमा अनिवार्य होगा। चयनित अभ्यर्थी को रू. 1,31,818=00 प्रतिमाह वेतन देय होगा व समयावधि 02 वर्ष होगी। इसी प्रकार जापान में केयरगीवर एवं केयर टेकर के 50 पदों के लिये वॉछित अर्हता तीन माह से चार वर्ष का अनुभव रखने वाले 20 से 27 वर्ष आये वर्ग के युवक युवतियां जिन्हें अंग्रेजी भाषा का ज्ञान (लिखना, पढना, बोलना जानते हो), शैक्षिक योग्यता बीएससी नर्सिंग, एएनएम/आग्जेलरी नर्स मेडवाइफरी में डिप्लोमा अनिवार्य है। इस पद के लिए प्रति माह रू. 1,16,976=00 वेतन देय होगा व समयावधि 05 वर्ष होगी।

इसके अलावा जर्मनी में नर्सिंग के 250 पदों हेतु 24 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवक युवतियां जिनके पास न्यूनतम 01 वर्ष से अधिक का अनुभव, अंग्रेजी भाषा का ज्ञान (लिखना, पढना, बोलना जानते हों), शैक्षिक योग्यता, बीएससी नर्सिंग, एएनएम/आग्जेलरी नर्स मेडवाइफरी में डिप्लोमा अनिवार्य है। इस पद के लिए प्रति माह रू. 2,29,925=00 वेतन देय होगा व समयावधि 02 वर्ष होगी। नियोजक फ़ेयर स्ट्रीट द्वारा नर्सिंग हेतु 1000 पदों पर भर्ती हेतु फ्रेशर के साथ-साथ नर्सिंग पाठ्यक्रम के अन्तिम वर्ष की छात्र-छात्राएं भी आवेदन कर सकते हैं।

यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इच्छुक युवक युवतियां रोज़गार संगम डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पोर्टल पर 31 मार्च 2025 तक जाब सीकर के रूप में पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये जिला सेवायोजन अधिकारी, बहराइच के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

## गौरीगंज में श्री श्याम निशानोत्सव एवं भजन संध्या कल होगी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा गौरीगंज के सैंठा मार्ग पर स्थित गंगा प्रसाद मैरिज लान गीतांजलि बैंकेट हाल के प्रांगण में आगामी अठारह मार्च को बाबा श्याम का भव्य संकीर्तन आयोजित किया जायेगा।श्री श्याम मित्र मण्डल गौरीगंज के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में कानपुर की सुप्रसिद्ध भजन गायिका दीपांशी तिवारी द्वारा भव्य भजन प्रस्तुत किया जायेगा। आयोजन समिति द्वारा आम जनमानस से भव्य संकीर्तन समारोह में शामिल होने की अपील की गई है।

## चाट फिरोजपुर में विधवा महिला की जमीन से करवा दिया मिट्टी खनन, मामले में पुलिस से शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव चाट फिरोजपुर की रहने वाली विधवा महिला जावित्री देवी ने रविवार एक बजे बताया कि उसने अपनी कृषि भूमि गांव के रहने वाले तेजराम पासवन पुत्र रोशनलाल को ठेके पर दी थी। आरोप है उसने छम्मनलाल पासवन और वीर सिंह के साथ मिलकर उसकी कृषि भूमि से चोरी छुपी मिट्टी निकलवा दी। विधवा महिला को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने विधवा महिला के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले में पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है।

# देहात कोतवाली बेलगाम कोतवाल नहीं सुनते पीड़ित की फरियाद, जिम्मेदार कर रहे बड़ी घटना का इंतजार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । सूबे के डीजीपी प्रशांत कुमार और देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक थानों पर फरियाद लेकर आने वाले पीड़ितों के प्रति जितने संवेदनशील हैं, उससे कहीं ज्यादा उनके मातहत निरंकुश और बदजुबान हैं। वजीर गंज थानाध्यक्ष द्वारा फरियादी को मां-बहन की गालियां देकर थाने से भगा दिया जाता है, जिसका ऑडियो वायरल होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। वहीं दूसरी तरफ,कोतवाली देहात क्षेत्र में ताबड़तोड़ घटनाएं होने के बाद भी महज मामूली धाराओं में एफ आईआर दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डालने का खेल खेला जा रहा है।जिले के देहात कोतवाल की कार्यशैली और निरंकुशता पर पिछले महीने देवीपाटन रेंज,गोण्डा के आईजी अमित पाठक स्वयं तीखी टिप्पणी कर चुके हैं।इसके बावजूद सिस्टम बेपटरी है और यहां पीड़ितों को न्याय मिल पाना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।देहात कोत वाली क्षेत्र के उजैनी पकड़िया मनिहारन गांव की रहने वाली जरीना बानो को 16 मार्च की सुबह करीब 10 बजे गांव के ही अजीज, वकील व ननके ने मामूली बात को लेकर बेरहमी से मारा-पीटा। पीड़िता कोतवाली पहुंची और तहरीर दी लेकिन







महिला सिपाही इधर-उधर दौड़ाती रही। कोतवाली क्षेत्र के सुभागपुर निवासी आकाश ओझा पर 14 मार्च को जानलेवा हमला कर दिया गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में देहात कोतवाल द्वारा एनसीआर दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया, जबकि घायल आकाश ओझा लखनऊ ट्रामा सेंटर में एडमिट है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। देहात कोतवाली क्षेत्र के ही सुभागपुर सेठ गांव मदरहा में 16 मार्च को दबंगों द्वारा जमकर लाठियां भांजी गयीं और ईंट-पत्थर चलाए गए, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस मामले में पीड़िता उमा देवी पत्नी महेश नरायन द्वारा गांव के ही जाकिर,शाकिर,बकरीदी व सोनू के खिलाफ तहरीर दी गयी।आरोप लगाया गया है कि दबंगों द्वारा उमा देवी व उसकी पुत्री मिथिलेश



पाण्डेय को बुरी तरह पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी जा रही है।वहीं दूसरी तरफ दूसरे पक्ष की खैरूल पत्नी जाकिर ने तहरीर दी है जिसमें महेश नरायन,उमा,मिथलेश संजय, नीरज, व अज्ञात लोगों पर घर में घुसकर 20 हजार रूपए, जेवर उठा ले जाने तथा घर के सामानों को तोड़फोड़ देने का आरोप लगाया है।इस गंभीर मामले में भी कोतवाली देहात पुलिस चुप्पी साधे हुए है।शायद उसे किसी गंभीर घटना का इंतजार है।ये घटनाएं तो महज बानगी हैं।देहात कोतवा ल की कार्यशैली इन दिनों आम जन में चर्चा का विषय बनी हुई है। देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूरे खेमकरन चंदवतपुर की रहने वाली महिला पत्रकार रूबी अवस्थी तथा उनके परिजनों को शुक्रवार की शाम को दबंगों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। हद तो तब हो गई जब जिला अस्पताल में भर्ती घायलों को देखने पहुंचने वालों को भी दबंगों द्वारा धमकी दी गई और कोतवाली देहात पुलिस मूकदर्शक बनी रही। इतना ही नहीं, दबंग हमलावरों ने महिला पत्रकार रूबी अवस्थी को यहां तक धमकी दे डाली कि दूसरा सीतापुर बना दिया जाएगा। पीड़ित महिला पत्रकार का कहना है कि आरोपियों की दबंगई और देहात पुलिस की शिथिल कार्यशैली से वह तथा उसका पूरा परिवार डरा-सहमा हुआ है। उसे तथा उसके परिजनों को जान का खतरा है। इस मामले में आईजी अमित पाठक से भी उसने न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली देहात क्षेत्र में एक व्यक्ति की नाबालिग लड़की बाजार से गायब हो गयी।अपनी पत्नी के साथ वह कोतवाली पहुंचा और कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के एक व्यक्ति पर उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी। इस मामले में पहले तो पुलिस गुमशुदगी दर्ज करने में ही टाल-मटोल करती रही। बाद में पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर को बदलवा दिया गया, जिसमें पुलिस द्वारा लिखाया गया कि उसकी लड़की कहीं चली गयी है, जो बहुत खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिली।

# मायके से रुपए ना लाने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला तेजाब डालने की दी धमकी, पति सहित जेठ जेठानी की एसपी से शिकायत मचा हड़कंप



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।जनपद बरेली के रामगंगा नगर कॉलोनी की रहने वाली युवती ने पुलिस अधीक्षक पीलीभीत को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रजागंज निवासी अरमान पुत्र शफीउल्ला के साथ 31-12- 2023 को पूरनपुर देहात ग्राम प्रधान के आवास पर निकाह हुआ था। निकाह के बाद अरमान उस पर आए दिन मायके से पैसे सहित अन्य सामान मंगाने को लेकर दबाव बनाकर मारपीट करता था।उसके इन कार्यों में अरमान का बड़ा भाई शाकिर पुत्र शफीउल्ला निवासी रजागंज और उसकी भावी लेला बेगम पत्नी शाकिर निवासी रजगंज भी मदद करते थे। उपरोक्त सभी लोग पीड़िता को जान से मारने की नीयत से नीद की गोलियां रोज खिलाया करते थे। विरोध करने पर उक्त लोग मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। साथ ही उपरोक्त लोगों ने पीड़िता से वेश्यावृत्ति करने को कहा जब पीड़िता ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने तेजाब डालकर जान से मारने की धमकी दी। और मारपीट कर घर से निकाल दिया है।इन सभी के उत्पीड़न सहते सहते पीड़िता की अधिक तबीयत खराब होने पर वह बरेली अपने मायके चली आई हैं।इस मामले की पीड़िता ने 13 मार्च दिन बृहस्पतिवार को पूरनपुर कोतवाली पहुचकर शिकायती प्रार्थना देकर कार्रवाई करने की मांग की थी। लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई। मेरे से पैसे की डिमांड की गई पैसे ना देने पर कोतवाली में तैनात कांस्टेबल शिवा,महिला कांस्टेबल हिना अब्बास, एक अन्य कास्टेबल सामने आने पर पहचान लूंगी सहित दरोगा सौरभ चौधरी ने अभद्रता की है। 6 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक पूरनपुर पुलिस ने किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की है।उल्टा फैसला लेने की बात की जा रही हैं।पीड़िता का आधार कार्ड,वोटर कार्ड पेन कार्ड,निकाहनामा के कागज भी उक्त लोगों के पास हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# अमेठी के सुधांशु शुक्ला को भाजपा ने बनाया जिलाध्यक्ष



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी,भाजपा के नये जिलाध्यक्ष की घोषणा रविवार को गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर की गयी। जिला चुनाव अधिकारी ने पर्यवेक्षक की उपस्थित में बैठक कर सुधांशु शुक्ला को भाजपा का नया जिलाध्यक्ष घोषित किया। भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ज़िला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय बादल ने पर्यवेक्षक प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह की उपस्थिति में अमेठी के नये ज़िलाध्यक्ष के रूप में सुधांशु शुक्ला का नाम घोषित किया किया।बैठक में सुधांशु शुक्ला के नाम की घोषणा होने पर भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ ही जनप्रतिनिधियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। बताते चलें कि अमेठी से जिलाध्यक्ष पद के लिये तेइस लोगों द्वारा नामांकन किया गया था। अमेठी विधानसभा क्षेत्र के निवासी सुधांशु शुक्ला वर्तमान में जिला महामंत्री के पद पर थे जो कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के करीबी बताये जाते हैं। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी,पूर्व विधायक तेज भान सिंह, चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, उमेश प्रताप सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र,उमाशंकर पाण्डेय,दुर्गेश त्रिपाठी,विजय विक्रम सिंह, चंद्र मौलि सिंह सहित समस्त प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा नेता राजकुमार राजू ने श्रद्धालुओ को झंडी दिखाकर पूर्णागीरी यात्रा को किया रवाना

## घुँघचीहाई क्षेत्र के दर्जनों गांवों के श्रद्धालुओं को फल वितरण कर दी यात्रा की शुभकामनाएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर।पूर्णागिरी मेले की शुरूआत होते ही दर्शन दर्शनार्थियों के काफ़िले रवाना हों रहे है। क़ई जिलों से श्रद्धालुओं को विभिन्न माध्यम से दर्शन के लिए जाते हुए देखा जा सकता है।इसी क्रम में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने पूरनपुर विधानसभा के ग्राम घूंघचिहाई से भी दर्शनार्थियों के पैदल जत्थे को झंडी दिखाकर पूर्णागिरी दर्शन के लिए रवाना किया गांव से दर्जनों दर्शनार्थी आज रवाना हुए इस दौरान सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की एवं फल वितरण एवं सूक्ष्म जलपान की भी व्यवस्था कर अपना श्रद्धाभाव प्रकट किया इस अवसर पर दिनेश वर्मा,बसंत भारती,प्रशांत मिश्रा, आकाश,भुवनेश,भगवान दीन सहित बड़ी संख्या मे सम्मानित जनो की उपस्थित रही हैं।

# होली के दूसरे दिन सफाई कर्मियों का सम्मान करने से देवपूजन का फल प्राप्त होता है : लिंग पुराण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। हिंदू धार्मिक ग्रंथ लिंग पुराण में स्वपच स्पर्श के तहत होली के दूसरे दिन सफाई कर्मियों का सम्मान करने का स्पष्ट निर्देश है। वृंदावन के मलूक पीठाधीश्वर व देश के प्रसिद्ध संत स्वामी राजेन्द्रदास जी महाराज अक्सर अपने कथा के दौरान इस प्रसंग के बारे में श्रोताओं को बताते हैं और उन्हें होली पर्व के दूसरे दिन अपने अपने क्षेत्र के सफाई कर्मियों का सम्मान करने हेतु प्रेरित करते हैं। उनके अनुसार लिंग पुराण में यह वर्णित है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य कुल का कोई व्यक्ति यदि इस दिन सफाई कर्मियों को बुला कर उनका का सम्मान करते हुए उन्हें अबीर का तिलक लगाकर उन्हें वस्त्र, मिष्ठान द्रव्य व दक्षिणा देता है तो उसे देव पूजन का फल प्राप्त होता है और उसकी वर्ष पर्यन्त अरिष्टों से रक्षा होती है। स्वामी राजेन्द्र दास जी महाराज के इस वक्तव्य से प्रभावित होकर वरिष्ठ समाजसेवी डी पी गुप्ता ने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अपने आवास बढ़ैयाबीर में सफाई कर्मियों को बुला कर सपरिवार उनको अबीर-गुलाल लगातार उन्हें होली की बधाई दी और वस्त्र, मिष्ठान्न व दक्षिणा देकर उनका सम्मान किया।

# विभिन्न संगठन हुए एकजुट, पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या पर जताया आक्रोश



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। आज विभिन्न पत्रकार संगठन के पदाधिकारी नगर के तिकोनिया पार्क में एकत्रित होकर सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने अपने साथी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कैंडल जलाकर साथी पत्रकार की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की धान खरीद और ढांचागत भ्रष्टाचार पर चोट करने के कारण उनकी एक काकस ने हत्या कर दी । जिसको लेकर तिकोनिया पार्क में पत्रकारों ने विरोध दर्ज कराया ।अक्रोशित पत्रकारों ने सरकार से मांग किया की पत्रकारों के लिए एक न्यायिक आयोग का गठन हो ।उनकी सुरक्षा तय हो ।प्रत्येक दशा में पीड़ित परिवार को एक करोड रुपए की आर्थिक मदद की जाए ।इतना ही नहीं पत्रकारों ने कहा कि यदि पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के असल हत्यारे गिरफ्तार नहीं हुई तो आमरण अनशन बैठने के लिए उन्हें मजबूर होना पड़ेगा ।इस मौके पर विभिन्न संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संदेश फाउण्डेशन सुल्तानपुर ने किया परिचयात्मक सफल बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। संदेश फाउण्डेशन के द्वारा एक परिचयात्मक बैठक का आयोजन करके सर्व समाज के जरुरतमंद लोगों को किस तरह से मदत किया जाए इन मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया गया, बैठक के मुख्य अतिथि रहे जिला पंचायत सदस्य हंसराज यादव एवं विशिष्ट अतिथि रहे राजेश यादव एवं संदेश फाउण्डेशन के अध्यक्ष प्रदीप यादव और फाउण्डेशन के सदस्यों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सर्व प्रथम समाजसेवी हंसराज यादव ने कहा हर गरीब असहाय जरूरत मंद लोगों को ठंड में वस्त्र एवं कम्बल वितरण का कार्य किया जायेगा। इसी के साथ राजेश यादव ने कहा वृद्धा आश्रम के लोगों को फल आदि का वितरण किया जायेगा। वृक्ष के प्रेमी ज्ञान सिंह यादव ने कहा कि छायादार और फलदार वृक्ष को लोगों के बीच में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा एवं बरसात के मौसम में हर क्षेत्र के लोगों को निशुल्क पेड़ वितरण किया जाएगा। संदेश फाउण्डेशन के अध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा सामाजिक सेवा में सभी साथियों को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए बिना किसी प्रकार के भेदभाव के सहयोग करना चाहिए अकेले कोई कार्य नहीं कर सकते हैं एवं सभी साथियों के सहयोग से अभी हाल ही में राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर में 11 यूनिट रक्तदान किया गया था, इसके अलावा वरिष्ठ समाजसेवी रामसूरत यादव ने कहा सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, शादी अनुदान इसके अलावा सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओ को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। मनोज यादव ''क्रांतिकारी यादव'' ने अपनी बात गम्भीरता से रखते हुए कहा सभी लोग थोड़ा थोड़ा सहयोग और समर्थन देंगे तो हर कार्य आसानी से सम्भव हो जायेगा और सभी सम्मानित साथियों ने अलग अलग तरीके से अपनी बात रखी एवं एक दूसरे से परिचित हुए और इस बैठक में सदस्य सुरेश शर्मा, सदस्य रामसूरत यादव, सदस्य डॉ0रामूरत प्रजापति, धर्मेंद्र यादव, विनोद यादव गुरु, रामकुमार यादव, सुरेन्द्र आर यादव,पवन यादव धारूपुर, मनीष यादव,लाल जी,सूरज यादव (सूर्या), रवि यादव(विराट),पवन यादव त्रिलोकपुर।

## चेयरमैन सहित 22 लोगों ने ली इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की सदस्यता

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा पीलीभीत ने 22 लोगों को आजीवन सदस्य बनाया इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी पीलीभीत शाखा के अवैतनिक सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश के द्वारा दिनांक 15 फरवरी से 15 मार्च तक चलाए गए सदस्यता वृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद पीलीभीत में 22 लोगों को रेड क्रॉस सोसाइटी का जीवन सदस्य बनाया गया जिसमें से पूरनपुर नगर पालिका के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता,डॉक्टर दिनेश गुप्ता,राजेश रस्तोगी, राजेश खन्ना ,डॉक्टर विधि भदोरिया, बृजेश गुप्ता, संजीव गुप्ता, नीरज गुप्ता, आदि लोग शामिल हैं सभी लोगों को जिला सचिव ने प्रमाण पत्र भी प्रदान किए हैं।

## रंजिशन बठिया में लगाई आग बुझाने पहुंचे लोगों पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव खमरिया पट्टी निवासी बंशीधर पुत्र खुशालीराम ने कोतवाली प्रभारी को दी तहसील में कहा कि कमलिया पत्नी ओमप्रकाश ने रंजिशन उसके कंडे की बठिया में आग लगा दी। जानकारी लगने बंशीधर, भूपराम,रामपाल, कान्ताप्रसाद आग बुझाने के लिए पहुंचे इस दौरान वहा पहले से मौजूदा रामदयाल, दिनेश कुमार,ओमप्रकाश, सेवाराम, खेमकरन और महंदखास निवासी पदम सिंह व राजेंद्र प्रसाद ने लाठी डंडे व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिसमें भूपराम और रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मामले में कोतवाली पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## सती मठिया पर होली मिलन समारोह का आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहल्ला साहूकारा लाइपार में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सती मठिया पर होली मिलन समारोह एवं काव्य विचारों गोष्ठी को संबोधित किया गया। जिसमें भाजपा विधायक बाबूराम पासवन ने कहा कि सती मठिया की पैमाइश कराकर उसका सौन्दर्यीकरण बंधन योजना के तहत कराया जाएगा। हालांकि आपको बताते चलें कि सती मठिया को लेकर विवाद चल रहा है। कुछ माह पूर्व एक युवक ने उसमें टूटी मूर्ति रखने व माहौल खराब कराने का प्रयास किया था। स्थानीय लोगों ने मामले में शांतिपूर्ण ढंग से मामले में पुलिस की मदद ली थी और उसके बाद स्थानीय सभासद ने सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया था। रविवार दो बजे विधायक बाबू राम पासवन कार्यक्रम में पहुंचे और बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सती मठिया पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, नगर के प्रमुख चिकित्सक डॉ तेज बहादुर सिंह तेज,प्रदीप शुक्ला, विवेक तिवारी,कवित्री डॉक्टर नीराजना शर्मा, सभासद अनुज कुमार गुप्ता, समाजसेवी संदीप खंडेलवाल, मनोज यादव, नितिन वर्मा, रोहित वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे हैं।

## चाट फिरोजपुर के पूर्व प्रधान के ऊपर घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चाट फिरोजपुर निवासी संजय राठौर पुत्र रामनिवास ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पीड़ित चाट फिरोजपुर का स्थाई निवासी है। 15 मार्च को समय करीब 2:00 बजे घर के बाहर खड़ा था। तभी गांव के ही रहने वाले ओमप्रकाश,बाबूराम, विनोद, जीतू ने एक राय होकर पीड़ित के साथ गाली गलौज करने लगे जब पीड़ित ने गाली गलौज करने का विरोध किया तो सभी लोग घर में घुस आए लाठी डंडों का धारदार हथियारों से लैश होकर मारपीट करने लगे और पीड़ित पूर्व प्रधान संजय राठौर के हाथ पर ओम प्रकाश ने बाका मार दिया है। जिससे पीड़ित का हाथ कट गया है।परिवार के सभी लोग घायल हो गए और बुरी तरह बच्चों को भी मारा पीटा शोर गुल पुकार सुनकर काफी भीड़ एकत्र हो गई पीड़ित का भाई रमेश व भावी प्रीति व रूपी पत्नी संजय राठौर बचाने आए तो उन्हें भी बुरी तरह से मारा पीटा जिसकी काफी गंभीर व गुम चोट आई हैं। उक्त लोग काफी दबंग किस्म के बदमाश हैं। जिनके डर से कोई गवाही देने को तैयार नहीं है।

# अमेठी टीचर प्रीमियर लीग का फाइनल मैच सिंहपुर और संग्रामपुर टीम के बीच में होगा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## सिंहपुर की टीम पांच विकेट से सेमीफाइनल मैच जीतकर फाइनल में पहुंची

अमेठी,अमेठी टीचर प्रीमियर लीग का पहला सेमीफाइनल जामो और सिंहपुर के बीच में खेला गया जिसमें सिंहपुर अमेठी टीचर प्रीमियर लीग के पहले सीजन की विजेता और जामो दूसरे सीज़न की विजेता रही। पहले मैच में टॉस जीत कर सिंहपुर ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया जामों की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए सूरज मिश्रा ने इक्कीस और शिवम मिश्रा ने उन्नीस रन की पारी खेली उनका साथ देते हुए सत्यव्रत त्रिपाठी की शानदार साठ रन की पारी की बदौलत जामों ने एक सौ चालीस रन का स्कोर खड़ा किया सिद्धार्थ ने तीन विकेट लिये।सिंहपुर की तरफ से बल्लेबाजी करने उतरे विपिन ने उनतीस रन की शानदार पारी खेली एक समय मैच जामो के पाली में जाता हुआ दिख रहा था किंतु आशीष कुमार के छह छक्कों और सात चौकों की बदौलत बहत्तर रन की शानदार पारी खेलते हुए सिंहपुर को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया और आखिरी ओवर में सिंहपुर कप्तान देवेंद्र ने छक्का मार कर सिंहपुर को पांच विकेट से जीत दिला दिया इस जीत के साथ ही सिंहपुर ने फाइनल में प्रवेश कर लिया सिंहपुर की तरफ से नरोत्तम तिवारी और संग्राम सिंह ने दो दो विकेट लिया।मैन ऑफ द मैच आशीष कुमार बने।दूसरा सेमीफाइनल गौरीगंज और संग्रामपुर के बीच में खेला गया।गौरीगंज ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।संग्रामपुर की तरफ से बल्लेबाजी करने उतरे अनिल यादव और विकास गुप्ता ने आते ही धुआंधार बल्लेबाजी करके गौरीगंज के गेंदबाजी करने के फैसले को गलत साबित कर दिया संग्रामपुर की तरफ से शानदार बल्लेबाजी करते हुये विकास गुप्ता ने छियालिस रन कप्तान रमेश सिंह ने पैंतीस और अभिषेक पटेल ने चालीस रन का स्कोर खड़ा किया।संग्रामपुर ने जीत के लिए गौरीगंज को एक सौ साठ रनों का लक्ष्य दिया।गौरीगंज की तरफ से प्रशांत पाण्डेय ने तीन विकेट लिये।जवाब में उतरी गौरीगंज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उनके विकेट लगातार गिरते रहे गौरीगंज की तरफ से राहुल शुक्ला ने पैंतालिस रन और प्रशांत पाण्डेय ने बीस रन बनाये।संग्रामपुर ने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया शानदार प्रदर्शन करने वाले मैन आफ द मैच विकास गुप्ता बने। कमेटी अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने बताया कि फाइनल मैच सिंहपुर और संग्रामपुर के बीच में खेला जायेगा जिसकी तिथि जल्द ही घोषित की जायेगी।आज के इस आयोजन में प्रमुख रूप से विवेक शुक्ला, अमित पाण्डेय, अश्वनी शुक्ला,संतोष यादव, बब्बन यादव,नागेंद्र सिंह,रविंद्र सिंह,हरिबख्श सिंह, अनिल पाण्डेय,आशीष बरनवाल, अमन चौरसिया, श्रीराम वर्मा, संतोष सिंह, भोला सिंह, जितेंद्र राम जी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शिक्षक का भाई बना यूपी पुलिस भर्ती टॉपर, ऑल इण्डिया सेकेंड रैंक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। शहर के बघराजपुर निवासी लियाकत अली जो सामान्य जीवन जीने के साथ साथ अपने बच्चो को भरण पोषण व शिक्षा देते हुए अपने दोनो बेटो को काबिल बनाया। विदित हो कि उनका बड़ा बेटा हैदर अली जो कि परिषदीय विद्यालय मे प्रधानाध्यापक है तथा दूसरा बेटा अब्दुल्ला अली पुलिस भर्ती परीक्षा में ऑल इण्डिया सेकेंड रैंक अर्जित कर यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी भी बिषम परिस्थिति की मोहताज नही होती। बताते चले कि दोनों बेटों की माता एक गृहणी है, परिवार की विसंगतियों के बावजूद अब्दुल्ला ने अपनी मेहनत के बल पर पुलिस परीक्षा में अपना दूसरा स्थान बनाया। अब्दुल्ला की इस उपलब्धि पर जहां परिजनों में खुशी की लहर है तो वही प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय, मंत्री राम आशीष मौर्य, शिक्षा मित्र संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्रा, कुंवर सौरभ सिंह, शान्ती पाण्डेय, आदर्श कुमार, बहन रेहाना बनो,क्षेत्र पंचायत सदस्य मो आतिफ, अधिवक्ता हाई कोर्ट मो आरिफ, शिक्षक अमन जायसवाल, दुर्गेश वर्मा सहित अनेकों शुभचिंतकों, मित्र जनों ने भाई की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# मन की गांठें खोल

आज के भागम-भागम दौर में जब हमारी सोच, रहन-सहन और खान-पान पूरी तरह से कृत्रिम हो चला है तो शहरी जीवन में लोग तमाम मनोकायिक रोगों से ग्रस्त हो गए हैं। योग और प्राकृतिक चिकित्सा का भी यह निष्कर्ष है कि मन स्वस्थ होने पर हम निरोगी होते हैं। जब हम अपनी भावनाओं व विचारों को कृत्रिमता के साथ अभिव्यक्त करते हैं तो नकलीपन से उपजा तनाव हमें बीमार बनाता है। आधुनिक चिकित्सा के शोध-अनुसंधान भी स्वीकारते हैं कि सकारात्मकता हमारे उपचार में मददगार होती है। वह दवा का काम करती है। दरअसल, अच्छे विचारों व धनात्मकता से हमारे शरीर के स्वास्थ्यवर्धक हॉर्मोन्स निकलते हैं। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययन भी बताते हैं कि आस्थावान और सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोग स्वस्थ रहते हैं। अब चाहे धर्म हो या अध्यात्म, उसके मूल में परोपकार की भावना होती है। यह परोपकार की भावना ही हमारे लिये उपकार का काम करती है। सोशल मीडिया पर एक जुमला अक्सर घूमता रहता हैदृ 'दोस्तो दिल खोलकर जीओ, अन्यथा डॉक्टर आपका दिल खोलेगा।' यह सर्वविदित है कि हमारे जीवन की कृत्रिमता, तनाव, अवसाद आदि हृदय रोग बढ़ाते हैं। बहरहाल, होली का त्योहार आया है। हमारे पूर्वजों ने इस त्योहार की संकल्पना इसी मकसद से की होगी कि समाज में दैनिक जीवन की एकरसता टूटे। लोग दिल खोल के मिलें। जब हम रंगों से सराबोर होते हैं तो न कोई गोरा रह जाता है न काला। तब हम नहीं पहचान सकते हैं कि वह किस धर्म, संप्रदाय या वर्ग का है। अपने मित्रों व रिश्तेदारों से हम महीनों नहीं मिलते। होली हमें मिलने-जुलने का मौका देती है। आफिस के तनाव व रूटीन जिंदगी से छुट्टी मिलती है। रंगों का भी अपना नशा होता है। होली खेलने के बाद हमें अच्छी नींद आती है। रंग भी हमें सहजता-सरलता का नशा देते हैं। हम खुलकर मिलते-जुलते हैं, जिससे हल्का महसूस करते हैं। सही मायनों में कोई भी त्योहार हो, वह दैनिक जीवन की उदासीनता को दूर करने के लिये ही होता है। एक नई ताजगी व ऊर्जा का संचार करना ही पर्व का मकसद होता है। खासकर जब बात होली की होती है तो उल्लास के अतिरेक का अहसास खुद ब खुद हो जाता है। एक ऐसा त्योहार जो हर किसी को अपने गढ़े कृत्रिम दायरे से बाहर निकलने को प्रेरित करता है। जिसमें व्यक्ति खुद को मौलिक रूप में महसूस कर सके। उसे बोध हो सके कि मनुष्य और मनुष्यता के क्या मायने हैं। आज शहरीकरण के दौर में भागम-भाग की जिंदगी में हमने इतनी कृत्रिमताएं ओढ़ ली हैं कि हम सहज रह ही नहीं पाते। संपत्ति, पद और रसूख जैसे न जाने कितने दंभ पाले व्यक्ति समाज में घुलमिल ही नहीं पाता। याद कीजिए कोरोना काल के काले दौर को, जिसमें हमने महसूस किया कि सामाजिकता के क्या मायने हैं। खून के रिश्तों में कई अमानवीय कहानियां सामने आईं। दरअसल, हम अपनी सामाजिक सक्रियता और उसके सेहत पर पड़ने वाले प्रभावों पर कभी विचार नहीं करते। सही मायनों में होली के त्योहार का वातावरण हमें तनाव व कई तरह की जटिलताओं से मुक्त कर देता है। एक दिन व्यक्ति अपने मूल रंग को भूलकर सतरंगी रंगों में सराबोर हो जाता है। सभी विशिष्ट पहचानों से मुक्त होकर हर छोटे-बड़े से मिलना, रंग लगाना और गले मिलना व्यक्ति को सहज व हल्का कर देता है। तमाम वैज्ञानिक अनुसंधान व चिकित्सक बार-बार चेता रहे हैं कि मन का गुबार निकालने से व्यक्ति स्वस्थ महसूस करता है। अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों में कई ऐसे शोधकर्ताओं को मानव सेहत के लिये जरूरी व्यवहार की व्याख्या करने हेतु उन विषयों पर नोबेल पुरस्कार मिले हैं जो हमारे देश में त्योहारों के मर्म और योग में वर्णित हैं। होली का त्योहार ऐसी मौसम संधि पर आता है जब सर्दी की विदाई और गर्मी की दस्तक होती है। प्रकृति अपने उरोज पर होती है। कुदरती रंगों से सजे फूल हमें मंत्रमुग्ध कर रहे होते हैं। यह पर्व हमें प्रकृति से संवाद का अवसर भी देता है। दरअसल, रंग परिवर्तन हमारे व्यवहार को परिवर्तित करता है।

# हेडफोन-गेमिंग से बच्चों के बहरे होने का खतरा

**विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को सर्तक किया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों एवं युवाओं में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे एवं युवा जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर में यह समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे एवं युवा अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक विश्वव्यापी आसन्न गंभीर संकट को ही दर्शाता है, इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो बहरों की दुनिया बनने से रोकना मुश्किल हो जायेगा। विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है। युवाओं एवं बच्चों में बढ़ते मोबाइल एवं ईयरफोन के प्रचलन एवं तेज आवाज में गाने एवं संगीत सुनने की लत से पिछले कुछ सालों में बहरेपन का संकट बढ़ता जा रहा है। आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं।**

टेक्नोलॉजी विकास एवं उससे जुड़े नये-नये उपकरण आधुनिक जीवनशैली को भले ही बहुत आसान कर दिया हो लेकिन इसके अनियंत्रित उपयोग से भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्सर देखा जाता है कि जॉब करने वाले माता-पिता अपना टाइम बचाने एवं सुविधा के लिए बच्चों को छोटी उम्र में ही फोन और हेडफोन का उपयोग करने के लिए देते हैं। लेकिन ये उपकरण उनके बच्चों के लिए कितने नुकसानदायक एवं खतरनाक हैं इसका खुलासा नये-नये अध्ययनों से सामने आ रहा है, जो चिन्ताजनक एवं डरावना है। ऐसे ही एक अध्ययन में यह आशंका जतायी गयी है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ रहा है और वे बधिरता से ग्रस्त होते जा रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो पिछले कई महीनों में बच्चों के कानों में दर्द, सुनने में परेशानी, बधिरता और संक्रमण की शिकायतें बहुत ज्यादा आ रही हैं। वहीं डॉक्टर्स का कहना है कि इन उपकरणों के उपयोग से कानों पर काफी ज्यादा जोर पड़ता है और घंटो तक तेज आवाज सुनने से सुनने की क्षमता कमजोर पड़ जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को सर्तक किया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों एवं युवाओं में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे एवं युवा जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर में यह समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे एवं युवा अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक विश्वव्यापी आसन्न गंभीर संकट को ही दर्शाता है, इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो बहरों की दुनिया बनने से रोकना मुश्किल हो जायेगा। विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है। युवाओं एवं बच्चों में बढ़ते मोबाइल एवं ईयरफोन के प्रचलन एवं तेज आवाज में गाने एवं संगीत सुनने की लत से पिछले कुछ सालों में बहरेपन का संकट बढ़ता जा रहा है। आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में नित-नये आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल-लेपटॉप-ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह-तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए। हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि सामान्य तौर पर 60 साल के बाद लोगों में सुनने की क्षमता कम होने लगती है। लेकिन जिस तरह की जीवनशैली आज के युवा एवं बच्चे अपना रहे हैं, उससे कम उम्र में ही ये क्षमता कमजोर हो रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह ईयरफोन और हैडफोन को बताया जा रहा है। नए जमाने में हैडफोन और ईयरफोन भले ही काफी उपयोगी हों लेकिन इनका ज्यादा इस्तेमाल करने से युवा एवं बच्चें बहरेपन के रिस्क में आ रहे हैं। माना जा रहा है कि जितने ज्यादा डेसिमल में हेडफोन यूज किया जाएगा, उतना ही ज्यादा कानों को नुकसान होगा। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हैडफोन और ईयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बेहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन, लेपटोप, हैडफोन और ईयरफोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप एवं शिक्षकों की नसीहतों एवं हिदायतों पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। सरकार भी इसके लिये जागरूक करें। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है। बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आधुनिक सुनने के उपकरणों एवं तेज़ आवाज़ से कान की नसों और हियरिंग सेल्स को नुकसान हो सकता है, जिससे बहरापन भी हो सकता है। एक समय था जब कम सुनाई देने की शिक़ायत बुजुर्ग किया करते थे, लेकिन बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र में भी लोगों में यह समस्या होने लगी है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से सुनने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है। मानव जीवन में सुनने की क्षमता का अक्षुण्ण रहना जीवन की परिपूर्णता का परिचायक है। इस सचाई को नहीं नकारा जा सकता कि श्रवण यानी सुनने की क्षमता जीवन को नया आकार देने, मानसिक दरिद्रता का निवारण करने तथा ऊंचे ध्येय की पूर्ति हेतु आगे बढ़ने की सही चाबी है। जैसे दवा रोग नाशक होती है, पर गलत दवा के सेवन से रोग घटने की अपेक्षा अधिक बढ़ जाता है, वैसे ही गलत जीवनशैली, गलत तरीको से जीने, गलत तरीके से सुनने की क्षमता का उपयोग करने, अनियंत्रित शोर-शराबे को सुनने से जीवन में विकृतियां एवं परेशानियां घुस जाती है और अनेक तरह के श्रवण रोगों का हमला होने लगता है। इसलिये सुनने की क्षमता का सम्यक उपयोग जरूरी है। देखना और सुनना- ये दोनों ही जीवन-विकास एवं ज्ञान-वृद्धि के माध्यम है। पर सुनना अधिक शक्तिशाली साधन है, क्योंकि आंखों में जो दृश्य प्रतिबिम्बित होते हैं, वे तात्कालिक होते हैं। श्रवण-पथ से ही हम ज्ञान के साथ-साथ दीर्घकालिक अनुभवों को आत्मसात कर सकते हैं। इसलिये श्रवण-पथ या सुनने की क्षमता पर हो रहे हमलों को हम गंभीरता से ले अन्यथा सुनने की पंगुता हमारे जीवन का अभिशाप बन सकती है। **– ललित गर्ग**

# रमज़ान हमें सहानुभूति और संयम का पाठ सिखाता है!

**हम्माम वहीद**

**रमज़ान में रहमत, मगफिरत और निजात समेत वह तमाम गुण मौजूद हैं जिस की एक इंसान को प्रलय के आने तक ज़रूरत होगी। रमज़ान दवा भी है और दुआ भी, जहां इस में कैंसर जैसी भयानक बीमारी का इलाज भी है तो समाज के अंतिम व्यक्ति का दुःख समझने और महसूस करने का बहाना भी मौजूद है।**

रमजान एक पवित्र महीना है जो अल्लाह का संदेश लेकर आता है। यह आत्म-संयम, तक्वा ( परहेज़गारी खुद को बुराई से बचाना), और आध्यात्मिक उन्नति का महीना है। रमजान के मुबारक महीने में ही पवित्र कुरआन शरीफ नाज़िल हुआ (उतारा गया) जो लोगों के लिए मार्गदर्शन है और सत्य एवं असत्य के बीच अंतर स्पष्ट करने वाला है। (सूरह अल बकरह, 185)। रमज़ान का महीना हमें अल्लाह के करीब जाने का अवसर प्रदान करता है, इसलिए हमें अपने जीवन को सुधारने और अल्लाह की खुशी पाने के लिए प्रयास करना चाहिए। कुरआन में कहा गया हैः ''और ऐ ईमान वालो! तुम पर रोज़ा अनिवार्य किया गया है जैसे अगलो पर किया गया था, ताकि तुम परहेज़गार बनो'' (बुराईयों और गुनाहों से बचने वाला) सूरह अल-बक़राः 183। रमज़ान में रहमत, मगफिरत और निजात समेत वह तमाम गुण मौजूद हैं जिस की एक इंसान को प्रलय के आने तक ज़रूरत होगी। रमज़ान दवा भी है और दुआ भी, जहाँ इस में कैंसर जैसी भयानक बीमारी का इलाज भी है तो समाज के अंतिम व्यक्ति का दुःख समझने और महसूस करने का बहाना भी मौजूद है। दस दिन बीत चुके हैं हम दूसरे अशरे में दाखिल हो चुके है,इस अशरे में हमें अल्लाह से अपनी पिछले गुनाहों की तौबा (दृढ़ प्रतिज्ञा) करना चाहिए। सच्चे दिल से माफी मांगने वालों की मगफिरत कर दी जाती है, रमजान का आखिरी अशरा जहन्नम से निजात (मुक्ति) का है, यह अशरा लैलतुल कद्र शबे कद्र की रातों से भी जुड़ा है जिसे हज़ार महीनों से बेहतर बताया गया है। इस अवसर पर अधिक से अधिक दुआ करनी चाहिए (अल्लाहुम्मा अजिरनी मिनन्नार) ऐ अल्लाह मुझे जहन्नम की आग से बचा ले। रमज़ान का असली मकसद अल्लाह की रहमत हासिल करना अपने गुनाहों की माफी मांगना और जहन्नम से निजात पाना। रमज़ान का महीना हमें अपने और दूसरों के साथ सहानुभूति और संयम का पाठ सिखाता है। रोज़े की स्थिति में जब हमें भूख और प्यास लगती है, तो हम गरीबों और जरूरतमंदों की कष्ट को महसूस कर सकते हैं। इसलिए इस महीने में हमें दान (ज़कात, सदक़ा) और नेक कार्यों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। रमजान के मुबारक महीने में हमें गरीबों, और सभी जरूरतमंदो की हर अस्तर से सहायता करनी चाहिए यह केवल इबादत और रोज़ा रखने का महीना नही हैं इस्लाम में गरीबों और जरूरतमंदो की सहायता को बहुत बड़ा दर्जा दिया गया है। ओर रमज़ान में इसका महत्व और बढ़ जाता है।

मालिक के अंतिम दूत पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) फरमाते हैंः

''जो व्यक्ति किसी रोज़ेदार को इफ्तार कराए, तो उसे भी उतना ही पुण्य मिलेगा जितना रोज़ेदार को मिलता है, बिना उसके पुण्य में कोई कमी किए।'' (तिर्मिज़ी शरीफ)

पैगंबर (स.अ.व.) ने फरमाया कि ''सदक़ा गुनाहों को इस तरह मिटा देता है जैसे पानी आग को बुझा देता है।'' (तिर्मिज़ी शरीफ)

अल्लाह ताला हमे इस मुबारक महीने में अधिक से अधिक लोगो की सहायता करने और नेक अमल की तौफीक दे (आमीन)।

## सेहत मंत्र

# सुबह खाली पेट अजवाइन का पानी पीने से तेजी से घटता है वजन

अनियमित जीवनशैली हमें कई तरह की बीमारियों के चक्रव्यूह में फंसा देती है, जिनसे निकल पाना बहुत ही मुश्किल होता है। खराब जीवनशैली वजन बढ़ने की प्रमुख वजह है। वजन बढ़ने के साथ ही उच्च रक्तचाप, डायबिटीज और हृदय रोगों जैसी गंभीर समस्याएं शुरू होने लगती है। ऐसे में मोटापा कम करना बहुत बड़ी चुनौती बन जाती है, जिससे आसानी से छुटकारा मिल पाना मुश्किल होता है। अगर आप भी अपने बढ़ते वजन से परेशान हैं और इसे कम करने के लिए तरह-तरह की युक्तियां अपना रहे हैं तो यह लेख आपके लिए है। यहां हम आपको आज ऐसा नुस्खा बता रहे हैं जो वजन कम करने और पेट के आस-पास जमा हानिकारक फैट को खत्म करने में आपको मदद मिलेगी। आयुर्वेद के अनुसार, अजवाइन कई गंभीर रोगों से लड़ने में हमारी मदद करता है। अजवाइन के सेवन से डायबिटीज, कब्ज, पेट की समस्या, डायरिया और अस्थमा में काफी लाभप्रद होता है। अजवाइन वजन कम करने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रोजाना सुबह-सुबह ब्रश करने के बाद खाली पेट अजवाइन का पानी पीने से तेजी से वजन घटता है। वजन कम करने के लिए यह दादी मां के नुस्खों में से एक बेहतरीन नुस्खा माना गया है, जिसका सेवन आज भी भारतीय घरों में महिलाएं प्रेग्नेंसी के बाद बढ़े वजन को कम करने के लिए करती हैं, हालांकि इसे प्रेग्नेंसी के अलावा भी वजन कम करने के लिए प्रयोग किया जा सकता है। सुबह के समय अजवाइन का पानी पीने से कई असाध्य रोग दूर हो जाते हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। 1ः 25 ग्राम अजवाइन रोजाना रात में सोने से पहले पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इसे छानकर पी लें, हालांकि इसे खाली पेट पीना ज्यादा फायदेमंद होगा। इसका स्वाद बढ़ाने के लिए आप इसमें एक चम्मच शहद मिला लें। शहद भी आपके लिए फायदेमंद होगा। मेटाबॉलिज्म बढ़ाने और वजन कम करने के लिए इसे रोजाना 15 से 20 दिनों तक पीजिए।

## धर्म मंत्र

# भगवान शंकर ने परहित हेतु अपने प्राणों की परवाह न करते हुए विषपान किया

संसार की भी बड़ी विचित्र रीति है। सीस पर अगर मुकुट सजवाना हो, तो हर कोई तैयार है। किंतु अगर उसी सीस को देश व धर्म पर न्योछावर करना हो, तो आटे में नमक जितने ही सीस देखने को मिलेंगे। समुद्र मंथन में भी जब अमृत की जगह कालकूट विष निकला, तो हर कोई उसे अपनाने से मना करने लगा। न देवता उसे ग्रहण करना चाह रहे थे, और न ही दानव। अन्य बड़े बड़े ईष्ट भी अपनी असमर्थता जता चुके थे। किंतु वहीं, जब भगवान शंकर को निवेदन किया गया, तो उनसे धरातल के समस्त जीवों का दुख देखा न गया। रोते कर्राहते जीवों की रुदनता, उन्हें अथाह कष्ट पहुँचा रही थी। कालकूट विष का दुष्प्रभाव ऐसा था, कि कोई भी उससे अछूता नहीं रह पा रहा था। यूँ भासित हो रहा था, मानों पृथवी कुछ ही क्षणों में समाप्त हो जायेगी। देवता और दानव सब ने दोनों हाथ जोड़ कर करुण प्रार्थना की, कि हे शंभूनाथ! अब तो आप ही एक अंतिम आश्रय बचे हैं। कहीं किसी ने सहायता नहीं की। सबको अपने प्राणों से प्रेम है। हर कोई अपने प्राणों को बचाना चाह रहा है। किंतु यह भी कटु सत्य है, कि कोई भी अपने प्राण बचा नहीं पायेगा। हम तो हर घाट का पानी पीकर थककर आपकी शरण पहुँचे हैं। केवल तो केवल बस आप ही हैं, जो कोई उपाय कर सकते हैं। भगवान शंकर से धराधाम के जीवों का कष्ट देखा न गया। उन्होंने उसी समय एक महान संकल्प लिया, एवं एक दिव्य घटना को साकार किया। उन्होंने अपने दोनों हाथों से अँजुलि बनाई, और उस विष को अँजुलि के माध्यम से अपने गले में उतारने लगे। वे उस विष को घटाघट पीने लगे।

## पर्यटन



# भारत का एकमात्र ऐसा किला जो आज भी है बिना नींव के खड़ा

राजस्थान के झालावाड़ जिले में स्थित यह किला चारों ओर से पानी से घिरा हुआ है। यही नहीं यह भारत का एकमात्र ऐसा किला है जिसकी नींव नहीं है। गागरोन का किला अपने गौरवमयी इतिहास के कारण भी जाना जाता है। सैकड़ों साल पहले जब यहां के शासक अचलदास खींची मालवा के शासक होशंग शाह से हार गए थे तो यहां की राजपूत महिलाओं ने खुद को दुश्मनों से बचाने के लिए जौहर (जिंदा जला दिया) कर दिया था। सैकड़ों की तादाद में महिलाओं ने मौत को गले लगा लिया था। इस शानदार धरोहर को यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज की सूची में भी शामिल किया है। किले के दो मुख्य प्रवेश द्वार हैं। एक द्वार नदी की ओर निकलता है तो दूसरा पहाड़ी रास्ते की ओर। इतिहासकारों के अनुसार, इस दुर्ग का निर्माण सातवीं सदी से लेकर चौदहवीं सदी तक चला था। पहले इस किले का उपयोग दुश्मनों को मौत की सजा देने के लिए किया जाता था। किले के अंदर गणेश पोल, नक्कारखाना, भैरवी पोल, किशन पोल, सिलेहखाना का दरवाजा महत्पवूर्ण दरवाजे हैं। इसके अलावा दीवान-ए-आम, दीवान-ए-खास, जनाना महल, मधुसूदन मंदिर, रंग महल आदि दुर्ग परिसर में बने अन्य महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल हैं। गागरोन किले को राजा बीजलदेव ने बारहवीं सदी में बनवाया था। यहां 14 युद्ध और 2 जौहर हुए हैं। यह उत्तरी भारत का एकमात्र ऐसा किला है जो चारों ओर से पानी से घिरा हुआ है, इस कारण इसे जलदुर्ग के नाम से भी पुकारा जाता है। यह ऐसा किला है जिसके तीन परकोटे हैं। झालावाड़ के दक्षिण भाग में शहर से 150 किमी दूर स्थित उन्हेल जैन मंदिर है। जो भगवान पार्श्वनाथ को समर्पित है। यहां विराजमान भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति तकरीबन 1000 साल पुरानी है। यहां घूमने के साथ-साथ कम पैसों में रहने और खाने का भी लुत्फ उठाया जा सकता है। बौद्ध गुफा कोल्वी गांव में स्थित है जो झालावाड़ के खास आकर्षणों में से एक है। गुफाओं के अंदर की शोभा बढ़ाते हैं भगवान बुद्ध की विशाल मूर्ति और नक्काशीदार स्तूप। झालावाड़ से 90 किमी दूर इस जगह आकर आप भारतीय कला का अद्भुत नमूना देख सकते हैं।

# पंचायत भवन बड़ागांव लाइब्रेरी मिशाल, चार छात्रों को सरकारी नौकरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मसौली बाराबंकी। पंचायत भवन बड़ागांव में संचालित लाइब्रेरी ने ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने में मिशाल कायम की है। ग्राम रमनगरा निवासी विशाल कुमार ने पुलिस परीक्षा पास कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस सफलता के लिए पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बताते चले कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चो को निशुल्क लाइब्रेरी मे पढ़ने के लिए संचालित कि गयी पंचायत की यह पहली बार नहीं है जब बड़ागांव लाइब्रेरी के किसी छात्र ने सरकारी नौकरी हासिल की हो। इससे पहले, इसी लाइब्रेरी में अध्ययन करने वाले तेजभान ग्राम पंचायत अधिकारी के रूप में चयनित हो चुके हैं, और एक अन्य छात्र ने भी पुलिस विभाग में सफलता पाई थी। अब विशाल कुमार की इस उपलब्धि के साथ ही यह लाइब्रेरी तीन छात्रों को सरकारी सेवा में भेजने में सफल हो चुकी है।



बड़ागांव लाइब्रेरीः ग्रामीण शिक्षा की नई रोशनी

गाँवों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना आसान नहीं होता। शहरों में कोचिंग संस्थान और अन्य संसाधन आसानी से उपलब्ध होते हैं, लेकिन ग्रामीण इलाकों के छात्रों के लिए ऐसी सुविधाएँ दुर्लभ होती हैं। इसी कमी को पूरा करने के लिए बड़ागांव पंचायत भवन में यह लाइब्रेरी स्थापित की गई, जो अब छात्रों के सपनों को पंख देने में अहम भूमिका निभा रही है। यह लाइब्रेरी न केवल पुस्तकें उपलब्ध कराती है, बल्कि बच्चो के पढ़ने के लिए कंप्यूटर व जिओ फाइवर व बीएसएनएल की वाईफाई सुविधा के साथ साथ यहाँ छात्रों को एक शांत और अध्ययन-अनुकूल माहौल भी मिलता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले दर्जनों छात्र यहाँ रोज़ाना पढ़ाई करते हैं और आगे बढ़ने का सपना देखते हैं।

गाँव के युवाओं को मिली नई प्रेरणा

प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने बताया कि बड़ागांव लाइब्रेरी की सफलता से यह स्पष्ट हो गया है कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने क्षेत्र के अन्य युवाओं से भी इस लाइब्रेरी का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।विशाल कुमार की इस उपलब्धि से पूरे गाँव में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीण छात्र भी अगर उचित संसाधन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, तो वे किसी से पीछे नहीं हैं। बड़ागांव लाइब्रेरी की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि शिक्षा ही सबसे बड़ी ताकत है, और आने वाले समय में यहाँ के अन्य छात्र भी सफलता की अविरल गाथा लिखेंगे।

## बेगमपुल से यात्रियों को नमो भारत और मेट्रो की सुविधा मिलेगी

**एजेंसी**

गाजियाबाद। मेरठ के बड़े व्यापारिक केंद्र बेगम पुल में शहर का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड नमो भारत स्टेशन बनाया जा रहा है। इस स्टेशन पर दोनों लाइन (अप और डाउन) के लिए ट्रैक बिछाया जा चुका है, वहीं फिनिशिंग कार्य अंतिम चरण में तीव्र गति से जारी है। इसके साथ ही फ्लोरिंग और मार्बल बिछाने समेत अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं।

नेशनल केपीटल रीजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (एनसीआरटीसी) के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि बेगम पुल मेरठ में एकमात्र अंडरग्राउंड स्टेशन है, जहां से नमो भारत और मेरठ मेट्रो की सुविधा यात्रियों को मिलेगी। इस स्टेशन पर दो ट्रैक बनाए गए हैं, जहां पर अत्याधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम की मदद से दोनों ट्रेन गुजरेंगी। ऐसा देश में पहली बार होगा कि सेमी-हाई स्पीड नमो भारत और मेट्रो एक ही ट्रैक पर दौड़ती नजर आएंगी। स्टेशन पर तकनीकी कमरे भी बनकर तैयार हो गए हैं। फर्श बिछाने व अन्य फिनिशिंग कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। वातानुकूलन के लिए एसी डक्ट्स भी लगाए जा चुके हैं। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स (पीएसडी) लगाने का कार्य भी तेज गति से हो रहा है। स्टेशन में सभी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए व आसपास सीसीटीवी कैमरे भी जल्दी लगाए जाएंगे। बेगमपुल स्टेशन की लंबाई लगभग 246 मीटर और चौड़ाई करीब 24.5 मीटर है। स्टेशन की गहराई करीब 22 मीटर है। इतनी गहराई के बावजूद यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखा गया है और प्रत्येक प्रवेश-निकास द्वार पर एक लेवल से दूसरे लेवल पर आने-जाने को अलग-अलग जगहों पर कुल 20 एस्केलेटर्स का प्रावधान है, जिनमें से 13 लगाए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि इस स्टेशन में चार लेवल हैं। ग्राउंड के अलावा, मेजनाइन, कॉनकोर्स और प्लैटफ़ार्म लेवल। कॉनकोर्स लेवेल पर यात्री संबंधी सुविधाएं होंगी, जहां यात्री सुरक्षा जांच के बाद एएफसी गेट से अंदर जा सकेंगे। प्लेटफार्म लेवल आइलैंड टाइप का है, जहां दोनों दिशा में जाने के लिए ट्रेन मिलेगी। स्टेशन पर सीढ़ियों के साथ-साथ सात लिफ्ट का निर्माण भी किया जाएगा, जिनमें से तीन लगभग लग चुकी हैं।

### दहेज हत्या आरोपी गिरफ्तार

बेलहरा–बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने सपना के हत्या मामले में फरार पति व ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। दोनो को कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने दोनो को न्यायालय में पेश किया वहा से दोनों को जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि पति व ससुर को जेल भेज दिया गया अन्य की तलाश जारी है।

### सिद्धौर मार्ग पर प्रतिक्रमण, राहगीरों की बढी दुश्वारियां

बनीकोडर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोटवा सड़क में पुलिस बूथ, हाईवे से कोटवा सड़क सिद्धौर मार्ग की पटरियों पर ठेला व अन्य दुकानों का अवैध कब्जा मकड़ जाल की तरह फैला हुआ है। ऐसे में लोग जांम में फस जाते हैं और अपने गंतव्य तक समय पर नहीं पहुंच पाते हैं।कोटवा सड़क में दिन पर दिन ई रिक्शा की संख्या बढ़ती जा रही है। हालात यह है कि पुलिस बुथ के पास कोटवा धाम सड़क मार्ग, सिद्धौर मार्ग, कोटवा सड़क हाईवे पर बे तरतीब खड़े होते हैं। जिससे आये दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। सड़क पर अवैध पार्किंग पटरियों पर कब्जा होने से कई लोग अपनी जान भी गवा चुके हैं।नियम को ताख पर रख कर नाबालिग भी ई रिक्शा को चला रहे हैं । कई दुर्घटना कोटवा सड़क में सामने आने के बाद भी हाईवे पर ईनकी मौजूदगी बनी हुई है,ई रिक्शा के सटापीज न होने से सड़क पर कहीं भी खड़े हो जाते हैं जिससे जाम व दुर्घटना की संभावना आम जन मानस के लिए बनी रहती है।

### विवाहिता ने मासूम बेटे संग आग लगाकर की आत्महत्या

झांसी। रविवार को लहचूरा थाना क्षेत्र के बरुआमाफ गांव में महिला ने अपने डेढ़ साल के बेटे साथ आग लगाकर आत्मदाह कर लिया। वह किचन में खाना बना रही थी। तभी महिला ने अपने और बेटे के ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली। घर से धुआं निकलते देख लोगों ने पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना पर मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। मृतकों की पहचान पूजा पत्नी कौशल कुशवाहा और उसके डेढ़ साल के बेटे के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि 4 वर्ष पूर्व महिला का विवाह हुआ था। एसपी ग्रामीण गोपीनाथ सोनी ने बताया कि थाना लहचूरा क्षेत्र के ग्राम बरूआमाफ में एक महिला ने अपने व अपने मासूम बेटे पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। घटना के समय परिजन खेत पर गए थे। आग से झुलसकर दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### संभल : विवादित शाही जामा मस्जिद की रंगाई पुताई शुरू

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश के संभल जनपद में विवादित शाही जामा मस्जिद की रंगाई पुताई रविवार को शुरू हो गई। मजदूरों ने सबसे पहले मस्जिद दीवार पर झूला डालकर पुताई आरम्भ की। शनिवार को दोपहर में भारतीय पुरात्व सर्वेक्षण (एएसआई) की तीन सदस्यीय टीम पेंटर व मजदूरों के साथ पहुंची थी। इस दौरान मस्जिद की लम्बाई चौड़ाई की नपाई की गई थी। मस्जिद के सदर जफर अली एडवोकेट ने बताया हाईकोर्ट के निर्देश पर सात दिन के अंदर मस्जिद की रंगाई पुताई का कार्य पूरा करना है। इसी के चलते आज पुताई कार्य आरम्भ हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार 8 मजदूर जामा मस्जिद की सफ़ेदी का कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि एक सप्ताह के अंदर हमें मस्जिद की रंगाई पुताई पूरी करनी है। बीते 12 मार्च को उच्च न्यायालय ने पुताई और सजावट का आदेश किया था। साथ ही यह भी कहा था कि इस पुताई और सजावट के कार्य की निगरानी एएसआई द्वारा की जाएगी। इसी क्रम में 13 मार्च को एएसआई की टीम जामा मस्जिद पहुंची थी। टीम ने बाहरी हिस्से के साथ अंदर के परिसर का भी निरीक्षण किया था। उन स्थानों को टीम ने देखा था जहां पुताई की जानी है। मस्जिद के बाहरी हिस्से पर पुताई के लिए आदेश किया गया है।

### विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर विदेशी पर्यटकों ने स्वच्छता की जगाई अलख

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर रविवार को विदेशी पर्यटकों ने नमामि गंगे के सदस्यों के साथ मिलकर स्वच्छता की अलख जगाई। इस दौरान पर्यटकों ने तिरंगा और स्वच्छता लिखी तख्तियां लहरा कर गंगा के निर्मलीकरण का संदेश भी दिया। फ्रांस और रूस से काशी भ्रमण में आए विदेशी पर्यटकों ने आमजन से गंगा नदी के स्वच्छता का आवाह्न किया। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय संस्कृति का प्रतीक व संपूर्ण विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की राह दिखाने वाली मां गंगा के प्रति विदेशी मेहमानों ने भी सम्मान जताया। संगठन के स्वयंसेवी सदस्यों के साथ देश और विदेशी पर्यटकों ने सफाई के प्रति लोगों को जागरुक किया।

## होली मिलन समारोह के उपलक्ष्य में दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामसनेही घाट बाराबंकी। मल्ल युद्ध में पहलवानो ने खूब जोर आजमा कर युवाओं में जोश का संचार कर दिया।रविवार को देवी गंज में होली के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता देवीगंज चौराहा के समीप आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद विभाग राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा फीता काटकर कुश्ती दंगल का शुभारम्भ किया। वहीं कमेटी संचालक विवेकानंद शुक्ला के नेतृत्व में कुश्ती दंगल आयोजित किया गया। जिसमें कुश्ती दंगल का प्रतिनिधित्व कर रहें अयोध्या धाम हनुमान गढ़ी महंत उमा शंकर दास ने स्वयं अपनी पहलवानी का जोश पेश करते हुए बरेली के पहलवान शेरा पहलवान की चुनौती मानकर कुश्ती लड़ने के लिए हाथ मिलाया और महंत ने अपने दांव पेच दिखाकर शेरा पहलवान को चारों खाने चित्त कर दिया। महंत की जीत होते ही दर्शकों ने बाबा की जयजय कार करने लगे। जिसमें दर्शकों ने बाबा उमा शंकर दास को कंधे पर बैठाकर जयकारा लगाते हुए ख़ुशी का इजहार किया। बता दें कि इस कुश्ती प्रतियोगिता में प्रदेश देश के कोने कोने से पहलवानो ने प्रतिभाग किया। यहाँ तक कि मेरठ के पहलवान रात भर ट्रेन का सफर कर दंगल में प्रतिभाग किया। वहीं दंगल के आयोजक विवेकानंद शुक्ला ने महंत व संयोजक सुनील शुक्ला ने माला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं अयोध्या धाम के महंत उमा शंकर दास ने अपना पहलवान स्पर्धा का इम्तहान देकर जीत दर्ज करते हुए कुश्ती प्रतियोगिता का बखूबी मिशाल पेश की। बता दें कि कड़ाके की धूप में दर्शक टक टकी लगाए कुश्ती प्रतियोगिता को देखते रहे। इस धूप में दर्शक तालियां बजाते हुए कुश्ती का आनंद उठाते रहे।वहीं कुश्ती के दौरान हिन्दू मुश्लिम भाई चारे की मिशाल पेश करते हुए मोनिस उर्फ़ फ़क़ीर बाबा जो रमजान में रोजा रखकर कुश्ती में जोरदार प्रदर्शन किया। अपनी ताल ठोक कर सामने वाले खिलाड़ी की चुनौती स्वीकार्य करते हुए हाथ मिलाया और दूसरे खिलाड़ी ने कमजोर समझ कर उसे धक्का देने लगा जिसे फ़क़ीर बाबा ने ऐसा दांव पेच लगाया कि जनमेजर राजस्थान के पहलवान को पटखनी दे दी। उसने आनन फानन में तीन चार कुश्ती लड़ने वाले खिलाड़ियों को फ़ेक दिया मानो जैसे खिलौना उठा कर फेंक दिया हो। ऐसा होते ही



**दंगल में दर्शकों की रही भारी भीड़, वृक्षों पर चढ़े दर्शक, दिखा जज़्बा**

दर्शक तालियां बजाने लगे और फ़क़ीर बाबा का हौशला बढ़ाने का कार्य किया वहीं फ़क़ीर बाबा दर्शकों का उत्साह बनाये रखने के लिए दूसरे राउंड अखाडा में ताल ठोकी और थापा पहलवान को बराबर का मुकाबला रहा। इससे समझा जा सकता है हौशाला बुलंद हो तो कोई चीज आसान नहीं होती है।दिन भर चले कुश्ती प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। पहले राउंड का विजेता बल्लू बलरामपुर हस्तिनापुर को 11 कमेटी ने 11 हज़ार रूपये देकर पुरस्कृत किया। इसके अलावा क्षेत्रीय बच्चों ने खूब जोर आजमाया और शुक्ला बच्चें ने जीत हासिल की। साथ ही देवरी और देविगंज यादव ने कुश्ती लड़ने के लिए ताल ठोकी और दोनों में शुरू हुआ अन्तः देर तक चलती रही और बराबरी पर रही। इसी क्रम क्षेत्रीय ममरखापुर तोरई गांव के खिलाड़ियों ने खूब दर्शकों में जोश भर दिया। इससे क्षेत्रीय लड़को ने खूब जोर आजमाते हुए देर तक एक दूसरे बराबरी पर रही फिर दूसरे ने जोश के साथ ताल ठोकी। मुजफ्फर नगर के सौरभ और सुरजीत सिंह टिकरा बाराबंकी के मध्य दमदार कुश्ती हुई,। इसके साथ पुनः बरेली का झुमका वाला मशहूर जिला का पहलवान और फ़क़ीर बाबा जो रमजान पर रोजा भी रखते हुए कुश्ती में ताल ठोक दी। जिसमें दोनों पहलवानो को 11 मिनट की कुश्ती का समय निर्णायक मंडल निर्धारित किया और बराबरी पर रही। दूसरे राउंड में 21 हज़ार, तीसरे राउंड में 5100 रूपये चौथे राउंड में 2100 रूपये पांचवे राउंड में 1100 रूपये देकर पहलवानों को पुरस्कृत किया गया। पहलवानों में उमा शंकर दास अयोध्या, जनमेजर राजस्थान, सोमवीर राजस्थान, मेवा थापा काठमांडू, नवाब अली कलियर शरीफ सहारनपुर, सौरभ मुजफ्फर नगर, बल्लू बलरामपुर हस्तिनापुर, मुन्ना टाइगर मेरठ समेत दर्जनों पहलवान शामिल रहे। वहीं श्री राम जानकी मठ भवनियापुर महंत नागा साधु मुकुंद पुरी, संयोजक जिला अध्यक्ष राजस्व निरीक्षक संघ बाराबंकी सुनील शुक्ला, ग्राम प्रधान सूरजपुर शिव मोहन वर्मा,अलाउन्स कर्ता जितेंद्र तिवारी, राज सिंह शुकुलबाजार अमेठी, ओम प्रकाश शुक्ला कौशलेंद्र सिंह मौजूद रहे। वहीं आयोजक विवेकानंद शुक्ला ने सभी अतिथियों स्वागत करते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर करीब दस हजार की संख्या में दर्शक उपस्थित रहें।

## 29 वां पंच दिवसीय सत्संग एवं संत सम्मेलन, संत जन करेंगे अविरलअमृत वर्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी । रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के ग्राम निस्कापुर छुलिहा में विगत 28 वर्षों से आयोजित होने वाले सत्संग, संत सम्मेलन क्रम में वर्ष इस वर्ष भी पंच दिवसीय सत्संग समारोह एवं संत सम्मेलन 18 मार्च मंगलवार से 22 मार्च दिन शनिवार तक आहुत होगा।यह कार्यक्रम भिटरिया चौराहा से 08 किलोमीटर तथा हैदरगढ़ से 22 किलोमीटर बहरेला नहर चौराहे से 03 किलोमीटर पश्चिम निष्कापुर छुलिहा ग्राम में होगा। जहां पर देश के विद्वान/संतों के मुखारविंद से अविरल अमृत वर्षा का आनन्द भक्तों को मिलेगा।18 मार्च को स्वाती शुक्ला जी जौनपुर,19 मार्च को पंडित प्रभाकर शास्त्री प्रतापगढ़,20 मार्च को लक्ष्मी प्रिया अयोध्या जी,21 मार्च को वीरेन्द्रा नन्द पुरी जी महराज नैमिष तथा 22 मार्च को आकाशवाणी पर प्रवक्ता पंडित प्रकाश चन्द्र पाण्डेय जी काशी क्षेत्र द्वारा भक्तों को कथा की अमृत वर्षा का आनन्द मिलेगा।यह कार्यक्रम ब्रह्मलीन वसुधा बंधु विश्व सेवक स्वामी श्री करुणेश जी महाराज की 16वीं पुण्य स्मृति को सादर समर्पित श्री स्वामी जी के ही परम अनुग्रह से 1996 से प्रारंभ सत्संग समारोह एवं संत सम्मेलन की 29वीं आवृत्ति है! जिसकी शुरुआत सेवानिवृत्ति शिक्षक गंगा बख्स सिंह ने किया था। वर्तमान में धर्म परायण भक्तों के सहयोग से बड़ा विशाल कार्यक्रम हो रहा है। जहां देश के उच्च कोटि के संत विद्वान स्थान पर आकर कथामृत का रसपान कराते हैं। क्षेत्रीय लोगों को तो लाभ मिलता ही है दूरदराज से भक्त आकर कथा श्रवण करते हैं और जीवन को धन्य बनाते हैं।

## पीयू को भारत में नेचर इंडेक्स रैंकिंग में उप्र के राज्य विश्वविद्यालयों में दूसरा स्थान

**एजेंसी**

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने नेचर इंडेक्स रैंकिंग 2024 में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही भारत में 125 वां स्थान है। विश्वविद्यालय का काउंट 2 और शेयर 0.74 दर्ज किया गया है, जो इसके शोध और अकादमिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। बताते चलें कि, विश्वविद्यालय द्वारा उच्च श्रेणी के रिसर्च जर्नल्स में प्रकाशन के फलस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है। जो विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक शोध क्षमता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा में बढ़ती प्रतिष्ठा को प्रमाणित करती है। नेचर इंडेक्स एक प्रतिष्ठित वैश्विक मानक है, जो शोध पत्रों की गुणवत्ता और प्रभाव को मापता है। यह सूचकांक शिक्षण संस्थानों और शोध केंद्रों के शोध कार्यों का आंकलन करता है, जिससे उनकी वैश्विक शोध प्रतिष्ठा को आंका जाता है। इसमें दो प्रमुख मेट्रिक्स का उपयोग किया जाता है। काउंट किसी संस्थान द्वारा प्रकाशित कुल शोध पत्रों की संख्या, किसी शोध पत्र में संस्थान के योगदान का अनुपात, विशेष रूप से जब शोध में कई संस्थान शामिल होते हैं। नेचर इंडेक्स नीति-निर्माताओं, शोधकर्ताओं और उद्योग जगत के लिए एक महत्वपूर्ण मानक है, जिससे वे उन्नत शोध और नवाचार के लिए संस्थानों की गुणवत्ता का मूल्यांकन कर सकें। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह द्वारा शोध की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप पिछले कुछ वर्षों में, पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सामाजिक विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। साथ ही साथ विज्ञान, पर्यावरण, चिकित्सा, कम्प्यूटर विज्ञान और कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ शोध सहयोग से शोध कार्य चल रहे हैं। पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने शोध को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, शोध अनुदान, और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सहयोग जैसे कई कदम उठाए हैं। उच्च गुणवत्ता वाले शोध के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस प्रयोगशालाएं, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय भागीदारी प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ अकादमिक सहयोग, इंडस्ट्री-शोध को उद्योगों से जोड़कर व्यावहारिक समाधान विकसित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय को (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) द्वारा इ+ की उच्च रैंकिंग प्राप्त हुई है।विश्वविद्यालय को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा डीएसटी-पर्स योजना के अंतर्गत 07 करोड़ 13 लाख रुपये का अनुदान भी प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय की यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश और भारत के उच्च शिक्षा परिदृश्य में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। विश्वविद्यालय अब अंतरराष्ट्रीय शोध मानकों को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस मामले में रविवार को बात करते हुए कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि ''पूर्वांचल विश्वविद्यालय का मुख्य लक्ष्य शोध कार्यों को प्रोत्साहित करना और वैज्ञानिक नवाचारों में विश्वविद्यालय की भागीदारी बढ़ाना है।

## अट्ठैसा क्षत्रिय चेतना समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सरोजनीनगर-लखनऊ। अट्ठैसा क्षत्रिय चेतना समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह बंथरा इलाके के मोहन रोड स्थित नारायणपुर के एक निजी गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ अशोक सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके हुआ वहीं कार्यक्रम में मौजूद छात्र एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई तथा स्थानिक कलाकारों द्वारा होली के गीत की प्रस्तुति भी की गई। कार्यक्रम को पूर्व ब्लाक प्रमुख रामगोपाल सिंह, प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष जगनायक सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता हरिशंकर सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह राजू, व अन्य ने संबोधित किया तथा क्षत्रिय एकता पर बल दिया। समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंह एवं शिवकुमार सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षत्रिय समाज के पुनरोत्थान को लेकर जोर दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ अशोक सिंह व संयोजक कप्तान सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों को होली की शुभकामनाओं के साथ धन्यवाद ग्यापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर जय सिंह व शरद सिंह ने किया। आयोजन में क्षेत्र से बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।



## आठ साल के अब्दुल्ला ने रखा रोजा हौसले की तारीफ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला चौहट्टा निवासी आठ वर्षीय मोहम्मद अब्दुल्ला खान पुत्र मोहम्मद तूफैल खान ने कम उम्र में पहला रोजा रखकर भूख प्यास की सहनशीलता एवं धर्म की नीतियों पर चलने का परिचय दिया । अब्दुल्ला खान ने देश की प्रगति भाईचारे और शांति के लिए दुआएं मांगी। इस शुभ अवसर पर उनके माता-पिता रिश्तेदार और करीबी दोस्तों ने बच्चों को दुआएं दी और उनकी लंबी उम्र की साथ अच्छी शिक्षा उज्जवल भविष्य की कामना की।

मोहल्ला वासियो रिश्तेदारों ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। अब्दुल्ला खान के चाचा सोहेल खान ने कहा कि बच्चों में धार्मिक नैतिक जागरूकता समाज के लिए अच्छा संकेत है। मालिक इबादत को कबूल करे।



### पत्नी के प्रेमी को कुल्हाड़ी से काटकर उतारा मौत के घाट, अवैध संबंधों को लेकर की गई हत्या

जालौन। जिले के कुठौंद थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी के प्रेमी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। घटना सुरावली गांव की है। मृतक की पहचान संदीप (36) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, संदीप का पवन की पत्नी माधुरी से पिछले चार वर्षों से अवैध संबंध था। शनिवार देर शाम माधुरी ने संदीप को अपने घर बुलाया। पवन ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। गुस्से में पवन ने संदीप पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। शोर सुनकर पवन का भाई राम जी भी वहां आ गया और उसने भी संदीप पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल संदीप को परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद ले गए। वहां से डॉक्टरों ने उसे उरई रेफर कर दिया। उरई पहुंचने पर संदीप की मृत्यु हो गई। प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को टी-20 मैच में नौ विकेट से हराया

एजेंसी




क्राइस्टचर्च। जेकब डफी (चार विकेट), काइल जेमीसन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद टिम साइफर्ट (44) और फिन ऐलन (नाबाद 29) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 59 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

पाकिस्तान के 91 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टिम साइफर्ट और फिन ऐलन की सलामी जोड़ी ने विस्फोटक बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। छठें ओवर में अबरार अहमद ने अर्धशतक की ओर बढ़ रहे टिम साइफर्ट को आउटकर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। टिम साइफर्ट ने 29 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (44) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये टिम रॉबिंसन ने फिन ऐलन का बखूबी साथ निभाया और दोनों बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 10.1 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 92 रन बनाकर अपनी टीम को नौ विकेट से जीत दिला दी। फिन ऐलन 17 गेंद पर (29) और टिम रॉबिंसन 15 गेंद पर (18) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से एकमात्र विकेट अबरार अहमद ने लिया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र एक रन के स्कोर पर अपने तीन और 11 के स्कोर तक चार विकेट गवां दिये। न्यूजीलैंड के गेदबाजों ने पाकिस्तान की मोहम्मद हारिस और हसन नवाज की सलामी जोड़ी को खाता भी नहीं खोलने दिया। इरफान खान और शादाब खान(तीन) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये खुशदिल शाह ने कप्तान आगा सलमान के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी हुई। 12वें ओवर में ईश सोढ़ी ने आगा सलमान (18) को आउटकर इसा साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में जेकब डफी ने खुशदिल शाह (32) को आउट कर पाकिस्तान की कमर तोड़ा दी।

# शायद मैच का दबाव नहीं झेल पाये , डब्ल्यूपीएल फाइनल हारने के बाद दिल्ली के मुख्य कोच ने कहा


एजेंसी




मुंबई। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने महिला प्रीमियर लीग में लगातार तीसरा फाइनल हारने के बाद कहा कि शायद उनकी टीम दबाव का सामना नहीं कर सकी। दिल्ली कैपिटल्स फाइनल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 150 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ रन से चूक गई। इससे पहले दो सत्रों में उसे आरसीबी और मुंबई ने ही हराया था। कोच ने मैच के बाद कहा कि सभी बहुत आहत हैं। मुझे लगता है कि इस विकेट पर 150 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। बड़ा मैच , फाइनल खेलने का दबाव शायद खिलाड़ी झेल नहीं पाये लेकिन मुंबई को जीत का श्रेय जाता है जिन्होंने इस स्कोर का भी बचाव कर लिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमारे लिये काफी कठिन कर दिया और हम कभी दबाव बना नहीं पाये। उन्होंने कहा कि पिछले दो फाइनल हारने का उनकी टीम पर कोई मनोवैज्ञानिक दबाव नहीं था। उन्होंने कहा कि सभी लड़कियां काफी सकारात्मक थीं। मैं उन्हें दोष नहीं देता। ऐसी नकारात्मक बातें हो रही थी कि पिछले दो फाइनल हारने का कोई दबाव है लेकिन ऐसा नहीं था। वे सभी काफी सकारात्मक और आत्मविश्वास से भरी थीं। उन्होंने कहा कि कोई मानसिक गतिरोध नहीं था। हमने इस विकेट पर उन्हें 149 रन पर रोक दिया जबकि 180 रन बन सकते थे। हम हार से आहत हैं और आत्ममंथन में समय लगेगा कि गलती कहां हुई। लगातार दो कड़े मुकाबले खेलें हैं और यह इतना करीबी मैच था कि बस आठ रन यानी दो चौकों के अंतर से हारे।

# शेफाली और लैनिंग के शुरूआती विकेटों से मैच हमारे पक्ष में हो गया : मुंबई कोच एडवडर्स

एजेंसी



मुंबई। मुंबई इंडियंस की मुख्य कोच चार्लोट एडवडर्स ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के विकेट जल्दी चटकाने से उनकी टीम को महिला प्रीमियर लीग फाइनल जीतने में मदद मिली।

लैनिंग 13 और शेफाली चार रन बनाकर उस समय आउट हुईं जब स्कोर बोर्ड पर 17 रन टंगे थे। जीत के लिये 150 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम नौ विकेट पर 141 रन ही बना सकी। एडवडर्स ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमें पता था कि 150 रन का लक्ष्य ज्यादा बड़ा नहीं होगा लेकिन फाइनल में यह बुरा भी नहीं था। शेफाली अपना चिर परिचित प्रदर्शन नहीं कर सकी और मुझे पता था कि उसका विकेट लेने के बाद हमारे लिये मौका है। उन्होंने कहा कि लैनिंग और शेफाली की शुरूआती साझेदारी हमारे लिये पिछले कुछ साल में सिरदर्द रही थी और उन दोनों को जल्दी आउट करने से मदद मिली। यह टीम प्रयासों का नतीजा है। इंग्लैंड की पूर्व कप्तान एडवडर्स ने 44 गेंद में 66 रन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर की तारीफ करते हुए कहा कि वह शांतचित्त होकर खेल रही थी। वह काफी प्रतिस्पर्धी है और एक और खिताब जीतना चाहती थी जिसके लिये उसने पूरा प्रयास किया। वह युवा खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराती है और विदेशी तथा अनुभवी खिलाड़ियों के साथ बखूबी काम करती है।

# ईशान ने हैदराबाद के इंट्रा-स्क्वाड मैच के दौरान खेली शानदार पारियां, दोनों बार लगाए अर्धशतक

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत के स्टाइलिश बल्लेबाज ईशान किशन ने सनराइजर्स हैदराबाद के इंट्रा-स्क्वाड मैच के दौरान दो शानदार पारियों के साथ शानदार फॉर्म का प्रदर्शन किया। अभिषेक शर्मा के साथ शीर्ष क्रम में खेलते हुए ईशान ने मात्र 23 गेंदों पर 64 रन और मात्र 30 गेंदों पर 73 रन बनाए। सनराइजर्स द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में ईशान को अपने शानदार शॉट सिलेक्शन से टीम को जीत दिलाते हुए दिखाया गया है। सनराइजर्स ने पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था, आईपीएल 2024 में उप-विजेता रहा। वे टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे, लेकिन एकतरफा मुकाबले में उन्हें अंतिम चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स से हार का सामना करना पड़ा। अपनी टीम को मजबूत करने के लिए सनराइजर्स ने कई खराब प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को टीम से बाहर कर दिया, जबकि ईशान किशन जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को आईपीएल 2025 की टीम में शामिल किया। ईशान किशन एसआरएच का हिस्सा बन गए क्योंकि टीम ने पिछले साल ग्रैंड ऑक्शन में उन्हें 11.25 करोड़ की शानदार राशि में खरीदा था। ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा के पारी की शुरुआत करने के साथ ईशान से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने और टूर्नामेंट में एसआरएच के लिए महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की उम्मीद है। ईशान किशन पहले मुंबई इंडियंस के साथ थे और अपनी दमदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाते थे। उन्होंने 2016 में डेब्यू किया और तब से वे आईपीएल के प्रमुख सलामी बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने 105 पारियों में 16 अर्द्धशतकों के साथ 2644 रन बनाए हैं। उनकी लंबी शॉट रेंज उन्हें पावरप्ले में आक्रमण करने की अनुमति देती है। वह मुंबई इंडियंस के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी थे, लेकिन एमआई ने उन्हें 2025 के आईपीएल सीजन से पहले रिलीज कर दिया। पिछले साल एसआरएच का एक बेहतरीन सीजन रहा।

# आरबीआई की मुद्रा प्रबंधन परियोजना के लिए ईआईएल, मेकॉन और चार अन्य कंपनियां दौड़ में

एजेंसी

मुंबई। देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की भविष्य की नकदी जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मुद्रा प्रबंधन बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार की परियोजना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) और मेकॉन के साथ-साथ चार निजी क्षेत्र की कंपनियां भी दौड़ में हैं। चार निजी कंपनियां- एक्सेंचर सॉल्यूशंस, कोलियर्स इंटरनेशनल (इंडिया) प्रॉपर्टी सर्विसेज, प्राइसवाटरहाउस कूपर्स और द बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (इंडिया) हैं। आरबीआई ने इससे पहले 'भारत में मुद्रा प्रबंधन अवसंरचना के आधुनिकीकरण के लिए परामर्श और परियोजना प्रबंधन सेवाओं की खरीद' के लिए रुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए थे। केंद्रीय बैंक को 11 कंपनियों से जवाब मिले थे। एक आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, प्रतिक्रियाओं का मूल्यांकन करने के बाद आरबीआई ने कहा कि उसने प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी करने के लिए छह कंपनियों को सूचीबद्ध किया है। ईओआई दस्तावेज के अनुसार, आरबीआई ने नए मुद्रा प्रबंधन केंद्रों के निर्माण, गोदाम स्वचालन की शुरुआत, सुरक्षा और निगरानी प्रणालियों की स्थापना, एक भंडार प्रबंधन प्रणाली और एक केंद्रीकृत कमान केंद्र का प्रस्ताव रखा है। एनआईसी (चलन में मौजूद नोट) की वृद्धि दर में नरमी के बावजूद, निकट भविष्य में वृद्धि सकारात्मक बनी रहने की संभावना है। हालांकि, अगले दशक में इसकी गति धीमी रहने की उम्मीद है। बैंक नोट चार प्रिंटिंग प्रेस में छापे जाते हैं, और सिक्के चार टकसालों में ढाले जाते हैं। नए बैंक नोट और सिक्के देश भर के 19 निर्गम कार्यालयों (आईओ) में प्राप्त होते हैं, जहां से उन्हें अनुसूचित बैंकों द्वारा संचालित लगभग 2,800 करेंसी चेस्ट (सीसी) में वितरित किया जाता है।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी




नई दिल्ली। अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी को लेकर बनी अनिश्चितता, ट्रेड वॉर की आशंका और अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व द्वारा एक बार फिर ब्याज दरों में कटौती करने की संभावना के कारण सेफ एसेट के रूप में वैश्विक स्तर पर पिछले सप्ताह के दौरान सोने की मांग में तेजी बनी रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहली बार शुक्रवार को सोना 3 हजार डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर को पार कर गया। घरेलू सर्राफा बाजार में भी पिछले सप्ताह के दौरान सोने के भाव में ओवरऑल तेजी बनी रही। इस एक सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने के भाव में 1,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने के भाव में 1,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। दूसरी ओर, घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 89,670 रुपये से लेकर 89,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 82,200 रुपये से लेकर 82,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में कमजोरी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी भी आज 1,03,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 89,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 82,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 89,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 89,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 82,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 89,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 82,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 89,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 89,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 82,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 89,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 82,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 89,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# आंध्र प्रदेश में बाजार हस्तक्षेप योजना से लाल मिर्च की कीमतों में सुधार, किसानों को राहत

एजेंसी

विजयवाड़ा। लाल मिर्च के भाव में आई उल्लेखनीय गिरावट के बाद में घोषित आंध्र प्रदेश सरकार की बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) से कीमतों में उछाल आया है और किसानों के लिए ये लाभकारी स्तर पर स्थिर हो गई हैं। राज्य को इसी साल लाल मिर्च की कीमतों में भारी गिरावट का सामना करना पड़ा था। मिर्च की कीमतें पिछले सत्र में 28,000 रुपये प्रति क्विंटल से गिरकर 7,000 रुपये प्रति क्विंटल से भी नीचे आ गई थीं। इस तेज गिरावट के कारण खासकर रायलसीमा, गुंटूर और पालनाडु क्षेत्रों के मिर्च किसानों के लिए वित्तीय संकट पैदा हो गया। इस स्थिति से निपटने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार ने केंद्र से कीमतों के लिए बाजार हस्तक्षेप योजना शुरू करने का अनुरोध किया। 25 फरवरी को केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश सरकार के साथ मिलकर बाजार हस्तक्षेप योजना शुरू की। इसका उद्देश्य मिर्च की कीमतों को स्थिर करना था। इसके लिए 11,781 रुपये प्रति क्विंटल की खरीद कीमत तय की गई थी। इस योजना के तहत सरकार ने निर्धारित कीमत पर 25 प्रतिशत तक उपज खरीदने पर सहमति जताई थी, जिसमें केंद्र और राज्य के बीच घाटे को बराबर-बराबर बांटा जाता था। बाजार के आंकड़ों से पता चला है कि इस योजना के कारण एक सप्ताह के भीतर खुले बाजार में कीमतों में 15-20 प्रतिशत की वृद्धि हुई, तथा दरें 3,000 रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ गई हैं। व्यापारियों ने कुछ किस्मों के लिए 14,000 रुपये प्रति क्विंटल तक की ऊंची कीमत की पेशकश की, जो एमआईएस खरीद मूल्य से भी अधिक थी, क्योंकि उन्हें आगे भी कीमतों में बढ़ोतरी की उम्मीद है। आंकड़ों के अनुसार, 11 फरवरी को किस्म 334 और नंबर पांच की कीमतें 11,500 रुपये प्रति क्विंटल पर थीं, लेकिन एमआईएस दरें क्रमशः 12,500 रुपये प्रति क्विंटल और 13,000 रुपये हो गईं।

# फ़ेड रिजर्व के निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**

मुंबई। देश में इस वर्ष फरवरी में खुदरा महंगाई में नरमी आने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने से व्यापार युद्ध छिड़ने की चिंता में हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह 0.7 फीसदी तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह फ़ेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय के साथ ही चीन के आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 503.67 अंक अर्थात 0.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 73828.91 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 155.3 अंक यानी 0.7 प्रतिशत उतरकर 22397.20 अंक रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 825.47 अंक अर्थात 2.07 प्रतिशत कमजोर रहकर सप्ताहांत पर 39062.82 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप 1761.88 अंक यानी 3.9 प्रतिशत का गोता लगाकर 43844.98 अंक पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक व्यापार युद्ध के बढ़ते प्रभाव ने बाजार की धारणा पर गहरा असर डाला है, जिससे अनिश्चितता बढ़ी है और सूचकांक सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव कर रहे हैं। हालांकि, घरेलू कारकों ने कुछ राहत प्रदान की है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने मुद्रास्फीति में नरमी और मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे के चलते सुधार के सकारात्मक संकेत दिखाए हैं। इस वर्ष फरवरी में खुदरा महंगाई अपेक्षा से अधिक घटी है, जिससे ब्याज दरों में कटौती की संभावनाएं बढ़ गई हैं। इसके अलावा जनवरी में औद्योगिक उत्पादन अनुमान से बेहतर रहा, जिससे बाजार की धारणा को बल मिला और गिरावट पर अंकुश लगा। वित्त वर्ष 2026 में बढ़ा हुआ सरकारी खर्च और उपभोक्ता आय में वृद्धि इस सुधार को समर्थन प्रदान कर सकते हैं। हालांकि, वैश्विक व्यापार की अनिश्चितताएं और अमेरिकी मंदी की आशंका घरेलू बाजार की गति को प्रभावित कर सकती हैं। इसके बावजूद हाल के सुधारों के कारण मूल्यांकन में आई नरमी, कच्चे तेल की गिरती कीमतें, डॉलर इंडेक्स में नरमी और आगामी तिमाहियों में घरेलू आय में संभावित वृद्धि जैसे कारक अस्थिरता को सीमित कर सकते हैं और बाजार में स्थिरता लाने में सहायक हो सकते हैं। अगले सप्ताह 18 और 19 मार्च को अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व की ओपेन मार्केट कमेटी की द्विमासिक मौद्रित नीति समीक्षा बैठक होने वाली है। बैठक में ब्याज दरों को स्थिर रखने की व्यापक संभावना है। फ़ेड अधिकारी किसी भी मौद्रिक नीति संबंधी कदम उठाने से पहले प्रतीक्षा कर रहे हैं ताकि यह स्पष्ट हो सके कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आर्थिक नीतियां कैसे लागू होंगी और उनका अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा। यदि श्री ट्रंप के टैरिफ के कारण आर्थिक मंदी आती है तो फ़ेड को संभावित रूप से रोजगार बाजार को समर्थन देने के लिए ब्याज दरों में कटौती करनी पड़ सकती है। वहीं, अगले सप्ताह चीन की खुदरा बिक्री और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होंगे, जो उसकी आर्थिक वृद्धि को लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण देंगे। साथ ही निवेशक अमेरिकी खुदरा बिक्री और उत्पादन आंकड़ों पर भी कड़ी नजर बनाए रखेंगे। बीते सप्ताह शुक्रवार को होली पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ, जिनमें से तीन दिन गिरावट और एक दिन घटबढ़ रहा। चीन में बढ़ते अपस्फीतिकारी दबाव के साथ-साथ अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुस्ती और वैश्विक व्यापार युद्ध के बढ़ते खतरे ने वैश्विक आर्थिक विकास को लेकर गंभीर चिंताओं से विदेशी बाजारों में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली होने से सोमवार को सेंसेक्स 217.41 अंक लुढ़ककर 74,115.17 और निफ्टी 92.20 अंक टूटकर 22,460.30 अंक पर आ गया।



# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 93,000 करोड़ रुपये घटा

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 93,357.52 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 503.67 अंक या 0.68 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 155.3 अंक या 0.69 प्रतिशत का नुकसान रहा। होली के अवसर पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद थे। समीक्षाधीन सप्ताह में इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण चढ़ गया। इन पांच कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 49,833.62 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 44,226.62 करोड़ रुपये घटकर 6,55,820.48 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस का मूल्यांकन 35,800.98 करोड़ रुपये घटकर 12,70,798.97 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में यह खिसक कर तीसरे स्थान पर आ गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 6,567.11 करोड़ रुपये घटकर 5,11,235.81 करोड़ रुपये रह गई। एसबीआई का मूल्यांकन 4,462.31 करोड़ रुपये घटकर 6,49,489.22 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मूल्यांकन में 2,300.50 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह घटकर 16,88,028.20 करोड़ रुपये पर आ गया।

# दुनिया के सामने नई चुनौतियों के चलते ही कई देशों में शासन का पतन हुआ : आर्मी चीफ

## नए खतरों में आतंकवाद, कट्टरपंथ और बड़े पैमाने पर साइबर हमले भी शामिल

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि इस समय दुनिया नई चुनौतियों का सामना कर रही है, जिसके कारण इराक, लीबिया, सीरिया, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और कई अन्य देशों में शासन का पतन हुआ है। अंशकालिक मित्रता एक नई उभरती हुई घटना है, जिसे 'मजबूरी में दोस्त' भी कहा जाता है। एक निर्वाचित सरकार की अवधि या एक निर्वाचित नेता का पतन एक राष्ट्र के पूरे दृष्टिकोण को बदल रहा है।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को नई दिल्ली में देश के पहले आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ जनरल बिपिन रावत की याद में चौथे व्याख्यान 'उभरते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में बदलते प्रतिमान' विषय पर व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा, हम देखते हैं कि अमेरिका, कनाडा या बांग्लादेश में क्या हो रहा है। दुनिया यूक्रेन और गाजा में दो बड़े संघर्षों से अभी-अभी उबर रही है, जिसमें अधिकांश देशों ने यथार्थवाद, आदर्शवाद या धर्म के आधार पर पक्ष लिया था। इस उथल-पुथल में चल रहे उप-राष्ट्रीय संघर्ष और वैश्विक शांति के लिए आम खतरे जैसे आतंकवाद, कट्टरपंथ और बड़े पैमाने पर साइबर हमले भी शामिल हैं।




उन्होंने कहा कि यदि मौजूदा विवादों को देखें, तो हम पाते हैं कि चीन, एशिया, अफ्रीका और यूरोप में अपने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव निवेशों के जरिये स्थापित नियम-आधारित प्रणाली को चुनौती दे रहा है। अमेरिका गठबंधनों को मजबूत करके और एक मुक्त इंडो-पैसिफिक को बढ़ावा देकर जवाब दे रहा है। यूरोप चीन और अमेरिका के साथ मिलकर मानवाधिकारों के अपने सिद्धांत को बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। अफ्रीका दोनों ब्लॉकों से निवेश प्राप्त करने की कोशिश कर रहा है और वैश्विक दक्षिण तेजी से एक बहुध्रुवीय दुनिया की मांग कर रहा है, जो विविध हितों को दर्शाती है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि चीन ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के समुद्री क्षेत्र के बीच जहाज अग्नि अभ्यास करके अपने संकेत को बढ़ाया है। इस शक्ति संघर्ष में उत्तर कोरिया चुपचाप सैन्य रूप से मजबूत होता जा रहा है। यहां तक कि वैश्विक कॉमन्स महासागर, बाहरी अंतरिक्ष, साइबर स्पेस और वायुमंडल भी उसी भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण खतरे में हैं। गलत सूचना विश्वास को कमजोर करती है, जबकि आर्थिक असमानताएं और संसाधन प्रतिस्पर्धा अशांति और पलायन को बढ़ावा देती है। इन खतरों से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग, लचीलापन और अनुकूल सुरक्षा रणनीतियों की आवश्यकता है।

# कांग्रेस ने बोडोलैंड शांति समझौते का उड़ाया था मजाक, आज क्षेत्र में स्थायी शांति: अमित शाह

एजेंसी

कोकराझाड़ (असम)। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बोडो शांति समझौते की मजबूती को रेखांकित करते हुए कांग्रेस पर तंज कसा। शाह ने कहा कि जब 27 जनवरी 2020 को बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन (डीटीआर) शांति समझौता हुआ था, तब कांग्रेस ने इसका मजाक उड़ाया था, लेकिन आज यह समझौता क्षेत्र में स्थायी शांति का आधार बन चुका है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को असम के कोकराझाड़ में ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन (आब्सू) के 57वें वार्षिक अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि समझौते के 82 फीसदी प्रावधान पहले ही केंद्र और असम सरकार लागू कर चुके हैं। अगले दो वर्षों में इसे पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा, जिससे बोडोलैंड में स्थायी शांति सुनिश्चित होगी। उन्होंने याद दिलाया कि 1 अप्रैल 2022 को पूरे बीटीआर क्षेत्र से अफस्पा



हटा लिया गया था, जिससे स्थिरता बढ़ी है। बोडोलैंड की आर्थिक और सांस्कृतिक प्रगति का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कोकराझाड़ के मशरूम 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' पहल के तहत राष्ट्रीय पहचान बना चुके हैं और दिल्ली के होटलों में परोसे जा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री शाह ने आब्सू के योगदान की सराहना करते हुए कहा, ''अगर आब्सू न होता तो बोडो समझौता संभव नहीं होता और न ही बोडोलैंड में शांति स्थापित हो पाती।'' उन्होंने पारंपरिक बोडो धर्म बाथौ धर्म को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। केन्द्रीय गृह मंत्री ने बोडोलैंड के युवाओं से 2036 अहमदाबाद ओलंपिक्स में भाग लेने की तैयारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने बोडो शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज मैं बोडोफा उपेंद्र नाथ ब्रह्म की जन्मस्थली पर खड़ा हूं और उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित करता हूं। सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने घोषणा की कि दिल्ली में एक प्रमुख सड़क का नाम बोडो आंदोलन के नेता उपेंद्र नाथ ब्रह्म के नाम पर रखी जाएगी। इसके अलावा, अप्रैल के पहले सप्ताह में असम के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

# राहुल ने संवैधानिक सिद्धांतों पर सांप्रदायिक तुष्टिकरण को प्राथमिकता वाली नीतियों को बढ़ावा दिया: भाजपा

एजेंसी

बंगलुरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय राज्य के खिलाफ खुला युद्ध छेड़ने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस नेता ने कथित तौर पर संवैधानिक सिद्धांतों पर सांप्रदायिक तुष्टिकरण को प्राथमिकता देने वाली नीतियों को बढ़ावा दिया है, जिसमें कर्नाटक में मुसलमानों के लिए आरक्षण और अन्य विवादास्पद नीतियों को शामिल किया गया है।

भाजपा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में श्री गांधी के खिलाफ ये आरोप लगाये हैं। भाजपा ने कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा सरकारी अनुबंधों में मुसलमानों के लिए आरक्षण की घोषणा को संविधान के लिए काला दिन करार दिया है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को कुचल दिया था और अब वह अपने वोट बैंक की सेवा के लिए संविधान को तोड़ रही है। भाजपा ने श्री गांधी पर आरोप लगाया है कि वह विभाजनकारी राजनीति कर रहे हैं जो बहुसंख्यक समुदाय के हितों को कमजोर करती है। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया है कि श्री गांधी मुस्लिम ठेकेदारों के लिए आरक्षण जैसी नीतियों के पीछे मुख्य शक्ति हैं, जिसे उन्होंने धार्मिक भेदभाव और स्पष्ट तुष्टिकरण के रूप में वर्णित किया है। भाजपा ने पोस्ट में लिखा, लगता है बालक बुद्धि (राहुल गांधी) का भारतीय राज्य के खिलाफ खुला युद्ध पूरे जोरों पर है।कांग्रेस नेता मुस्लिम ठेकेदारों के लिए आरक्षण जैसी नीतियों के पीछे प्रेरक शक्ति हैं, जिसे उन्होंने धार्मिक भेदभाव और स्पष्ट तुष्टिकरण बताया। भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर कट्टरपंथी तत्वों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि उन्होंने पहले प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामलों को वापस ले लिया था, जो दंगों और आगजनी में शामिल थे। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने राज्य के बजट में मुस्लिम समुदाय को बड़े पैमाने पर धन आवंटित किया है, जबकि हिंदुओं को नजरअंदाज किया गया है। भाजपा ने आरोप लगाया बजट में मुस्लिम समुदाय को लाखों करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं, जबकि हिंदुओं को कुछ नहीं मिला है। कांग्रेस सरकार ने कुछ समुदायों के खिलाफ बल प्रयोग किया है, जबकि दूसरों को लाभ प्रदान किया है। भाजपा ने कहा है, अब वह मुसलमानों को चाँदी की थाली पर आरक्षण दे रहे हैं।

# इंफाल और गुवाहाटी जोन में 88 करोड़ रुपये की मेथमफ़ेटामाइन गोलियों की खेप जब्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 'नशा मुक्त भारत' बनाने की मोदी सरकार की मुहिम को गति देते हुए इंफाल और गुवाहाटी जोन से 88 करोड़ रुपये की मेथमफ़ेटामाइन गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त कर अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि सरकार की ओर से ड्रग माफिया पर कोई रहम नहीं किया जाएगा। उन्होंने 88 करोड़ रुपये की मेथमफ़ेटामाइन गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त करने और अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल के चार सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को बधाई देते हुए कहा कि ड्रग्स की बड़े पैमाने पर हुई यह बरामदगी जांच के लिए अपनाए जा रहे 'बॉटम टु टॉप' और 'टॉप टु बॉटम' अप्रोच की शानदार सफलता का प्रमाण है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा, ड्रग कार्टेल के लिए कोई रहम नहीं। मोदी सरकार के नशा मुक्त भारत के निर्माण के अभियान को गति देते हुए, 88 करोड़ रुपये की मेथमफ़ेटामाइन गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की गई और इंफाल एवं गुवाहाटी जोन में अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। ड्रग की यह खेप जांच के लिए अपनाए जा रहे 'बॉटम टु टॉप' और 'टॉप टु बॉटम' अप्रोच की शानदार सफलता का प्रमाण है। ड्रग्स की हमारी तलाश जारी है। ब्यूरो की टीम को हार्दिक बधाई। ब्यूरो के इम्फाल जोन के अधिकारियों ने पहली कार्रवाई में 13 मार्च को सूचना के आधार पर लिलोंग क्षेत्र के पास एक ट्रक को रोका और वाहन की पूरी तरह से टोह लेने के बाद ट्रक के पिछले हिस्से में टूल बॉक्स, केबिन से 102.39 किलोग्राम मेथमफ़ेटामाइन की गोलियां बरामद कीं। ट्रक में सवार दो लोगों को पकड़ा भी गया। बिना किसी देरी के टीम ने तुरंत एक फॉलो अप कार्रवाई की और लिलोंग क्षेत्र से प्रतिबंधित सामग्री के संदिग्ध रिसीवर को पकड़ लिया। उसके पास से एक चार पहिया वाहन भी बरामद किया गया, जिसका इस्तेमाल ड्रग तस्करी के लिए किया जाता था। बाद में तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रतिबंधित सामग्री का संदिग्ध स्रोत मोरेह है। मामले में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है। प्राप्त सूचना के आधार पर उसी दिन एक अन्य अभियान में ब्यूरो के गुवाहाटी ज़ोन के अधिकारियों ने सिलचर के पास असम-मिज़ोरम सीमा पर एक एस यू वी कार को रोका और उसकी गहन तलाशी ली, जिसमें वाहन के स्पेयर टायर के अंदर छिपाई गई 7.48 किलोग्राम मेथमफ़ेटामाइन गोलियां बरामद हुईं और वाहन सवार को भी पकड़ लिया, जिसे बाद में गिरफ़्तार कर लिया गया। तस्करी का स्रोत मणिपुर का मोरेह था और संदिग्ध गंतव्य करीमगंज था। मामले में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है। एक अन्य घटनाक्रम में ब्यूरो, मिजोरम सरकार के आबकारी विभाग से एक मामले की जांच भी अपने हाथ में ले रहा है, जिसमें छह मार्च को ब्रिगेड बावंगकॉन एजल में लगभग 46 किलोग्राम क्रिस्टल मेथ जब्त किया गया था। इस मामले में ड्रग सिंडिकेट में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ड्रग तस्करी नेटवर्क के अंतरराष्ट्रीय और अंतर-राज्यीय संबंधों की जांच के लिए ब्यूरो द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## अमेरिका में तूफान, बवंडर से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 28

वाशिंगटन। अमेरिका में हाल ही में आए तूफान और बवंडर से मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। यह जानकारी एबीसी न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में दी। चैनल ने कहा कि इनमें से 15 मौतें बवंडर से संबंधित हैं। अर्कासस, इलिनोइस, इंडियाना, केंटकी, मिसिसिपी, मिसौरी और टेक्सास राज्यों में आए बवंडर और तूफान से लगभग 13 करोड़ लोगों को खतरा है। इसके अलावा, चरम मौसम की स्थिति के कारण पहले से ही जंगल में आग फैल रही है। अबतक इन क्षेत्रों में 100 से अधिक आग लगने की घटनाएं हुई हैं। प्रभावित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर आवासीय इमारतों एवं संरचनाओं को नुकसान हुआ है, साथ ही विद्युत आपूर्ति भी बाधित हुई है। 3,00,000 से अधिक उपभोक्ता बिना बिजली के रह रहे हैं।

# दिल्ली में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए शुरू होगा व्यापक अभियान: रेखा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और पर्यावरण सुधार के लिए बड़े स्तर पर अभियान शुरू किया गया।

इस अभियान के तहत पूरी रिंग रोड को 'धूल मुक्त' (डस्ट फ्री) बनाने और सड़कों के किनारे पौधे लगाने तथा ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए व्यापक योजना तैयार की गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में इस दिशा में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। श्रीमती गुप्ता ने रविवार को यहां बताया कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए सरकार ने ठोस और कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सरकार ने विभिन्न उपायों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वायु प्रदूषण नियंत्रण कार्ययोजना के बारे में अधिक जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार वैज्ञानिक और सतत उपायों के माध्यम से वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सड़क किनारे हरित पट्टी विकसित करने, आधुनिक तकनीकों से धूल नियंत्रण करने और सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ बनाने के साथ, हम दिल्लीवासियों को एक साफ़, स्वस्थ और हरा-भरा भविष्य देने के लिए तत्पर हैं। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकार ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और अन्य सम्बंधित रोड ओनिंग एजेंसियो को रोड के किनारे पौधे लगाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पूरी रिंग रोड को 'डस्ट फ्री' बनाया जाएगा। इसके लिए रिंग रोड पर रेगुलर मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग की जाएगी और सड़क किनारे धूल के जमाव को रोकने के लिए वॉटर स्प्रिंकलर्स का इस्तेमाल होगा। साथ ही निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण प्रबंधन को सख्ती से लागू किया जाएगा और पीयूसी के सघन जाँच के निर्देश भी दिए गए है।

श्रीमती गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में ट्रैफिक जाम की समस्या को हल करने के लिए 250 प्रमुख सड़कों को चिह्नित किया गया है और सभी सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वो दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की मदद से यातायात जाम के कारणों का निदान करें। साथ ही प्रमुख जंक्शनों पर यातायात प्रबंधन प्रणाली को बेहतर किया जाएगा। दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन को अधिक कुशल बनाने के लिए डीटीसी बसों की रूट रेशनलाइजेशन योजना पर भी काम किया जाएगा। इससे सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुविधाजनक बनाया जाएगा और निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी, जिससे प्रदूषण में कमी आएगी। सार्वजनिक बसों की रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए कन्ट्रोल रूम बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। सरकार इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सड़क किनारे हरित पट्टी विकसित करने, ट्रैफिक सुधार और सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुचारू बनाने से राजधानी की वायु गुणवत्ता में बड़ा सुधार होगा। दिल्ली सरकार पर्यावरण सुधार और प्रदूषण नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार, विभिन्न एजेंसियों और आम जनता के सहयोग से ठोस कदम उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## दिल्ली में भाजपा की संगठनात्मक पुनर्गठन प्रक्रिया आगामी सप्ताह से होगी प्रारम्भ : सचदेवा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को कहा कि दिल्ली भाजपा की संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया आगामी सप्ताह से प्रारंभ होगी, जिसे हम संगठन पर्व के रूप में देखते हैं।

राजधानी में विधानसभा चुनाव के बाद अब दिल्ली भाजपा में भी संगठन के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी एवं राज्यसभा सांसद डॉक्टर के. लक्ष्मण ने प्रदेश चुनाव अधिकारी और प्रदेश सह चुनाव अधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। डॉ. लक्ष्मण ने दिल्ली के लिए महेंद्र नागपाल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है और साथ ही दो सह चुनाव अधिकारी डॉ. योगेश आत्रेय एवं श्री विजय सोलंकी को भी इसके लिए नियुक्त किया है। श्री सचदेवा ने कहा है की भाजपा सामूहिक नेतृत्व से चलने वाली पार्टी है। हम पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र भी सुनिश्चित करते हुए हर कार्यकर्ता को संगठनात्मक संरचना से जुड़ने का अवसर देते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की संगठनात्मक संरचना प्रक्रिया के अंतर्गत बूथ समिति, मंडल समिति, जिला समिति से होते हुए प्रदेश समिति तक का चुनाव अवसर दिया जायेगा पर साथ ही जहां कार्यकर्ता चाहेंगे वहां समन्वय से भी समिति गठन हो सकेगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव के कारण भाजपा का संगठन पर्व शुरू नहीं हो सका था।

# पेज एक का शेष

### पुलिसिंग बनी मॉडल...

कानून व्यवस्था में हुए ऐतिहासिक सुधारों के कारण प्रदेश में अपराध दर में भारी गिरावट आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश सरकार ने न केवल संगठित अपराधियों और माफियाओं पर शिकंजा कसा है, बल्कि आम नागरिकों के मन में सुरक्षा का भाव भी मजबूत किया है।

### स्वामी विवेकानंद...

को समझना होगा। यह अपने सदस्यों को जीवन का उद्देश्य देता है। यह सिखाता है कि राष्ट्र ही सब कुछ है और समाज सेवा ही ईश्वर की सेवा है। हमारे वैदिक संतों और स्वामी विवेकानंद ने जो सिखाया है, संघ भी यही सिखाता है। आरएसएस के कुछ सदस्यों ने शिक्षा में क्रांति लाने के लिए विद्या भारती नामक संगठन की शुरुआत की। उनके देश भर में करीब 25 हजार स्कूल चलते हैं। एक समय में 30 लाख छात्र इन स्कूलों में पढ़ते हैं।' उन्होंने कहा कि वामपंथियों की ओर से प्रचारित श्रमिक आंदोलन 'दुनिया के मजदूरों, एक हो जाओ!' का नारा लगाते हैं, जबकि आरएसएस का श्रमिक संगठन 'मजदूरों, दुनिया को एक करो!' का नारा लगाता है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि बचपन में कुछ ना कुछ करते रहना मेरा स्वभाव था। उन्होंने कहा, 'हमारे यहां एक व्यक्ति आते थे जो डफली जैसा कुछ रखते थे और देशभक्ति के गीत सुनाते थे। उनकी आवाज बहुत अच्छी थी। अलग-अलग जगह पर उनके कार्यक्रम होते थे। मैं पागल की तरह उन्हें सुनने चला जाता था। मैं रात-रात भर देशभक्ति के गाने सुनता था। इसमें मुझे मजा आता था।' पीएम मोदी ने कहा कि ऐसा क्यों होता था, पता नहीं। ऐसे में आरएसएस की शाखा लगती थी जहां खेल-कूद तो नहीं होता था। देशभक्ति गीत बजते थे जिसे सुनकर मन को बड़ा सुकून मिलता था। ऐसे ही मेरा संघ में आना हुआ और इससे संस्कार मिले। संघ के लोगों ने बहुत कुछ सिखाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कड़े शब्दों में पाकिस्तान की लंबे समय से जारी आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली भूमिका पर निशाना साधा। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब दुनिया को इस बात में कोई संदेह नहीं रह गया है कि आतंकवाद की जड़ें कहां हैं? प्रधानमंत्री ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पाकिस्तान बार-बार आतंकवाद का केंद्र बनता रहा है, जिससे न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। पीएम मोदी ने पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा कि भारत ने शांति स्थापित करने के लिए कई ईमानदार प्रयास किए हैं, लेकिन हर बार पाकिस्तान की ओर से दुश्मनी और हिंसा का ही सामना करना पड़ा। उन्होंने लाहौर यात्रा से लेकर अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित करने तक के प्रयासों का उल्लेख किया, जो दुर्भाग्यवश निष्फल रहे। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि पाकिस्तान की जनता एक ऐसे भविष्य की हकदार है जो हिंसा और भय से मुक्त हो। उन्होंने आशा जताई कि पाकिस्तान अपनी गलतियों से सीखे और सही मार्ग को अपनाए।

### मुंबई आतंकी हमला...

अबू क़ताल को लश्कर का मुख्य ऑपरेशनल कमांडर नियुक्त किया था और नियमित रूप से उसे कश्मीर में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के निर्देश दिए थे। अबू क़ताल का नाम 2023 के राजौरी हमले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा तैयार की गई चार्जशीट में भी शामिल है।

### धामी सरकार...

गया था। मंत्री के इसी बयान को लेकर सूबे का सियासी तापमान बढ़ गया था।

कांग्रेस और कुछ अन्य संगठनों ने उनको कैबिनेट से बाहर निकाले जाने की मांग करते हुए पूरे प्रदेश में जगह जगह प्रदर्शन किए थे। हालांकि बाद में मंत्री ने अपने बयान के लिए खेद भी जताया था। बात यहां तक बढ़ गई थी कि सीएम पुष्कर सिंह धामी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा था कि उत्तराखंड की एकता को भंग करने के प्रयास करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे ऐसे लोग मंत्री, विधायक या सांसद क्यों ना हों। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के बयान को लेकर लगातार हो रहे हंगामे के कारण सरकार भी बैकफुट पर नजर आ रही थी। कांग्रेस सोशल मीडिया पर लगातार इस मुद्दे को उठाते हुए हंगामा कर रही थी। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार ने भी प्रेमचंद अग्रवाल को तलब किया था। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को संयम बरतने और उचित शब्दावली प्रयोग करने की कड़ी हिदायत दी थी।

### आज से पूरे राज्य..

अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर आएं। इस वर्ष भी बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक रविवार व अन्य अवकाशों को छोड़कर 15 जून तक क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद प्रतिदिन सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक होगी। योगी सरकार ने निर्देश दिया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। सहायता के लिए खाद्य व रसद विभाग ने टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है। केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 2425 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है। पिछले वर्ष यह मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल था। खाद्य विभाग समेत आठ क्रय एजेंसियों के द्वारा कुल 6500 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। खाद्य व रसद विभाग ने गेहूं के मूल्य भुगतान सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक खाते में 48 घंटे के अंदर करने की व्यवस्था बनाई है। इस वर्ष मोबाइल केंद्र के माध्यम से गांवों में जाकर किसानों से गेहूं खरीद होगी।

### मीडिया की भूमिका...

लोकमान्य तिलक ने जन चेतना को जागरूक करने के लिए गणपति महोत्सव का आयोजन किया। इसके अलावा लाल लाजपत राय, गणेश शंकर विद्यार्थी आदि ने अपनी लेखनी की धार से समाज को नई दिशा दी। जिस समय देश के लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा था तब समाचार समूहों ने अपनी लेखनी के माध्यम से लोकतंत्र को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। मीडिया की भूमिका और प्रासंगिकता को परिवर्तनशील माहौल में भी कभी कम नहीं किया जा सकता है। आज टेक्नोलॉजी से पूरी दुनिया में तेजी से बदलाव हो रहा है। ऐसे में मीडिया जगत में भी तेजी के साथ बदलाव हो रहा है ताकि समाज तक टेक्नोलॉजी से जुड़ करके सही तथ्यों को उन तक पहुंचाया जा सके। आज युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रही है क्योंकि उसके पास समय कम है। ऐसे में मीडिया संस्थानों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गयी है कि उन तक सकारात्मक चीजें पहुंचाई जाएं क्योंकि कुछ लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म का दुरुपयोग कर नकारात्मकता फैलाने का काम कर रहे हैं। ऐसे में मीडिया जगत अपनी जिस भूमिका के लिए जाना जाता है, उसी भूमिका के साथ उसे आगे बढ़ना होगा। यह न केवल लोकतंत्र बल्कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए बड़ा कार्य होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन और लोकतंत्र की पहली शर्त संवाद है। हम जबरन अपनी बात को किसी पर थोप नहीं सकते हैं, लेकिन संवाद से बड़े से बड़ी समस्या का समाधान कर सकते हैं। वहीं जब भी हम संवाद की भाषा से अपने आप को अलग करते हैं तो नये संघर्ष को बढ़ावा मिलता है। हमें उस संघर्ष से बचने की आवश्यकता है। ऐसे में अगर मीडिया उस संवाद की भाषा को प्रभावित ढंग से आगे बढ़ाएगी तो निश्चित रूप से बहुत सारी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। सीएम ने कहा कि संवाद को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ने का सबसे सशक्त माध्यम मीडिया है। इसके लिए जरूरी नहीं है कि एक लाख लोगों को इकट्ठा करके अपनी बात कही जाए, इसके लिए कुछ लोग ही पर्याप्त हैं। वहीं लोग करोड़ तक आपकी आवाज को पहुंचाएंगे। इसके लिए मीडिया को आगे आना होगा।

गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रीतेश मिश्र ने कहा कि जब कोई कर्मशील, प्रेरक और निःस्वार्थ व्यक्ति अपनी उपादेयता से समाज और राष्ट्र को सर्वग्राह्य होता है तो संबोधन के लिए बड़े से बड़ा पद भी उनके व्यक्तित्व की ऊंचाई का भान कराने में अपना सामर्थ्य साबित नहीं कर सकता है। सबकी वाणी और सबके मन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हम सभी के भाव ऐसे ही जुड़े हुए हैं। सुशासन, सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा विकास के अनेकाएक आयामों पर देश के सभी राज्यों के लिए नेतृत्व का अद्वितीय रोल मॉडल बन चुके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पत्रकार साथी भी महाराज जी के संबोधन से आत्मीयता का बोध करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा कहते हैं कि समय के साथ न चलने वाला हमेशा पीछे छूट जाता है। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने समय के साथ चलना शुरू किया तो आज प्रदेश की ख्याति और उपलब्धियों की चर्चा चारों ओर है। प्रेस क्लब अध्यक्ष ने अपने अबतक के अल्प कार्यकाल में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी टीम का प्रयास गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब को रोल मॉडल प्रेस क्लब बनाने का होगा।

# दिल्ली मेट्रो अपने नेटवर्क पर अर्बन फ्रेट (कार्गो) सेवाओं की शुरुआत करेगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) और भारत में अग्रणी एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स सर्विस प्रोवाइडर ब्लू डार्ट के बीच शहरी लॉजिस्टिक्स सेवा के लिए रविवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। यह सेवा डीएमआरसी और भारत के प्रमुख एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता ब्लू डार्ट के बीच होने वाले महत्वपूर्ण सहयोग का हिस्सा है। इस सहयोग के तहत, ब्लू डार्ट कम भीड़भाड़ वाले घंटों के दौरान मेट्रो ट्रेनों के माध्यम से कार्गो का परिवहन करते हुए, समय-पर पहुंचाने वाले शिपमेंट की तीव्र और अधिक विश्वसनीय मूवमेंट सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध क्षमता का उपयोग करेगा। इस अभिनव समाधान से सड़क परिवहन पर निर्भरता कम होगी, भीड़भाड़ कम होगी और



वाहनों से होने वाले उत्सर्जन पर अंकुश लगेगा। साथ ही, डीएमआरसी पर्यावरण के अनुकूल परिवहन समाधानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए अपने संसाधनों का अनुकूलन करेगी। डीएमआरसी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मेट्रो प्रणालियां, वैश्विक स्तर पर स्थिरता को बढ़ावा देते हुए राजस्व उत्पन्न करने के लिए अपनी अतिरिक्त क्षमता का उपयोग करने के तरीके खोज कर रही हैं। उदाहरण के लिए, मेड्रिड मेट्रो ने मेट्रो ट्रेनों के माध्यम से पार्सल परिवहन के लिए लॉजिस्टिक पार्टनर्स के साथ मिलकर पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत की है। जिससे सड़क यातायात और प्रदूषण में कमी आएगी। डीएमआरसी अर्बन फ्रेट ट्रांसपोर्टेशन की जानकारियों और श्रेष्ठ कार्यप्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करने के लिए मेड्रिड मेट्रो के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रही है।मेट्रो-सक्षम लॉजिस्टिक्स समाधानों और माइक्रो पार्सल हब के माध्यम से फर्स्ट-माइल और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को एकीकृत करके यह परियोजना सड़कों पर होने वाली भीड़भाड़ और शहरी प्रदूषण को कम करते हुए सप्लाई चेन की दक्षता को बढ़ाती है। इस पहल के तहत, डीएमआरसी दिल्ली-एनसीआर में एक स्थायी अर्बन फ्रेट नेटवर्क स्थापित करने के लिए अपने स्टेशनों और ट्रैक्स का लाभ उठा रहा है। इस अग्रणी मॉडल के साथ, डीएमआरसी और ब्लू डार्ट स्थिरता को नवाचार के साथ एकीकृत करके अर्बन लॉजिस्टिक्स को पुनः परिभाषित करेंगे, जिससे महानगरीय क्षेत्रों में कार्गो मूवमेंट के लिए एक हरित और अधिक कुशल भविष्य सुनिश्चित होगा।

# ब्राह्मण समाज उत्थान परिषद ने किया सदस्यता बढ़ाने का आग्रह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। ब्राह्मण समाज उत्थान परिषद की बैठक परिषद के अध्यक्ष सुभाष जोशी की अध्यक्षता में महात्मा खुशीराम लाइब्रेरी गांधी रोड में रविवार को संपन्न हुई। बैठक का संचालन महामंत्री उमा नरेश तिवारी ने किया। बैठक में अध्यक्ष सुभाष जोशी ने कहा कि ब्राहमण समाज उत्थान परिषद के सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वह परिषद की सदस्यता बढ़ाने के लिए अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें । देहरादून महानगर को पांच सेक्टर में बाट कर सदस्यता बढ़ाने का कार्य किया जाए। परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस पी पाठक ने कहा कि सदस्यता संस्था की रीढ़ की हड्डी होती है अधिक से अधिक ब्राह्मण समाज के लोगों को जोड़ने का कार्य करना है। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस पी पाठक राजकुमार तिवारी जय करण मिश्रा विजय शंकर पाण्डेय अरुण मिश्रा पवन त्रिपाठी प्रदीप शुक्ला सच्चिदानंद रतूड़ी आलोक पांडे पंडित जीवन प्रकाश शुक्ला देव मणि तिवारी गंगेश पांडे भुवनेश राम तिवारी अर्जुन तिवारी जितेन्द्र कुमार पाण्डेय शैलेश डिमरी आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एसएसबी ने प्रतिबंधित दवाओं के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। एसएसबी 56वीं बटालियन की बेला बीओपी की टीम ने शनिवार देर शाम भारत नेपाल सीमा से सटे बसमतिया इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास छापेमारी कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाओं के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। एसएसबी ने भारत नेपाल सीमा के एक किलोमीटर के अंदर गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की।एसएसबी के बेला समवाय की छह जवानों की स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई की। एसएसबी ने एक लाख 26 हजार रुपये के स्पेशमो प्रॉक्सीवन कैप्सूल 11 हजार 520 पीस,दो मोटरसाइकिल,दो मोबाइल,चार सीम कार्ड जब्त किया।एसएसबी ने मामले में बेला गांव के वार्ड संख्या चार निवासी 36 वर्षीय राम खेलावन पासवान पिता बच्चा पासवान और घुरना थाना क्षेत्र के महेशपट्टी वार्ड संख्या 14 के 26 वर्षीय ओमप्रकाश कर्ण पिता मुरलीलाल कर्ण को गिरफ्तार किया।

# इस वर्ष 175 दिन की होगी बाबा केदारनाथ की यात्रा

- 2 मई को खोले जाएंगे केदारनाथ मंदिर के कपाट
- बीते वर्ष से तीन दिन कम होगी यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। 1750 फीट की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ धाम की यात्रा इस वर्ष आगामी 2 मई से 23 अक्तूबर तक संचालित होगी। इस दौरान देश-विदेश के श्रद्धालु अपने आराध्य बाबा केदार के दर्शनों को धाम पहुंचेंगे। कोरोनाकाल में बाद से बीते तीन वर्षों से केदारनाथ यात्रा को नया आयाम मिला है। भले ही वर्ष 2024 की यात्रा में उससे पहले के दो वर्षों की तुलना में दर्शनार्थियों की संख्या कम रही, पर पूरे यात्राकाल में कपाटोद्घाटन के दिन 10 मई को रिकार्ड 29030 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं, 28 मई 2024 को केदारनाथ में रिकार्ड 38 हजार 602 शिव भक्तों ने दर्शन किए थे, जो यात्रा के इतिहास में एक दिन में सबसे अधिक दर्शनार्थियों का इतिहास है। बीते वर्ष 178 दिन की केदारनाथ यात्रा में कई विषम परिस्थितियां भी पैदा हुईं। 31 जुलाई को अतिवृष्टि के कारण हजारों यात्री पैदल मार्ग पर फंस गए थे। पैदल मार्ग से 20 दिन से अधिक यात्रा प्रभावित रही। बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह अपने चरम पर रहा। इन हालातों में इस वर्ष भी यात्रा में कई रिकार्ड बनने की उम्मीद है। बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष यात्रा आठ दिन पहले शुरू हो रही है। साथ ही कपाट भी दस दिन पहले बंद हो रहे हैं, जिस कारण यात्रा तीन कम होगी। बावजूद, मौसम और प्रकृति ने साथ दिया तो यात्रा को नया आयाम मिलेगा। श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्यधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि इस वर्ष केदारनाथ में यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शीतकालीन यात्रा के हिसाब से उम्मीद है कि इस वर्ष यात्रा में रिकार्ड श्रद्धाुल पहुंचेंगे।

# अपहरण उद्योग के आका सुशासन पर उठा रहे अनर्गल सवाल : उमेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार जनता दल यूनाईटेड (जदयू) अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने राष्ट्रीय जनता दल ( राजद) पर हमला बोला और कहा कि कानून-व्यवस्था पर अनावश्यक गाल बजाने से पहले लालू परिवार को अपने राजनीतिक गिरेबान में झांकना चाहिये। श्री कुशवाहा ने रविवार को कहा कि यह राजनीति का सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि जो खुद सत्ता में रहते हुए अपहरण उद्योग चलाते थे, वे अब सुशासन पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुये कहा कि राजद के शासनकाल में अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त था। अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए लालू परिवार उन्हें खाद-पानी देकर बढ़ावा देता था, लेकिन अब ऐसे असमाजिक तत्वों पर कानून का डंडा चल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में कानून का राज स्थापित है, और जो भी इसे चुनौती देगा, उसे अपने किए का कड़ा परिणाम भुगतना पड़ेगा। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लालू-राबड़ी शासनकाल में कई भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों को अपराधियों ने निशाना बनाया और जिसके कई उदाहरण भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में फैली अराजकता और ध्वस्त कानून व्यवस्था को देखते हुए पटना उच्च न्यायालय ने तत्कालीन शासन को 'जंगलराज' करार दिया था। जदयू अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 1990 से 2005 के बीच का दौर बिहार की जनता कभी नहीं भूल सकती। लालू-राबड़ी सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य में उद्योग-धंधे बंद हो गये, व्यापार ठप पड़ गया और रोजगार के अवसर खत्म हो गये। चूंकि विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए वह अनर्गल और भ्रामक बातें फैलाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है।

# दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प एएसआई सहित दो घायल, दस बलवाई गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। नवादा जिले में को आकोल थाने के सोखोदेवरा गांव में होली पर्व में कहासूनी को लेकर रविवार को दो दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प में ए एस आई सहित तीन घायल हो गए। जिसके बाद स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नवादा के डीएम रवि प्रकाश एवं एसपी अभिनव धीमान को स्वयं कमान कमान सम्भालनी पड़ी। फिलहाल गांव में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन पूरी तरह प्रशासनिक नियंत्रण में है। गांव में काफी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस संवेदनशील है। पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी के कहा कि



प्रशासन की मौजूदगी में दो पक्षों में रोड़ेबाजी की घटना घटित हो गई। जिसमें एक पुलिस पदाधिकारी पीटीसी रंजीत रंजन आंशिक रुप से घायल भी हो गए। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों से दस लोगों को हिरासत में लेकर कौआकोल थाना ले आई। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों में होली के एक दिन पूर्व शुक्रवार को भी सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर विवाद हुआ था। परंतु प्रशासन द्वारा उसे सुलझा लिया गया। जिसके बाद पुनः विवाद उत्पन्न हो गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार के अनुसार पर्व में अशांति फैलाने सहित विभिन्न मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## असम की जेल में बंद सात कट्टरपंथियों को पंजाब वापस लाएगी सरकार, हटेगा रासुका

चंडीगढ़। देशद्रोह के आरोप में असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तानी कट्टरपंथी अमृतपाल के सात साथियों पर लगा राष्ट्रीय सुरक्षा कानून हटाया जाएगा। अब इन्हें सामान्य कैदी की तरह पंजाब की जेल में शिफ्ट किया जाएगा। सोमवार से पंजाब सरकार इन कट्टरपंथियों को पंजाब वापस लाने की प्रक्रिया शुरू करेगी। कट्टरपंथी संगठन 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख और खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह के सात साथियों पर पंजाब सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून जारी रखने से इनकार कर दिया है। अमृतपाल सिंह और साथी पप्पलप्रीत सिंह अभी डिब्रूगढ़ जेल में ही रहेंगे, क्योंकि पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में चल रही उनकी एनएसए की अगली सुनवाई 22 मार्च को होनी है, जिसके बाद सरकार आगे फैसला लेगी।

# जत्थेदारों का सम्मान बहाल नहीं हुआ तो 28 मार्च को करेंगे एसजीपीसी का घेराव: जसपाल सिद्धू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर/नवी मुंबई। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के बाद अब महाराष्ट्र के सिख समुदाय ने भी तख्तों के जत्थेदारों के संबंध में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा लिए गए मनमाने फैसले के खिलाफ आवाज उठाई है। आज नवी मुंबई गुरुद्वारा सुप्रीम काउंसिल के अध्यक्ष भाई जसपाल सिंह सिद्धू के नेतृत्व में पूरे सिख समुदाय ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष से मांग की है कि जत्थेदारों के संबंध में लिए गए फैसले को रद्द किया जाए और पिछले जत्थेदारों को उनके पदों पर बहाल किया जाए। जसपाल सिंह सिद्धू ने कहा कि हम दमदमी टकसाल के प्रमुख संत ज्ञानी हरनाम सिंह जी खालसा के नेतृत्व में श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित पंथिक समागम में पारित प्रस्तावों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। और यदि जत्थेदारों का सम्मान बहाल नहीं हुआ तो 28 मार्च को तेजा सिंह समुंद्री हॉल के बाहर शिरोमणि कमेटी के घेराव में भाग लेंगे। उन्होंने एसजीपीसी को पत्र लिखकर कहा कि पंथिक एकता और श्री अकाल तख्त साहिब की पवित्रता के प्रति अत्यंत सम्मान और गहरी चिंता के साथ हम, नवी मुंबई गुरुद्वारों की सर्वोच्च परिषद, एसजीपीसी की कार्यकारी समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार तख्त साहिबों में जत्थेदारों की हाल ही में की गई नियुक्तियों और हटाए जाने के संबंध में अपनी कड़ी आपत्ति व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय उम्मीद करती हैं कि जत्थेदारों की नियुक्ति और हटाने की वैधता और प्रक्रिया गुरमत परंपराओं और पंथिक भावनाओं के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम भाई कुलदीप सिंह गड़गज को तख्त श्री केसगढ़ साहिब का जत्थेदार और श्री अकाल तख्त साहिब का कार्यकारी जत्थेदार तथा बाबा टेक सिंह धनौला को तख्त श्री दमदमा साहिब का जत्थेदार नियुक्त करने को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं। राजनीति से प्रेरित नियुक्तियां सिख परंपराओं या पंथिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं, तथा गद्दी तख्त की पवित्रता बनाए रखने के लिए उनका हटाया जाना आवश्यक है।

# जालंधर में इस्लाम पर टिप्पणी करने वाले यूटूबर के घर पर फेंका ग्रेनेड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। अमृतसर के मंदिर में ग्रेनेड हमले के अगले दिन रविवार सुबह जालंधर में एक यूटूबर के घर पर ग्रेनेड हमला हुआ है। इस संबंध में पंजाब पुलिस ने आधिकारिक रूप से नहीं बयान नहीं दिया है। एक पाकिस्तानी डॉन के गैंग के नाम से एक वीडियो संदेश में इस हमले की जिम्मेदारी ली गई है। इस हमले की वजह मुस्लिम समुदाय पर अपमानजनक टिप्पणी करना बताया गया है। जालंधर के रायपुर रसूलपुर में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले एक यूट्यूबर के घर पर रविवार सुबह करीब 4 बजे ग्रेनेड से हमला हुआ। ग्रेनेड की पिन निकली हुई थी। किन्हीं कारणों से उक्त ग्रेनेड फटा नहीं, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। मामले की सूचना मिलते ही जालंधर देहात पुलिस के एसएसपी गुरमीत सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रेनेड बरामद कर लिया है।हमला करने के लिए दो लोग आए थे। जिस व्यक्ति के घर पर यह ग्रेनेड फेंका गया, वह हिंदू विचारधारा का व्यक्ति है। इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी गैंग ने एक वीडियो में कहा है कि जालंधर के रायपुर रसूलपुर में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले एक यूट्यूबर के घर पर ग्रेनेड से हमला करवाया गया है। मुस्लिम समुदाय पर अपमानजनक टिप्पणी करने पर यह हमला किया गया है। वीडियो में शहजाद भट्टी ने दावा किया है कि भारत के पंजाब में जालंधर में जो ग्रेनेड हमला हुआ है, वो मैंने करवाया है। वो इसलिए फेंका गया, क्योंकि मेरे इस्लाम, मेरे खाना काबा, मेरे नबियों को गालियां देता था। खबर है कि पाकिस्तानी डॉन ने इस हमले को अंजाम देने के लिए पंजाब के मोस्ट वांटेड हैप्पी पसियां के गुर्गों की मदद ली है।

होली की हार्दिक शुभकामनाएं




होली की हार्दिक शुभकामनाएं







चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063